फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 44 प्रभात जयपुर, बुधवार 14 सितम्बर , 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



Two Terrorists

They have similarities. Ayman and Jalees became doctors in the 80's. They drifted into terrorism as students and interns.

Internet Infrastructur

The Secrets & Treasures of Tutankhamun

Replicas of the mummy of the Egyptian ruler are on display at JKK



*वैज्ञानिकों ने मादा वाइट फेस्ड कापुचिन बंदरों की लम्बी उम्र का राज खोज लिया लगता है। उनका कहना है कि मादाओं की आपसी दोस्ती उन्हें लंबे समय तक जीवित रखती है। नॉर्थवैस्टर्न कोस्टा रीका के शुष्क उष्णकटिबंधीय वनों में रहने वाले वाइट फेस्ड कापुचिन मादा बंदरों पर, युनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, लॉस एंजलिस, की एन्थ्रोपॉलजी की प्रोफेसर और फील्ड प्राइमेटॉलजिस्ट सूसन पैरी शोध कर रही हैं। उन्होंने बताया कि, हालांकि चिम्पैंज़ी और ओरांगुटान इंसान के ज्यादा करीब हैं पर वाइट फेस्ड कापुचिन बंदरों में इंसानों की तरह ही बहुत जटिल सामाजिक व्यवस्था होती है। नवीनतम शोध हाल ही में बिहेवियरल इकॉलजी में छपा है। शोधकर्ताओं ने अन्य मादाओं और नरों के साथ मादा कापुचिन बंदरों के सम्बंध और व्यवहार को जानने के लिए 18 साल के डेटा का विश्लेषण किया। मुख्य शोधकर्ता कोटरीना कजोकेट, जिन्होंने सूसन पैरी के मार्गदर्शन में यह शोध किया है, ने मुख्य निष्कर्ष यह निकाला कि, जिन मादा कापुचिन का अन्य वयस्क मादाओं के साथ मजबूत सोशल नैटवर्क होता है वे ज्यादा अवधि तक जीवित रहती हैं। मजबूत सम्बंध में वैज्ञानिकों ने लेन-देन, एक दूसरे की सार-संभाल, साथ मिलकर भोजन ढूंढना और लड़ाई-झगड़ा होने पर एक दूसरे की मदद के लिए बीच में पड़ने जैसी प्रवृतियों को शामिल किया है। हालांकि, कुछ ऐसे प्रमाण भी मिले हैं कि, जो मादाएं अपने सम्पूर्ण ग्रुप में सामाजिक रुप से अधिक जुड़ी हुई हैं, वे ज्यादा जीती हैं। तथापि, शोध का कुल मिलाकर स्पष्ट निष्कर्ष यह है कि मादाओं के आपसी संबंधों का उसके सरवाइवल पर बड़ा भारी प्रभाव पड़ता है।*

# गहलोत व पायलट के भविष्य के बारे में कई तरह की चर्चाएं जोरों पर

## पर मजे की बात यह है कि, कोई भी सदस्य दिल्ली में नहीं है। सोनिया गांधी व प्रियंका गांधी विदेश यात्रा से लौटी नहीं हैं तथा राहुल गांधी भी यात्रा पर हैं। अतः दोनों खेमों के लोगों की बातचीत किससे हो रही है?

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 13 सितम्बर। अशोक गहलोत एवं सचिन पायलट के राजनैतिक भविष्य की अटकले जयपुर के सत्ता के गलियारों में इस समय जोरों पर हैं, जबकि सोनिया गांधी अभी तक दिल्ली नहीं लौटी है तथा नई दिल्ली में भी, इस सम्बन्ध में कोई राजनैतिक चर्चा इस समय नहीं हो रही हैं।

जहाँ राहुल गांधी पद यात्रा पर हैं, वही सोनिया की माँ की मृत्यु के बाद, सोनिया एवं प्रियंका अभी तक इटली में ही हैं।

लेकिन जो चीज बिल्कुल साफ है, वह यही है कि गहलोत कांग्रेस अध्यक्ष बनने (अगर गांधी परिवार अपनी ज़िद पर अड़ा रहता है तो) के साथ-साथ, मुख्यमंत्री भी बने रहना भी चाहते हैं। इसके अलावा, उनका एजेंडा है-' सचिन पायलट को किसी भी कीमत पर मुख्यमंत्री नहीं बनने देना। उन्होंने अपने कुछ खास लोगों से कह दिया बताते हैं कि वे राज्य को सचिन के हवाले नहीं कर सकते, मानो यह राज्य हमेशा-हमेशा के लिये उन्हें दे दिया गया हो।

- **एक चर्चा के अनुसार, गहलोत ने अपने नजदीक के व्यक्ति से शेयर किया कि, वे राजस्थान सचिन पायलट के हाथ में नहीं सौंप सकते।**
- **गहलोत खेमे के अनुसार वे कांग्रेस अध्यक्ष का पद तभी स्वीकार करेंगे जबकि, उनकी मु.मंत्री पद की जिम्मेवारी भी बरकरार रहे।**
- **दूसरी ओर, सैन्ट्रल इलैक्शन अथॉरटी ने कल दोपहर में ए.आई.सी.सी. में संगठन चुनाव के लिये नियुक्त पी.आर.ओ. (प्रदेश रिटर्निंग ऑफिसर) की बैठक बुलायी है, जिसमें पी.सी.सी. के डैलिगेट्स, जो संगठन चुनाव में मतदान करने वाले हैं, की सूची थमाई जायेगी तथा चुनाव लड़ने के लिए पर्चा दाखिल करने वाले उम्मीदवारों को यह लिस्ट पी.आर.ओ. से प्राप्त हो सकेगी, बीस सितम्बर के बाद, जिससे वे चुनाव में मतदान करने वालों से सम्पर्क कर सकें।**

जयपुर में इस समय अफवाहें बहुत फैली हुई हैं लेकिन तथ्य यह है कि कांग्रेस पार्टी में बड़ी अव्यवस्था एवं किंकर्तकविमूढ़ता व्याप्त हैं।

इस बीच, पार्टी ने कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी हैं।

पार्टी के सभी पी.आर.ओ. की एक मीटिंग कल दोपहर बाद ए.आई.सी.सी. कार्यालय में बुलाई गई है। उन्हें पी.सी.सी. प्रतिनिधियों की सूचियाँ दे दी जायेंगी तथा चुनाव लड़ने वाले लोग उनसे ये सूचियाँ ले सकते हैं। मिस्त्री की अध्यक्षता वाली सैन्ट्रल इलेक्शन अथॉरिटी ने कहा है कि 20 सितम्बर के बाद, मतदाताओं की सूची केवल उम्मीदवारों को ही दी जायेगी, जिससे वे उनसे सम्पर्क साध सके।

अशोक गहलोत के समर्थक यह कह ही रहे हैं कि मुख्यमंत्री पद पर बने रहे बिना, वे कांग्रेस अध्यक्ष बनने के लिये सहमत नहीं होंगे।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# केजरीवाल ने भी दलित परिवार के घर खाना खाने की चुनावी परम्परा का निर्वाह किया

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 13 सितम्बर। भोजन की राजनीति और इस बार गुजरात में जहां चुनाव होने हैं। एक बार फिर दिख रही है।

आम आदमी पार्टी (आप) नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें शेयर की जिनमें वे अहमदाबाद में ऑटोरिक्शा चालक विक्रम दंतानी के साथ खाना खाते दिख रहे हैं।

वर्ष 2016 में जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश में मउ में एक दलित परिवार के साथ खाना खाया था तो सभी दलों ने राजनैतिक नेताओं ने उनकी तीखी आलोचना की थी। यही नहीं वर्ष 2009 में जब उन्होंने एक दलित गांव में रात बिताई थी और दलितों के साथ खाना खाया था तब भी उन पर निशाना साधा गया। पर बाद में हरेक विचारधारा के राजनैतिक दलों ने समाज के शोषित वर्गों के मतदाताओं का समर्थन व सहानुभूति हासिल करने के लिए यही तरीके अपनाएं, खासकर चुनावों के दौरान।

- **राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश के मऊ इलाके में दलित परिवार के घर भोजन किया था 2011 में और इससे पहले 2009 में भी उन्होंने एक दलित परिवार के घर रात्रि विश्राम किया था, भोजन किया था, पर उनके इन दोनों प्रयासों पर उनकी काफी खिल्ली उड़ाई गयी थी।**
- **बंगाल के विधानसभा चुनाव अभियान के दौरान अमित शाह ने वर्ष 2020 में हावड़ा जिले के डोमजुर गांव में एक रिक्शा चालक के घर भोजन किया था। फिर बंकुरा जिले के चतुर्दिनी गांव में भी अमित शाह ने एक आदिवासी परिवार के साथ भोजन किया था। वर्ष 2017 में भी प्र.मंत्री मोदी के चुनाव क्षेत्र बनारस के गांव जोगियापुर में एक दलित परिवार का भोजन पर आतिथ्य स्वीकार किया था।**
- **प्र.मंत्री मोदी ने भी काशी विश्वनाथ कॉरिडोर प्रोजैक्ट का काम पूरा होने पर, प्रोजैक्ट में कार्यरत मजदूरों व कर्मचारियों के साथ भोजन किया था।**
- **क्या अरविन्द केजरीवाल का दलित रिक्शा चालक के घर खाना खाने का यह कृत्य भी उपहास का पात्र बनेगा जैसे राहुल गांधी के साथ हुआ था, या अमित शाह व मोदी के ऐसे ही कृत्यों की तरह जनता इसे साधारण राजनीतिक प्रतीकवाद के रूप में स्वीकार कर चुप रहेगी।**

गत वर्ष पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनावों के दौरान भाजपा के मुख्य नीतिकार व केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हावड़ा जिले के दोमपुर में एक रिक्शा वाले के घर जमीन पर बैठ कर खाना खाया था। नवम्बर 2020 में शाह ने बंकुरा जिले के चतुर्दिनी गांव में एक आदिवासी परिवार के घर खाना खाया था। वर्ष 2017 में उन्होंने प्रधानमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी में जोगियापुर गांव के एक दलित के घर में खाना खाया था।

नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी और मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तक विभिन्न राजनेता आम जनता के साथ जुड़ने के लिए स्थानीय पोशाकें पहनते रहे हैं और मजदूरों या दलितों के घर खाना भी खाते हैं। गत वर्ष राशी विश्वाथ कॉरिडोर का उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री प्रोजैक्ट में काम कर रहे मजदूरों के साथ

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# 'नारे से भी डर'

जयपुर, 13 सितम्बर (का.सं.)। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मंगलवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर कटाक्ष किया। शेखावत ने मुख्यमंत्री के सलाहकार और निर्दलीय विधायक बाबूलाल नागर का वीडियो पोस्ट करते हुए शेखावत ने कहा कि अशोक गहलोत जी को किस नाम के आगे जिंदाबाद सुनने से डर लगता है?

- **केन्द्रीय गृह मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने मुख्यमंत्री के सलाहकार बाबूलाल नागर के बयान पर कटाक्ष किया कि, गहलोत को किस नाम के आगे जिंदाबाद सुनने से डर लगता है?**

गौरतलब है कि दूदू में एक सभा में विधायक नागर ने कहा कि "यहां किसी को नारा लगाना है तो केवल राजीव गांधी अमर रहें और अशोक गहलोत जिंदाबाद का ही नारा लगाना है। अगर

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# मुकुल रोहतगी दूसरी बार ऐडवोकेट जनरल नियुक्त

## तीन साल के लिये (2014 से 2017 तक) रोहतगी पहले भी ऐडवोकेट जनरल रहे हैं मोदी सरकार में

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 13 सितम्बर। सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी (67) दूसरी बार भारत का अटॉर्नी जनरल बनने के लिए सुप्रीम कोर्ट की अपनी अच्छी प्रैक्टिस छोड़ रहे हैं। वह सुप्रीम कोर्ट के शीर्ष छह वकीलों में शुमार हैं। अटॉर्नी जनरल (ए.जी.) केन्द्र सरकार में विधि अधिकारी का सबसे बड़ा पद है। वह एक अक्टूबर से पदभार ग्रहण करेंगे। वह के.के. वेणुगोपाल (91) का स्थान लेंगे जो स्वास्थ्य कारणों से 30 सितम्बर को पद छोड़ रहे हैं। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाले नैशनल डैमोक्रैटिक अलायंस (एन.डी.ए.) के वर्ष 2014 में सत्ता में आने के बाद रोहतगी के वर्ष 2014 से 2017 तक देश के 14वें ए.जी. रहे थे। दो वर्ष का सेवा-विस्तार ना मिलने को लेकर उन्होंने अपना पद त्याग दिया था, जिसके कारण वेणुगोपाल 1 जुलाई

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

- **पर, 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने सरकार के नैशनल जुडिशल अपॉइन्टमैंट्स कमिशन को रद्द कर दिया था और इसे एडवोकेट जनरल रोहतगी बचा नहीं पाये थे, इस नाकामयाबी के कारण रोहतगी को पद मुक्त कर दिया गया था, हालांकि ऑफिशियल कारण यह बताया गया था कि, रोहतगी का तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा हो गया था।**
- **लॉ की पढ़ाई मुम्बई में करने के बाद रोहतगी ने दिल्ली में योगेश कुमार सबरवाल के चैम्बर से प्रैक्टिस शुरू की थी तथा सबरवाल कालान्तर में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पद से रिटायर हुए थे।**
- **2002 में रोहतगी ने गुजरात के दंगों पर दायर मुकदमे में गुजरात सरकार की ओर से पैरवी की थी।**
- **ऐडवोकेट जनरल के अपने तीन साल के कार्यकाल में रोहतगी ने ट्रिपल तलाक, आधार कार्ड, सरकार की नोटबंदी की नीति के खिलाफ दायर मुकदमों में सरकार को जितवाया था।**

# जमानत मिली, पर रिहाई नहीं

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 13 सितम्बर। दिल्ली के मलयालम-पत्रकार सिद्दीक कप्पन, जिन्हे अभी हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने जमानत दे दी थी तथा सोमवार को एक एन.आई.ए. केस में,

- **दिल्ली के पत्रकार सिद्दीक कप्पन को एन.आई.ए. केस में सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी तथा लखनऊ के ट्रायल कोर्ट ने रिहाई के आदेश दे दिए, पर अभी भी वे जेल से बाहर नहीं आ पाएंगे।**

लखनऊ के ट्रायल कोर्ट ने रिहा कर दिया था, जेल अधिकारियों के अनुसार, तब तक लखनऊ की जेल में पड़े रहेंगे, जब तक उन्हें उस एक और केस में जमानत नहीं मिल जाती, जिसकी जाँच प्रवर्तन निदेशालय कर रहा है। मंगलवार शाम तक, उन्हें दो स्थानीय जमानतदार नहीं मिल सके, जिनके लिये लखनऊ की अदालत ने आदेश दिये थे।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# 'जनता के पैसे से एक ही भाषा का दिवस (हिन्दी दिवस) मनाना अनुचित है'

## कर्नाटक के पूर्व मु.मंत्री एच.डी. कुमारास्वामी ने मांग की कि, कर्नाटक में हिन्दी दिवस पर समारोह आयोजित करने की परम्परा को समाप्त कर देना चाहिये

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 13 सितम्बर। जैसे ही हम सोचते हैं कि भाषा का मुद्दा दक्षिण भारत में समाप्त हो रहा है, वैसे ही यह जोर पकड़ने लगता है तथा लोग "हिन्दी थोपने" का विरोध करने लगते हैं। इस प्रकार इस मुद्दे को शुरू किया है पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी. कुमारास्वामी ने, जिन्होंने बुधवार को हिन्दी दिवस समारोह रोक दिये जाने की माँग की हैं।

इस बार, चुनावाधीन राज्य कर्नाटक में इस मुद्दे का समय तथा महत्व इसलिये कुछ विशेष है क्योंकि इसे एक भावनात्मक मुद्दे के रूप में उछालने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा हैं। क्योंकि चुनावों में इसका उपयोग किया जा सकता है।

कुमारास्वामी ने केवल एक भाषा हिन्दी का समारोह, स्थानीय भाषा कन्नड़ तथा अन्य सभी भारतीय भाषाओं का अपमान बताने की कोशिश की। उन्होंने मुख्यमंत्री बासव राज बोम्मई को पत्र लिखकर हिन्दी दिवस समारोहों को रोकने की माँग की हैं।

- **क्या यह आगामी विधानसभा चुनाव में हिन्दी भाषा को थोपने के मुद्दे को उछाल कर, कन्नड़ वासियों को भावनात्मक तरीके से उत्तेजित करने का प्रयास है?**
- **कुमारास्वामी ने हिन्दी को सम्मान देने को कन्नड़ का तिरस्कार करने जोड़ा है तथा वर्तमान मु.मंत्री बोम्मई को पत्र लिखकर बुधवार को आयोजित "हिन्दी दिवस" समारोह को रद्द करने की मांग की है।**
- **कर्नाटक के शिक्षा मंत्री ने कुमारास्वामी के पत्र पर आपत्ति करते हुए कहा कि, 1949 से हिन्दी दिवस मनाया जा रहा है और अगर कुमारास्वामी इसके इतने खिलाफ थे, तो उनके पिता देवेगौड़ा जब प्र.मंत्री थे, तब उठाना चाहिये था, जिससे यह परम्परा तभी खत्म हो जाती।**
- **कांग्रेस पार्टी ने भी कुमारास्वामी की मांग को दबी जुबान से समर्थन सा दिया है।**

उन्हों कहा, 'हिन्दी दिवस मनाना कन्नड़ लोगों के लिये अपमान जनक होगा।" उन्होंने आगे कहा, "चूँकि भारत एक बहुभाषी देश है, इसलिये केवल हिन्दी का उत्सव मनाना राष्ट्रीय एकता के विरूद्ध है। पूर्व मुख्यमंत्री ने विधानसभा चुनावों से पहले इस भावनात्मक मुद्दे पर लोगों की भावनाओं को उभारने एवं भड़काने के उद्देश्य से कहा है कि हमारे राज्य की जनता के टैक्स के पैसों का उपयोग हिन्दी दिवस मनाने के लिये नहीं करें।

कुमारास्वामी ने अपने पत्र में लिखा है, "14 सितम्बर को केन्द्र सरकार-पोषित हिन्दी दिवस समारोह का कर्नाटक में जबरदस्ती मनाया जाना राज्य सरकार द्वारा कन्नड़ लोगों का अपमान माना जायेगा। मेरे खयाल से, ऐसा कोई कारण नहीं है कि कर्नाटक सरकार राज्य के करदाताओं के पैसे को हिन्दी दिवस मनाने के काम में लें।" उन्होंने कहा कि भारत में हजारों भाषा एवं बोलियाँ तथा विविध सामाजिक एवं सामाजिक परम्पराएं भारत को एक "महान संघ" बनाती हैं।

चुनावों से पहले इस भावनात्मक मुद्दे को उठाने की कोशिश करते हुये कहा, "ऐसे देश में, किसी एक भाषा का उत्सव मनाना अन्याय है।" उन्होंने कहा कि जनता के ऐसे अनेक मुद्दे एवं गम्भीर समस्याएं हैं, जिन पर सरकार को ध्यान देना चाहिये तथा केवल एक भाषा के प्रचार-प्रसार पर समय तथा पैसा बरबाद नहीं करना चाहिये। कुमारास्वामी ने कहा कि ऐसा करना अन्य सभी भारतीय भाषाओं के प्रति न्याय नहीं हैं।

ठीक पड़ोसी राज्य तमिलनाडु की तरह, कर्नाटक में भी यदा-कदा इस चीज का विरोध दिखाई देता है, जिसे भाषाई ऐक्टिविस्ट "हिन्दी थोपने" का नाम देते है, जिसका अर्थ है-केन्द्र सरकार की सेवाओं, बैंकों तथा पोस्ट ऑफिस तथा ऐसी ही चीजों का लाभ या सुविधा लेने के लिये गैर हिन्दी भाषी लोगों को हिन्दी के प्रयोग के लिये बाध्य किया जाना। अब, भाजपा को साफतौर पर हिन्दी बैल्ट की राजनैतिक पार्टी के रूप में देखा जा रहा है तथा तमिलनाडु में, और अब तो कर्नाटक में भी स्थानीय राजनैतिक दल

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# चुनाव लड़ना मूल अधिकार नहीं

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 13 सितम्बर। सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि चुनाव लड़ने का अधिकार, मौलिक अधिकार नहीं है क्योंकि इस प्रकार का अधिकार केवल विधान द्वारा दिया जाता है।

न्यायमूर्ति हेमन्त गुप्ता तथा सुधांशु धूलिया की बैंच ने कहा कि कोई व्यक्ति, बिना प्रस्ताव के, अपना नामांकन प्रस्तुत नहीं कर सकता, क्योंकि रिप्रजेन्टेशन ऑफ पीपल्स एक्ट, 1950 तथा कन्डक्ट ऑफ इलेक्शन रूल्स, 1961 के तहत यह अनिवार्य है। यह कहते हुये, अदालत ने किन्हीं विश्वनाथ प्रताप सिंह द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया तथा उन पर 1 लाख रूपये का जुर्माना

- **सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि, चुनाव लड़ना मूल अधिकार नहीं है यह अधिकार तो सिर्फ संविधान में प्रावधान से ही मिलता है।**

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## विचार बिन्दु

रोग, सर्प, आग और शत्रु को तुच्छ समझ कर कभी उसकी उपेक्षा नहीं करनी चाहिए। –सुभाषित

# राजस्थान की गूंगी, बहरी, अंधी सरकारें

राजस्थान में मोहनलाल सुखाड़िया एक लोकप्रिय, सफल, दूरदर्शी मुख्यमंत्री रहे। उनके बाद में कोई भी मुख्यमंत्री उतना लोकप्रिय नहीं हो सका। हाँ भैरोंसिंह शेखावत अवश्य सारे प्रदेश को बाँधे रहे। कुछ अल्पकालीन ही रह सके। कुछ अहँकार से ग्रस्त रहे तो कुछ मात्र शोभाऊ। कुछ मुख्यमंत्री मात्र अपने क्षेत्र तक सीमित रहे। अधिकांश मात्र सत्ता लिप्सा एवं स्वार्थ से ग्रसित रहे। ऐसा लगता है सब काम चलाऊ सरकारें रहीं। वह तो भला हो केन्द्र का कि उसकी कुछ योजनाओं व आर्थिक सहायता से कुछ हलचल राजस्थान में बनी रही, अन्यथा सारा राजस्थान निस्तब्ध और वीराना सा ही लगता रहा।

दूरदर्शिता की बात छोड़िये, सरकारें अंधी व बहरी व गूंगी सी लगती रही हैं। सरकारी दफ्तरों में सैंकड़ों प्रकरण लम्बित रहते हैं। सामान्य जनता से लेकर सरकारी कर्मचारियों–अधिकारियों के प्रकरण वहाँ धूल चाटते रहते हैं। एक विभाग से दूसरे विभाग में भेजकर टरकाने, भटकाने और लटकाने की प्रवृत्ति मिटती ही नहीं है। पानी, बिजली, सड़क, सुरक्षा, सेवा प्रकरण, अनुज्ञा, भूमि, भवन, शिक्षा व चिकित्सा एवं अन्य प्रकृति के प्रकरणों में या तो निर्णय ही नहीं होता या होता है तो अनेक माह व वर्ष में। निर्णय न होने के कारण लोगों को न्यायालयों की शरण में जाना पड़ता है, वहाँ भी त्वरित न्याय दुर्लभ है और प्रकरणों का अम्बार लगा रहता है। कई कार्यालय, व सचिवालय में लोग भटकते रहते हैं। मंत्रियों के घर पर भी दरबार लगते हैं। लोग गुलामों की तरह घिघियाते रहते हैं और सामंतशाही का नया स्वरूप अहंकार के मद में डूबा आवेदक को एक तुच्छ प्राणी मानकर कभी–कभी अपनी कृपा बरसा देता है। हाँ, सिफारिश हो, मतों का मोह हो या पैसे का तो कार्य कुछ जल्दी हो जाता है। अपवाद तो हर विभाग में होते ही हैं। परंतु सामान्यत: स्थिति बद से बदतर हुई है। जब कोई सुनने वाला ही नहीं तो जवाब कौन दे। अशिक्षित ही नहीं शिक्षित लोग भी सरकारी व्यवस्था का कोई अन्य विकल्प हो तो वहाँ जाते हैं, जहाँ उनका शोषण होता है। शिक्षा व चिकित्सा हेतु मज़दूर व किसान भी निजी स्कूल व चिकित्सकालय में जाकर अपनी हैसियत से अधिक पैसा खर्च करता है, क्योंकि वहाँ कोई सुनता तो है। वहाँ भी अधिक व्यय के बाद भी गुणात्मकता हो यह आवश्यक नहीं है। भले ही कई निजी शिक्षा व चिकित्सा संस्थानों के परिणाम निराशाजनक व नकारात्मक रहते हो, वहाँ जाने की विवशता यह है कि वहाँ उनकी कोई सुनता है। केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित रहने का कारण भी सरकार का बहरापन है।

ज़्यादातर बहरा और गूंगा दोनों लक्षण साथ पाये जाते हैं। सरकारें बहरी हैं तो गूंगी भी। वे कुछ बोलती ही नहीं, कुछ कहती ही नहीं। कहती है तो उन्हें वोट देने की बात, झूठे–झूठे आश्वासनों की बात, नये–नये प्रलोभनों की बात। 75 वर्ष में प्रत्येक सरकार ने कई घोषणा पत्रों की क्रियान्विति का वायदा किया परंतु उनमें से क्रियान्विति अत्यंत कम ही रहती है। अगले चुनाव में सरकारें और राजनीतिक दल नये–नये सपने दिखाकर जनता को मूर्ख बनाते हैं और निरंतर यही क्रम चलता रहा है। यदि सरकार बोले और सही बोलना चाहे तो पंचायत व पटवार सर्कल से लेकर प्रदेश के प्रत्येक स्तर की योजना व क्रियान्विति वह जनता को बताये तो ही जनता को यह पता लगे कि प्रदेश में व उनके क्षेत्र में क्या हो रहा है। कोई भी काम कितने समय में कितने व्यय पर हुआ और होगा यह जनता नहीं जानती। अंततोगत्वा वह कभी कितनी अवधि व कितने व्यय पर हुआ, अवधि व व्यय बढ़ते रहे तो क्यों यह भी बताया जाना चाहिये। होता यह है कि मटकी में गुड़ फूटता रहता है। जनता अँधेरे में रहती है। जनता पर व्यय भार बढ़ता रहता है, अवधि बढ़ती रहती है, साठ–गाँठ से कई कारण बता दिये जाते हैं। इसके अतिरिक्त क्रियान्विति हेतु जिम्मेदार अधिकारियों व अन्य एजेन्सियों पर गुणात्मकता, वित्त एवं अवधि संबंधी क्या जिम्मेदारी गई और उनके पूर्णत: न निभाये जाने पर क्या कार्रवाई हुई, कोई नहीं बताता। यही कारण है कि कई पुल, बाँध, सड़कें व इमारतें या तो बनती ही नहीं और कई बनते ही अथवा अल्प अवधि में ढह जाती हैं। क्या कारण है कि स्वतंत्रता से पूर्व अंग्रेज़ों अथवा अन्य राजाओं–नवाबों के समय में किये गये निर्माण आज भी मज़बूती से खड़े हैं या फिर देखरेख में लापरवाही के कारण ही क्षतिग्रस्त होते हैं। सरकारों के न बताने न बोलने के कारण ही जनता की गाढ़ी कमाई के करोड़ों रुपये हर वर्ष आंधी–तूफान, वर्षा व बाढ़ में बह जाते हैं। एक ज्वलन्त उदाहरण स्मार्ट सिटी का है। स्मार्ट सिटी के नाम पर क्या होना है, क्या हुआ, कितना पैसा लगा वह समय पर हुआ कि नहीं किसी को पता नहीं है। जो हुआ वह कैसा हुआ–सफल या असफल इसका मूल्यांकन करने वाला भी कोई नहीं है। उदयपुर के सीवेज कार्य को ही लीजिये। कई जगह पाइप चोक (बंद) हो गये हैं, गंदगी बाहर बह रही है, आगे का मार्ग भी अवरुद्ध है, जनता ने कई जगह इन कारणों से सीवेज पाइपों को ही तोड़ दिया है, कहीं वह आधा–अधूरा है। सारा शहर खुदा पड़ा है और वह भी वर्षों से, मार्ग व ट्राफिक अवरुद्ध है। कोई बोलने–बताने वाला नहीं कि यह सब कब तक होगा और कैसे ठीक होगा। प्रत्येक स्तर पर सरकारी तंत्र और जन प्रतिनिधि राज्य व केन्द्र सरकार की योजनाएँ बताने, समझाने व ईमानदारी से क्रियान्वित कराने में असफल रहे हैं, यही कारण है कि भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी को बढ़ावा मिला है और प्रत्येक योजना की सफलता तथा गुणात्मकता का अभाव रहता है।

> **राज्य व केन्द्र सरकारों को इस देश की कई समस्याओं के प्रति अपनी कुंभकर्णी नींद को त्याग कर उस समस्या का निदान और निराकरण करने की ओर तुरंत ध्यान देना चाहिये। जिला कलक्टर और एस.पी. को अपने-अपने अधिकार की कानून व्यवस्था, पार्किंग, ट्राफिक, शिक्षा, चिकित्सा, सड़क, पानी, बिजली, अतिक्रमण, स्वच्छता व कुत्तों आदि अन्य समस्याओं पर संज्ञान, निदान व निराकरण हेतु पाबंद किया जाना चाहिये।**

यह तो प्रमाणित है कि सरकारें अंधी हैं। न्याय की तुला पर आँखों पर पट्टी बांधा व्यक्ति निष्पक्षता व ईमानदारी का सूचक है, परंतु सरकारों का अंधापन मात्र बेईमानी व भ्रष्टाचार, असफलता व अकर्मण्यता का सूचक है। क्या सरकारी नौकरशाही व सरकार के जन प्रतिनिधि यह नहीं देखते कि समाज में क्या हो रहा है। सारे राज्य की सड़कें टूटी पड़ी है। उदयपुर के नगर निगम को तो पूर्णत: असफल और अभी तक का सबसे अकर्मण्य कहा जा सकता है। कुछ माह पूर्व बनी सड़कों में भी बड़े–बड़े गड्ढे हैं। अधिकांश सड़कें कमरतोड़ व वाहनतोड़ हैं। सामुदायिक केन्द्रों की देखभाल नहीं, कहीं पानी टपक रहा है तो कहीं सीवेज ही टूटा पड़ा है। नये पार्क का उद्घाटन हाल ही केन्द्रीय रक्षा मंत्री से कराया गया परंतु अधिकांश पार्कों की दुर्दशा है। आवारा कुत्तों और अन्य पशुओं की भरमार है जो दुर्घटना का कारण बनते हैं। कमोबेश यही स्थिति सारे राज्य में सुनने में आती है।

राज्य भर में पार्किंग व ट्राफिक व्यवस्था बदहाल है। क्या इसे पुलिस व प्रशासन नहीं देखता। क्या सरकारी अमला व जनप्रतिनिधि समाज के दृश्यों की अनदेखी नहीं करते। कई समस्याओं हेतु राज्य सरकार स्वयं ज़िम्मेदार है। महँगाई व बेरोज़गारी, बढ़ता आतंकवाद, अल्पसंख्यक तुष्टीकरण हेतु राज्य सरकारें भी ज़िम्मेदार हैं। क्या ट्राफिक, आवागमन, कानून व्यवस्था, शिक्षा, चिकित्सा, पानी, बिजली, सड़कों, सीवेज, स्वच्छता, अतिक्रमण, भ्रष्टाचार, सुरक्षा आदि को सरकारें खुली आँखों से देखती हैं। बताइये 75 वर्षों में राज्य में क्या–क्या नवीन हुआ है जिसने इन समस्याओं में से किसी एक का भी निदान व उपचार सरकारें कर पाई हैं। यही कहा जाना होगा कि राजस्थान राज्य की अधिकांश सरकारें कई अन्य राज्यों की तरह बहरी, गूंगी व अंधी रही हैं। अमृत महोत्सव के वर्ष 2022 तक तो सत्ताएँ समाज का विष मिटा कर अमृत प्रदान करने में असमर्थ ही रही हैं। जनता ने भी निर्वाचन में ज़िम्मेदारी नहीं निभाई है। आशा करनी चाहिये कि शताब्दी वर्ष 2047 तक सरकारें सजग, सतर्क व संवेदनशील हो सकेंगी।

इस लेख की समाप्ति तक समाचार पत्रों से उच्चतम न्यायालय द्वारा श्वानों (कुत्तों) की समस्या का संज्ञान लिया है और कुत्ते का टीकाकरण एवं किसी को काटने पर पीड़ित के उपचार का ज़िम्मेदार ठहराया है। इससे स्वप्रमाणित है कि केन्द्र व राज्य सरकारें स्वयं इस समस्या पर कितनी बहरी, गूंगी और अंधी बनी रही हैं। टीवी चैनलों पर दिल्ली में दस वर्षीय बालक को एक पार्क में कुत्ते द्वारा गंभीर रूप से घायल करने का दृश्य देश भर ने देखा होगा। राज्य व केन्द्र सरकारों को इस देश की कई समस्याओं के प्रति अपनी कुंभकर्णी नींद को त्याग कर उस समस्या का निदान और निराकरण करने की ओर तुरंत ध्यान देना चाहिये। जिला कलक्टर और एस.पी. को अपने–अपने अधिकार की कानून व्यवस्था, पार्किंग, ट्राफिक, शिक्षा, चिकित्सा, सड़क, पानी, बिजली, अतिक्रमण, स्वच्छता व कुत्तों आदि अन्य समस्याओं पर संज्ञान, निदान व निराकरण हेतु पाबंद किया जाना चाहिये। संबंधित विभाग के अधिकारी को तुरंत निलम्बित या अभिकरण को भंग करने की सिफारिश भी वे राज्य सरकार से करें तभी समस्याएँ हल होंगी।

**–अतिथि सम्पादक,**
**कैलाश विहारी वाजपेयी,**
**( स्वतंत्र चिंतक व लेखक )**

# अर्थव्यवस्था का मुख्य किरदार : उद्यमी

**देश** की अर्थव्यवस्था, रोजगार और सरकार के बजट को गति देने वाला मुख्य किरदार 'उद्यमी' के लिए हमारे देश में कोई बहुत अच्छी धारण नहीं है। मेरा मानना है, समाज में उद्यमी के लिए इस प्रकार की नकारात्मक सोच न्यायसंगत नहीं है। उद्यमी ही जन–जन की विभिन्न प्रकार की आवश्यकताओं की प्रतियोगी बाजार में काम करते हुए पूर्ति करता है। उत्पादन और विक्रय की इस प्रक्रिया से ही करोडों लोगों को रोजगार उपलब्ध करा रहा है, उन सभी का घर और संसार चल रहा है। मात्र सरकारी नौकरियों के भरोसे देश नहीं चला करते है। 140 करोड की आबादी वाले देश में मुश्किल से 3 करोड लोग सरकारी व्यवस्था में काम कर रहे है। उद्यमी अपने यहाँ अर्थात् निजी क्षेत्र में काम करने वालों को तो वेतन भुगतान करता ही है, साथ–साथ में जी.एस.टी. और आयकर के माध्यम से सरकारी कर्मचारियों के लिए भी पगार की व्यवस्था करता है।

इतना कुछ करने के बावजूद भी उद्यमी की समाज में छवि शोषक की बनी हुई है। हो सकता है कुछ उद्यमियों ने परिस्थिति विशेष का लाभ उठाते हुए खूब लाभ कमाया होगा, कर्मचारियों के वेतन में कंजूसी की होगी, परन्तु इस आधार पर कर्मवीरों की इस पूरी जमात को दोषी नहीं ठहरा सकते है। हमें उद्यमी के आलीशान मकान, बड़ी–बड़ी गाड़ियों और विलासिताओं के पीछे छिपे हुए जोखिम, तनाव, नवाचार और कर्मण्यता को भी देखना होगा। भरपूर लाभ की सम्भावना के साथ–साथ भरपूर नुकसान की सम्भावना भी उतनी ही प्रबल है।

मेरी एक सलाह है कि आलोचना के बजाय उद्यमी के वैभव से प्रेरणा लिजिए और स्वयं भी उद्यमी बनिये, किसने मना किया है। देश में किसी को भी उद्यमी बनने की छुट है। किसी प्रकार की शैक्षणिक योग्यता एवं आयु सीमा नहीं है। सरकारी नौकरी के लिए आवश्यक लिखित परीक्षा, साक्षात्कार और सिफारिश की मजबूरी भी नहीं है। फिर भी आम आदमी उद्यमी नहीं बनना चाहता है क्यों कि वह उद्यमिता के क्षेत्र में भारी मात्रा में उपलब्ध जोखिम व तनाव को झेलने की क्षमता नहीं रखता है। वह अपने कम्फर्ट जॉन से बाहर नहीं निकलना चाहता है। 24ग7 काम करने की मानसिकता नहीं है। ऐसी स्थिति में उस साहसी उद्यमी की थोडी बहुत तारीफ जरूर कीजिये, हो सकता है आपकी तारीफ उसके लिए प्रेरणा का काम करें, वह ओर अच्छे ढंग से समाज को अपनी सेवाएं प्रदान करें।

उद्यमिता एक नई सोच, नई दिशा में कुछ नया व्यवसाय प्रारम्भ करने की इच्छाशक्ति है। उद्यमिता से लोगों में साहसिक प्रवृति का जन्म होता है। नवाचार एवं सृजनशीलता के प्रति समाज में विश्वास बढ़ ता है। ओयो रूम्स के फाउण्डर रितेश अग्रवाल ने



डॉ. कैलाश सोडाणी

ठीक कहा है कि "जीवन में किसी भी तरह की रिस्क नहीं लेना ही सबसे बडी रिस्क है।" नये विचार को धरातल पर साकार करने का सफर आसान नहीं होता है। बहुत सी मुश्किलों और चुनौतियों का सामना करना होगा। निवेशकों और अपने आस–पास के लोगों को अपनी योजना से सहमत करना एक बडी चुनौती है। महज 18 साल की उम्र में रितेश अग्रवाल ने 2013 में आयो रूम्स की स्थापना की और आज कम्पनी से 10,000 से अधिक होटल जुडे हुए है। हजारों करोड का व्यवसाय खडा हो गया है।

दूसरा उदाहरण ओला के संस्थापक भाविश अग्रवाल और अंकित भाटी का है। जिनका ओला केब की स्थापना के पीछे सोच यह था कि आज के युग में व्यक्ति को रोटी, कपड़ा और मकान के बाद चौथी आवश्यकता ट्रांसपोर्ट की है। ओला की शुरूआत में लोगों ने इनका मजाक उडाया। यहाँ तक कि परिवार ने भी भारी विरोध किया कि अच्छी खासी माइक्रोसॉफ्ट की नौकरी छोडकर टैक्सी का धंधा क्यों शुरू करना चाहते हो। परन्तु भविश का लक्ष्य बहुत स्पष्ट था प्रारम्भ में ग्राहकों के फोन स्वयं अटेण्ड करना, ड्राइवर बनना जैसे छोटे–छोटे काम करते हुए आगे बढे। भाविश में काम के प्रति एक जुनून था, जो उसे 24 घण्टे दौडने के लिए विवश कर रहा था। मात्र 24 साल की उम्र में भाविश ने ओला केब्स की शुरूआत की थी। 2010 में एक बिल्डिंग के बेसमेन्ट में इस कम्पनी का शुभारम्भ हुआ और आज इसके पास 10 लाख टेक्सीयाँ है, करीब 2 लाख बुकिंग प्रतिदित प्राप्त कर रहे है। रितेश का कहना है कि "दुनियाँ का हर व्यक्ति सपने देखता है पर जो जोखिम उठाता है वहीं सफल होता है।"

जुनून और नवाचार की दुनियाँ के एक ओर शख्स की यहाँ चर्चा करना चाहूंगा और वह है पेटीएम का संस्थापक श्री विजय शेखर शर्मा। विजय के दिमाग में कैशलेस ट्रान्जेक्शन का विचार आया। 2010 में पेटीएम लाँच करके समाज को ऑनलाइन पेमेन्ट, रिचार्ज, बिल पेमेन्ट आदि की सुविधा प्रदान की। पेटीएम के उज्ज्वल भविष्य को देखते हुए रतनटाटा, अलीबाबा जैसों ने इसमें इन्वेस्ट किया है। 2017 में फोर्ब्स ने विजय शर्मा को भारत का यंगस्टर बिलेनियर घोषित किया।

उद्यमी मोलिक चिंतक और नवप्रवर्तक होता है, जो जोखिम की बाढ़ में अपनी मामूली पूँजी की छोटी सी बोट से अनजानी राहों पर यात्रा प्रारम्भ कर देता है। परिचित राह पर तलवार चमकाने वाले तो कायर होते है। सच्चे अर्थ में उद्यमी कर्मयोगी होता है। जो केवल कर्म में विश्वास करता है, फल अर्थात् लाभ मिलेगा या नहीं, ईश्वर पर छोड देता है। उद्यमी अपनी सफलताओं से शर्मिन्दा नहीं होता है, हार नहीं मानता है। अपनी धुन का पक्का खिलाडी होता है। उद्यमी सकारात्मक सोच के साथ 365 दिन काम करता है। शनिवार–रविवार उसके शब्दकोष में नहीं होते है।

उद्यमी मूलत: साहसी होता है। बिना किसी डर और भय के कार्य निष्पादित करने की क्षमता के साथ आगे बढता है। हमें यह सहर्ष स्वीकार करना चाहिये कि उद्यमियों की इन साहसिक गतिविधियों से हमारी सुविधाओं में किस तेजी से विस्तार हो रहा है। उद्यमिता सम्मान का हक रखती है। देश की शैक्षणिक संस्थाओं को नौकरी के इच्छुक प्रत्याशियों के भीड़ की जगह नौकरी देने वाले उद्यमी तैयार करने होंगे। भारत को आधुनिक एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए उद्यमिता के विचार को प्रतिष्ठा के साथ लोकप्रिय बनाना होगा।

**– डॉ. कैलाश सोडाणी**
**पूर्व कुलपति, एम.डी.एस. वि.वि., अजमेर**

# खिलाड़ियों को प्रशासन बांट रहा बैन पॉलिथिन में खाना

**बुहाना,** (निसं)। पुरानी कहावत है बाबो सैने मारै, बाबा नै कुण मारै...। जो चरितार्थ ना केवल आज के वक्त में भी हो रही है। बल्कि तस्वीरों के सामने सामने भी आ रही है। देशभर में भले ही 1 जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक बैन हो गया है लेकिन बुहाना में चल रहे ग्रामीण ओलंपिक में खिलाड़ियों व ड्यूटी कर रहे कर्मचारियों को खाना प्लास्टिक की थैलियों में पैक कर दिया जा रहा है । बडी बात यह कि प्रशासन ही इस्तेमाल करते दिखे तो कार्रवाई कौन करेगा। जानकारी के अनुसार बुहाना के राजकीय स्कूल खेल मैदान में कबड्डी व खो–खो के मैच खेले जा रहे हैं।



प्रतिबंधित प्लास्टिक की थैलियों में खाना खाते ग्रामीण ओलम्पिक के खिलाड़ी।

खिलाड़ियों के भोजन की व्यवस्था की जिम्मेदारी बीडीओ कृष्ण कुमार चावला को दी गई है। बुहाना में चौंकाने वाली तस्वीरें सामने आईं। यहां खिलाड़ियों के लिए खाना प्लास्टिक की थैलियां में पैक होकर आया। संबंधित अधिकारी से फोन पर बात हुई तो उन्होंने माना कि भोजन की व्यवस्था करना उनकी जिम्मेदारी है लेकिन जब प्लास्टिक थैलियों में खाना पैक के बारे में सवाल किया तो फोन काट दिया। दुबारा फोन करने पर फोन नहीं उठाया।

**ये हैं नियम, जो संभवतया प्रशासन पर लागू नहीं होता:-** नियमों की बात करें तो प्लास्टिक की थैलियां काफी समय से राजस्थान में बंद है लेकिन हाल ही में इसी साल 1 जुलाई से पूरे देश में ही सिंगल यूज प्लास्टिक का निर्माण, भंडारण, आयात, वितरण, बिक्री और इस्तेमाल पर पाबंदी लगाई जा चुकी है। इस दौरान अगर कोई प्लास्टिक की थैली में सामान बेचता पाया गया तो उससे जुर्माना वसूला जाता है। यदि ग्राहक इसका इस्तेमाल करते हैं तो उनसे भी जुर्माना वसूले जाने के प्रावधान किए गए है। बता दें कि इसके लिए कई विभागों को कार्रवाई के लिए अधिकृत भी किया गया है। लेकिन यहां पर इस्तेमाल करने वाला भी कार्रवाई करने वाले है। तो इन पर कार्रवाई कौन करें। यह सवाल हर किसी के जेहन में गूंज रहा है।

# आम शेयरधारकों की समस्या निदान के ठोस सुझाव

**अनेक** मेरे वरिष्ठ मित्र भौतिक शेयरों को लेकर काफी परेशान हैं। सबसे पहले भौतिक शेयरों से सम्बन्धित पीड़ा को हिन्दी में विस्तार से प्रकाशन जरूरी है इसके बाद हम सभी पीड़ा को प्रधानमन्त्रीजी तक प्रेषित करने की चेष्टा करें।

हम सभी केवल डीमेट के पक्ष में ही नहीं हैं बल्कि चाहते हैं कि सारे भौतिक शेयर डीमेट में परिवर्तित हो जाए। इसके लिये भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) एवं कारपोरेट कार्य मन्त्रालय निदान की ब्यवस्था करें।

हमारे राजनीतिक/आर्थिक/ स्टॉक एक्सचेंज विशेषज्ञों की राय पर हम अपनी –अपनी कमाई अनुसार टैक्स चुकाने के बाद जो भी बचत कर पाये उसे शेयरों में लगाया ।

सुरक्षा उद्देश्य के मद्देनजर अपने जीवनसाथी, बेटे, बेटी (जैसा भी मामला हो) के अलावा किसी भी परिवार के सदस्य के साथ संयुक्त नामों में शेयरों को रखा।

आलेख का एकमात्र उद्देश्य भौतिक शेयरों के हस्तांतरण प्रतिबंध में कुछ छूट की क्यों आवश्यकता है वाले तथ्य की सही स्थिति से अधिकारियों को अवगत कराना है।

कारपोरेट कार्य मन्त्रालय एवं भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) दोनों ने भौतिक शेयरों के ट्रान्सफर पर पूर्णतया रोक लगा रखी है जिसके चलते छोटे वरिष्ठ शेयरधारकों की समस्या बढ़ गयी।

सभी वरिष्ठ छोटे शेयरधारक अपने शेयर डीमेट कराना चाहते हैं लेकिन वे ऐसा चाहकर भी अपनी अपनी समस्याओं के चलते नहीं कर पा रहे हैं। यदि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) व कारपोरेट कार्य मन्त्रालय उनकी समस्याओं पर ध्यान दे तब डीमेट प्रक्रिया अवश्य ही गति पकड लेगी। अब पहले उनकी कुछ प्रमुख समस्याओं पर गौर कर लें......

1) छोटे वरिष्ठ निवेशकों के पास हर समय स्थान परिवर्तन के कारण कम्पनियों के बारे में सही जानकारी का हमेशा ही अभाव रहा है –

क– जिनकी नौकरी ट्रान्सफर होती रहती है उनवे डाक अस्त ब्यस्त होती है जिसके चलते सही जानकारी मिल नहीं पाती।

ख– उसके अलावा काफी कम्पनियां नाम बदल लिया तो कुछ दूसरे में मिल गयीं।

ग– इसके अलावा शेयर के मूल्य में बदलाव भी तकलीफ दे रहा है।

घ– कम्पनियों के पते भी बदल गए या रजिस्ट्रार बदल गए।

च– बहुत सी कम्पनियां बिक भी गयीं तो कुछ प्राइवेट में परिवर्तित हो गयीं।

छ– संयुक्त नाम वाले बेटे/बेटी साथ में नहीं रहते यानि सब अलग–अलग हैं।

2) पति–पत्नी के संयुक्त नाम में शेयर हैं। किसी भी कारणों से दोनों अलग अलग रह रहे हैं ।

3) अपने पुत्र / पुत्री के साथ संयुक्त नाम से शेयर हैं और पुत्र / पुत्री पढने विदेश गये सो लौट ही नहीं रहे हैं या शादी होने के बाद विदेश गये और वापस लौटना कब होगा अनिश्चित है।

4) पिता / माता की मृत्यु पश्चात बच्चों के संयुक्त नाम में शेयर पर उनके आपसी असहनशीलता के चलते समस्या हो रही है।

5) कुछ ऐसे शेयर भी हैं जिनको डीमेट करवायें तो जो चार्जेज लेगा वो उन शेयरों को बाजार भाव से ज्यादा बैठता है तब इस हालत में बेचने के



गोवर्धनदास बिनानी

समय नुकसान उठाना पडेगा।

6) ऐसी काफी कम्पनियाँ हैं जो शेयर बाजार अर्थात स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध होकर असूचीबद्ध हो गयी जिसके चलते छोटे वरिष्ठ शेयरधारक परेशानी झेल रहे हैं ।

7) असूचीबद्ध कम्पनियों के तो पते मिलना ही एक विकराल समस्या है

8) ऐसी अनेकों कंपनियां हैं जिन्होंने सेबी के कडे निर्देश के बाद डीमैट प्रक्रिया शुरू की यानी इससे पहले उनके शेयर डीमैट प्लेटफॉर्म पर थे ही नहीं।

9) अनेक कम्पनी एक ही डिपॉजिटोरी से सम्बन्धित है जिसका मतलब यदि डीमेट अकाउंट उसी डिपॉजिटोरी से सम्बन्धित है तब तो ठीक अन्यथा डीमेट सम्भव नहीं हो पाता है।

ऊपर उल्लेखित कारणों के चलते शेयर बाजार में निवेश करने वाले लाखों निवेशकों के पास अभी भी भौतिक रूप फिजिकल फॉर्म में ही कंपनियों के शेयर पडे हैं। समाचार पत्रों समय –समय पर जो पढने मिला अनुसार इस समय देश में करीब 2.70 लाख करोड रुपये के शेयर भौतिक रूप में हैं। इसलिये सरकार को पहले बुनियादी समस्याओं को हल करना चाहिये अन्यथा कडी मेहनत से किया गया निवेश शून्य में परिवर्तित हो जायेगा ।

**समस्याओं के निदान हेतु कुछ सुझाव.......**

पहले नाम यानि जिसका नाम प्रथम हो उसे संयुक्त नामों में रखे गए भौतिक शेयरों को अपने नाम में डीमैट की अनुमति दी जाय ।

कारपोरेट कार्य मन्त्रालय के साथ ही भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के वेब में सभी कम्पनियों का नाम होना चाहिए यानि जिस नाम से सबसे पहले कम्पनी सूचीबद्ध हुयी उसी से शुरू हो।

अ) ऐफिडेविट प्रक्रिया सादे कागज पर मान्य कर दी जाय जबकि इन्डेमनिटी किसी भी मूल्य के उपलब्ध स्टाम्प पेपर पर।

ब) प्रथम सूचना रिपोर्ट की आवश्यकता हटा दी जाय यानि सम्बंधित थाने में रजिस्ट्री से सूचना भेजी उसकी स्वहस्ताक्षिरत कापी के साथ रजिस्ट्री की रसीद ले लें।

स) विज्ञापन करने का दायित्व व खर्चा कम्पनीयों पर ही होना चाहिये यानि कम्पनीयां चाहें तो नज़रअंदाज़ भी कर सकें और इस तरह के शेयर भौतिक रूप में जारी ही न किये जाँय बल्कि एक म्यूचूअल फंड की तरह होल्डिंग पत्र जारी कर दे।

द) वरिष्ठों के हस्ताक्षर वाली समस्या का निदान कुछ हद तक किया गया है लेकिन अभी भी स्पष्ट दिशा निर्देश जारी करने की आवश्यकता है ।

ई) छोटे वरिष्ठ शेयरधारकों को अपने संयुक्त धारक से एक बार हस्ताक्षर लेना पडे ताकि वह आसानी से डीमेट प्रक्रिया पूरी कर सके।

सरकार/ सेबी/ स्टॉक एक्सचेंज उपरोक्त उल्लेखित सभी प्रकार की समस्याओं को दूर कर सकते हैं ।

इसी तरह और भी समस्यायें हैं उदाहरणार्थ किसी कारण से सात साल यदि डिवीडेंड का या तो पता नहीं चला या डिवीडेंड जमा नहीं कराया तो डिवीडेंड रकम के साथ साथ भौतिक शेयर भी सेबी विनिधानकर्ता (निवेशक) संरक्षण और शिक्षण निधि में सरकार के खाते में जमा हो जाता है भले ही आपके अपने नाम वाले शेयर भौतिक अवस्था में आपके पास रखे हों।

सेबी निवेशक संरक्षण और शिक्षण निधि से क्लेम प्रक्रिया को सरल बनाया जाना अति आवश्यक है ।

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) एवं कारपोरेट कार्य मन्त्रालय दोनों ही यदि डीमेट की जिम्मेदारी कम्पनियों पर डाल दें अर्थात जो भी शेयर ट्रान्सफर / ट्रान्समिशन / ट्रान्सपोजिसन के लिये आये तो उन पर कार्यवाही पश्चात डीमेट खाते में ही क्रेडिट दिया जाय तो निश्चित ही बहुत कम समय में काफी संख्या में भौतिक शेयरों से मुक्ती मिल जायेगी । अथवा डीमेट में परिवर्तन हेतु नियमों में कुछ उचित रियायत दे तो डीमेट प्रक्रिया अवश्य ही गति पकड लेगी।

सभी सम्बन्धित अधिकारियों को यह समझना चाहिये कि छोटे वरिष्ठ निवेशक डीमेट कराने की चाहत रखते हुए भी लाचार हैं और समस्याओं का उचित समाधान ही सम्पूर्ण लक्ष्य प्राप्त करवा देगा ।

मैंने कई साधनों के द्वारा (जैसे– ईमेल, ट्वीटर इत्यादि )अपनी बात भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) एवं को पहुँचाने का प्रयास किया है।

**–गोवर्धनदास बिनानी**
**राजा बाबू**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 14 सितम्बर, 2022**

आश्विनी मास, कृष्ण पक्ष, चतुरथी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2079, अश्विनी नक्षत्र प्रात: 6:57 तक, ध्रुव योग प्रात: 6:17 तक, बालव करण दिन 10:26 तक, चन्द्रमा मेष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–सिंह, चन्द्रमा–मेष, मंगल–वृष, बुध–कन्या, गुरू–मीन, शुक्र–सिंह, शनि–मकर, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

आज ज्वालामुखी योग दिन 10:26 से आरम्भ होगा। आज पंचमी और भरणी का श्राद्ध है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ–अमृत सूर्योदय से 9:19 तक, शुभ 10:51 से 12:22 तक, चर 3:26 से 4:58 तक, लाभ 4:58 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 6:15, सूर्यास्त 6:30

**मेष**
मन: स्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव दूर होगा। परिवार में चल रहा तनाव दूर होगा। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी।

**वृष**
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। मित्रों/रिश्तेदारों से मतभेद–अनबन बढ़ने का भय बना रहेगा और समय अनावश्यक खराब हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्यों पर नियंत्रण बढ़ेगा और कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य में सफलता से मनोबल बढ़ेगा।

**सिंह**
शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। शुभ कार्यों को टालना ठीक रहेगा। पारिवारिक कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कन्या**
आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि हो सकती है और अनावश्यक धन खर्च होगा। यात्रा में दुर्घटना का भय बना रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
घर–परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्य आज सुगमता से सम्पन्न हो सकते हैं। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मकर**
घर–परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं और धार्मिक–सामाजिक समारोह में भाग ले सकते हैं। व्यावसायिक परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। खान–पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**कुंभ**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिचितों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा।

**मीन**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित और अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे और कार्यों से संबंधित जिम्मेदारी मिल सकती है। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

# 'प्रधानमंत्री मोदी इतने पावरफुल कि अमेरिका, यूक्रेन और रूस ने भी उनकी बात मानी'

- कार्यकर्ताओं ने प्रतिज्ञा ली है और पीएम नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया को आश्वस्त कर दिया है कि 2023 में दो तिहाई से भी अधिक बहुमत के साथ राजस्थान में भाजपा की प्रचंड बहुमत की सरकार बनेगी : अजय भट्ट
- पूनिया ने भट्ट को आमेर आईकॉनिक टूरिस्ट डेस्टिनेशन के तहत होने वाले कार्यों को शीघ्र शुरू किए जाने का आग्रह किया

**जयपुर।** भाजपा जयपुर दक्षिण द्वारा आयोजित "मोदी 20" प्रबुद्धजन सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व, कृतित्व तथा भविष्य की दिशा को लेकर केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने जयपुर में आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान पूर्व मंत्री वासुदेव देवनानी, प्रदेश महामंत्री मदन दिलावर, एसटी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र मीणा, जयपुर देहात दक्षिण जिलाध्यक्ष रामानंद गुर्जर, जिला प्रभारी शत्रुघ्न गौतम सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

अजय भट्ट ने कहा कि, गरीब के बेटे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कुशल एवं मजबूत नेतृत्व से बता दिया कि विश्व की रैंकिंग में नंबर वन आकर की गरीब का बेटा क्या कर सकता है। प्रधानमंत्री मोदी इतने पॉवरफुल हैं कि अमेरिका, यूक्रेन और रूस ने भी उनकी बात मानी, पाकिस्तान के बच्चों ने भी अपने देश जाकर तारीफ की कि भारत के तिरंगे के चलते हम सुरक्षित अपने देश पहुंचे। पीएम मोदी के रूप में देश को स्वर्णिम अवसर मिला है, देश की सेना में बेटियां भी अब बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं, आज देश की बेटी हर क्षेत्र में अव्वल है। भट्ट ने संबोधन में कहा कि, सतीश पूनिया बहुत ही यशस्वी, मृदुभाषी और संगठन के मर्मज्ञ हैं, जो एक-एक चीज संगठन की जानते हैं, जिसमें आपने कहा कि आ गया, आ गया, शेर आ गया, आप कार्यकर्ता जो यह नारे लगा रहे थे तो मैं सतीश पूनियां के चेहरे को गौर से देख रहा था तो वास्तव में शेर जैसे ही लगते हैं, उनका व्यक्तित्व और कृतित्व कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायी है। जब सतीश पूनिया कार्यक्रम में बोल रहे थे तो मैं एक-एक कार्यकर्ता के चेहरे को पढ़ रहा था, जो वह बोल रहे थे उसका असर हो रहा था, और आप लोग दिल से स्वीकार कर रहे थे। जब आप सतीश पूनियां जिंदाबाद कह रहे हैं, एक तो यह होता है कि अध्यक्ष देख रहे हैं इसलिए हां में हां मिला रहा हूं, यहां ऐसा नहीं है, यहां आप लोग दिल से स्वीकार कर रहे हैं, आप दिल से नारे लगा रहे थे। सभी कार्यकर्ताओं ने प्रतिज्ञा ले ली है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनियां को आपने आश्वस्त कर दिया है कि 2023 में दो तिहाई से भी अधिक बहुमत के साथ राजस्थान में भाजपा की प्रचंड बहुमत की सरकार बनेगी, कमल खिलाएंगे। उन्होंने कहा कि, मैं उत्तराखंड प्रदेश का अध्यक्ष रहा हूं, नेता प्रतिपक्ष रहा हूं, तो मैं कार्यकर्ता के चेहरे को पढ़ लेता हूं, राजस्थान के कार्यकर्ताओं में खुशी है, उल्लास है और नेतृत्व के प्रति समर्पण है।

इस अवसर पर पूनियां ने अजय भट्ट को आमेर आईकॉनिक टूरिस्ट डेस्टिनेशन के तहत होने वाले कार्यों को त्वरित प्रारंभ किए जाने का आग्रह पत्र सौंपकर किया। इससे पहले अजय भट्ट और डॉ. सतीश पूनियां की जयपुर स्थित निवास पर आत्मीय मुलाकात हुई। भट्ट का पूनियां ने स्वागत एवं अभिनंदन किया।

# मिश्र से मिले प्रशिक्षु आईएएस



**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र से मंगलवार को राजभवन में भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2021 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों के छह सदस्यीय दल ने मुलाकात की। राज्यपाल ने प्रशिक्षु अधिकारियों अवहद निवृत्ति सोमनाथ, गौरव बड़ानिया, जुईकर प्रतीक चंद्रशेखर, रवि कुमार, रिया डाबी और सलुंखे गौरव रवीन्द्र को शुभकामनाएं देते हुए जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपने पदेन कर्तव्यों के प्रभावी निर्वहन का आव्हान किया। हरीशचन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान के महानिदेशक सुधांश पंत ने राज्यपाल मिश्र को इन अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यों की जानकारी दी।

# एनसीसी ट्रेनिंग गतिविधियों का अवलोकन किया अजय भट्ट ने

**जयपुर, (का.सं.)।** राष्ट्रीय कैडेट राजस्थान निदेशालय के सुबोध महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एयर कमोडोर ललित कुमार जैन, उप महानिदेशक ने केन्द्रीय रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट का स्वागत किया तथा राज्य में संचालित एनसीसी ट्रेनिंग गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। एनसीसी कैडेट्स द्वारा इस उपलक्ष्य पर गार्ड ऑफ ऑनर एवं सांस्कृतिक प्रोग्राम प्रस्तुत किया गया।

भट्ट ने इस अवसर पर राजस्थान के मेधावी कैडेट्स और साहसिक कैडेट्स को सम्मानित किया जिन्होंने मानव सेवा एवं जीवन रक्षा में अपने कौशलपूर्ण निर्णय एवं आत्मविश्वास से अनुकरणीय योगदान दिया है।

उप महानिदेशक एनसीसी ने बताया कि इस वर्ष एनसीसी अपना गौरवमयी 75 वीं वर्षगांठ महोत्सव मना रहा है जिसके अंतर्गत वर्षभर अनेक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इसके तहत हाल ही में कैडेटस ने एक भारत श्रेष्ठ भारत शिविर के दौरान दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।

उन्होंने बताया कि साथ ही एनसीसी के राष्ट्रव्यापी प्रोग्राम के तहत राष्ट्र के जलाशयों, नदियों, झीलों, समुद्र के किनारों को नियमित स्वच्छ रखने के लिए पुतिन सागर अभियान में कैडेट्स बढ़-चढ़ कर भागीदारी ले रहे हैं तथा शहीदों को शत शत नमन: अभियान में तहत राज्य के हर छोटे से छोटे गांव में भी जाकर देश पर अपनी जान कुर्बान करने वाले अमर शहीदों के परीवार जनों को प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया जा रहा है एवं उनकी हर संभव सहायता एवं मार्गदर्शन किया जा रहा है।

इनके साथ ही इस वर्ष एनसीसी की ट्रेनिंग में नवीन तकनिकी को शामिल कर कैडेट्स को उम्दा किस्म की ट्रेनिंग देने के उद्देश्य से प्रत्येक ग्रुप मुख्यालय के दूर-दराज क्षेत्रों जैसे चुरु, श्रीगंगानगर सहित अन्य क्षेत्रों में फायरिंग सिमूलेटर वायू एवं नौसेना ट्रेनिंग हेतु प्रत्येक युनिट में फ्लाइंग सिमूलेटर एवं रॉविंग सिमूलेटर स्थापित किये जा रहे हैं।



केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने मंगलवार को सुबोध महाविद्यालय के प्रांगण में एनसीसी कैडेट्स को प्रेरित किया।

रक्षा राज्य मंत्री का सुबोध महाविद्यालय प्रांगण में एनसीसी कैडेट्स को प्रेरित करने के लिए एस.एस.बोथरा प्रिंसिपल डॉ. के.बी.शर्मा एवं संयोजक विनोद लोदा ने आभार व्यक्त किया।

## 'होम्योपैथी चिकित्सकों की सेवानिवृत्ति आयु कम क्यों?'

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने होम्योपैथी चिकित्सकों की सेवानिवृत्ति आयु एलोपैथी चिकित्सकों के समान 62 साल नहीं करने पर राज्य सरकार से जवाब तलब किया है। अदालत ने प्रमुख वित्त सचिव, प्रमुख कार्मिक सचिव, प्रमुख आयुर्वेद सचिव और होम्योपैथी निदेशक को 11 अक्टूबर तक इस संबंध में जवाब पेश करने को कहा है। जस्टिस प्रकाश गुप्ता और जस्टिस अनूप ढंड की खंडपीठ ने यह आदेश डॉ.प्रदीप कुमार मिश्रा व अन्य की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता नितेश गर्ग ने अदालत को बताया कि पूर्व में एलोपैथी चिकित्सकों के सेवानिवृत्त होने की आयु साठ साल थी। राज्य सरकार ने 31 मार्च 2016 को एक अधिसूचना जारी कर इनकी सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाकर 62 साल कर दी।

वहीं सुप्रीम कोर्ट ने आयुर्वेद चिकित्सकों की सेवानिवृत्ति उम्र भी 62 साल करने के आदेश दे रखे हैं। इसके अलावा राजस्थान हाईकोर्ट ने गत 13 जुलाई को राज्य सरकार को आदेश देकर प्रदेश के आयुर्वेद चिकित्सकों की सेवानिवृत्ति आयु भी 62 साल करने के आदेश दिए थे। जबकि होम्योपैथी चिकित्सकों की सेवानिवानिवृत्ति आयु अभी तक साठ साल ही रखी हुई है।

# 'तोड़-फोड़ मामले में कोटपूतली नगर परिषद 20 सितम्बर तक जवाब पेश करे'

## हाईकोर्ट ने कोटपूतली नगर परिषद के खिलाफ दायर 39 याचिकाओं पर सामूहिक सुनवाई करते हुए आदेश पारित किये

-यादवेन्द्र शर्मा-

- इस मामले में याचिकाकर्ता का कहना है कि तोड़-फोड़ गैर कानूनी है तथा पीड़ितों को भारी मुआवजा मिलना चाहिये या ध्वस्त इमारतों के पुनर्निर्माण करे
- अदालत ने कहा कि वह इन मामलों पर विस्तृत सुनवाई के बाद आदेश पारित करेगा

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने कोटपूतली नगर परिषद के खिलाफ अवैध रूप से बिना नोटिस दिये इमारतें ध्वस्त करने से संबंधित 39 याचिकाओं पर सुनवाई हुई। न्यायाधीश महेन्द्र कुमार गोयल ने सभी 39 याचिकाओं को 20 सितम्बर को एकसाथ प्रथम मामला लिस्ट करने को कहा है, ताकि इस मामले पर विस्तृत तरीके से बहस हो सके और फिर अदालत अपना आदेश पारित कर सके।

आज सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार को सभी 39 याचिकाओं के संबंध में अपना जवाब अगली तारीख से पहले प्रस्तुत करने को कहा है। वही दूसरी और याचिकाकर्ताओं के वकील अर्चित बोरा ने अदालत को कहा कि नगर परिषद द्वारा इमारतों को तोड़ने की कार्रवाई बिलकुल ही गैर कानूनी है। उन्होंने अदालत को आगे कहा कि ऐसे मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सभी याचिकाकर्ताओं और पीड़ित को भारी मुआवजा दिया जाता है। उन्होंने कहा कि अदालत ध्वस्त की गई इमारतों की क्षतिपूर्ति के लिये नगर परिषद को ही पुनर्निर्माण के आदेश दें।

अदालत ने कहा कि वह सभी मामलों को एकसाथ सुनेगी उसके बाद ही सभी पहलुओं पर अपना आदेश पारित करेगी। अब ये मामला 20 तारीख को अदालत में सुबह सबसे पहले सुना जायेगा।

# 1.45 करोड़ रुपए देने के आदेश

**जयपुर, (का.सं.)।** जिले की मोटर दुर्घटना मामलों की विशेष अदालत ने केन्द्र सरकार को आदेश दिए हैं कि सेना के ट्रक से हुई दुर्घटना में मारे गए पुलिस निरीक्षक के आश्रितों को एक करोड़ 45 लाख रुपए क्षतिपूर्ति के तौर पर अदा करे। इसके साथ ही अदालत ने क्षतिपूर्ति राशि पर ब्याज भी अदा करे। अदालत ने यह आदेश स्वाति कंवर व अन्य की क्लेम याचिका पर दिए।

याचिका में कहा गया कि उसके पति भगवती सिंह पुलिस में निरीक्षक पद पर तैनात थे। घटना के दिन 5 सितंबर 2019 को वह अपने पति के साथ कार में बैठकर जैसलमेर की तरफ से आ रहे थे। इतने में पोकरण की तरफ से आ रही आर्मी के ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। जिसके चलते भगवती सिंह की मौत हो गई और याचिकाकर्ता स्वाति कंवर के चोट आई। इसलिए उसे क्षतिपूर्ति दिलाई जाए।

## झोटवाड़ा में विधवा का देहशोषण

**जयपुर।** झोटवाड़ा इलाके में एक विधवा महिला से देहशोषण का मामला सामने आया है। पुलिस में महिला ने रिपोर्ट दी है कि पति की मौत के बाद पर्वत सिंह ने नजदीकी बढ़ाई और शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया।

# आयकर छापेमारी के बाद 18 करोड़ की अघोषित आय सरेंडर?

- मिड-डे-मील सप्लाई में गड़बड़ी और वित्तीय अनियमितताओं की शिकायत पर गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र यादव और उनके रिश्तेदारों व उनसे जुड़े ठिकानों पर गत बुधवार से रविवार तक छापेमारी की कार्रवाई हुई थी।
- सूत्रों के मुताबिक आयकर विभाग ने अब तक 110 करोड़ रु. की अघोषित आय पकड़ी है, हालांकि जब्त रिकॉर्ड व दस्तावेजों के मुताबिक इसे 175 करोड़ रु. माना जा रहा है।

**जयपुर (कासं)।** गृह राज्यमंत्री राजेंद्र यादव के रिश्तेदारों और उनसे जुड़े ठिकानों पर आयकर छापों के बाद कारोबारी फर्म के पार्टनर्स ने 18 करोड़ रुपए की अघोषित आय सरेंडर कर दी है। मीडिया में चल रही चर्चाओं के अनुसार मंत्री राजेन्द्र यादव के ठिकानों पर यह कार्रवाई नहीं की गई है, क्योंकि वहां ऐसा कुछ नहीं था। आयकर टीमों ने अब तक करीब 110 करोड़ रुपए की अघोषित आय पकड़ी है। हालांकि विभाग अघोषित आय की रकम 175 करोड़ रुपये मानकर अपनी जांच कर रहा है। इस पूरी छापेमार कार्रवाई के दौरान इनकम टैक्स अफसरों ने 2.90 करोड़ रुपए की नकदी और 1.25 करोड़ रुपए मूल्य की ज्वैलरी भी जब्त की है।

चर्चाओं के अनुसार कोविड पीरियड के दौरान मिड-डे मील सप्लाई में गडबड़ी और अनियमितताओं की सूचनाओं पर आयकर विभाग ने बुधवार से रविवार तक 5 दिन छापेमार कार्रवाई की। अब कागजी और लीगल कार्यवाही करने में विभाग जुटा है। बुधवार को देशभर में 63 ठिकानों पर छापेमारी की कार्रवाई शुरू की गई थी। जिसमें राजस्थान के 5 शहरों-जयपुर, कोटपूतली, बहरोड़, भीलवाड़ा, पाली में 40 ठिकानों पर छापे मारे गए। इनमें से सबसे ज्यादा 30 ठिकाने जयपुर में थे। बनीपार्क, सी-स्कीम, वीकेआई एरिया, सहकार मार्ग, मालवीय नगर, सिविल लाइंस समेत कई जगह यह छापेमारी हुई। भीलवाड़ा में भी किराणा व्यवसायियों के ठिकानों पर छापे डाले गए। हरियाणा में 10, महाराष्ट्र में 11, उत्तराखण्ड में 2 ठिकानों पर छापे डाले गए। सूत्रों का कहना है कि गृह राज्य मंत्री राजेंद्र यादव के रिश्तेदार कोटपूतली में पोषाहार और मिड डे मील की फैक्ट्री चलाते है। लॉकर्स से इनवेस्टमेंट डॉक्यूमेंट्स और प्रॉपर्टी के पेपर्स भी मिले है, जिनकी पड़ताल की जा रही है। अब तक जब्त दस्तावेजों के आधार पर विभाग 175 करोड़ रुपए तक अघोषित आय मान रहा है। उधर गृह राज्यमंत्री राजेंद्र यादव का दावा है कि मिड-डे-मिल के सामान की पैकिंग और सप्लाई का काम उनकी कंपनी नहीं कर रही है। उनके कारोबार में कोई गड़बड़ी नहीं है। अगर राजनीतिक द्वेषता के चलते यह कार्रवाई हुई, तो इसका विरोध करेंगे।


नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


## 'निःशुल्क एम्बुलेंस राज्य सरकार की जिम्मेदारी'

**जयपुर।** बारां के जिला अस्पताल में शव ले जाने के लिए एंबुलेंस न मिलने और परिजनों के शव लेकर भटकने पर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने राज्य सरकार पर तीख प्रहार किया। शेखावत ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में गरीबों के लिए एंबुलेंस मुहैया कराना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है।


कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत-तृतीय राजस्थान आवासन मण्डल
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर, दूरभाष संख्या :- 0141-4901853
आम जाहिर सूचना
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या 2/क/26 जवाहर नगर, जयपुर क्षेत्रफल 263.00 वर्ग गज का आवंटन डॉ. सुधा माथुर (उर्फ सुधा वी. जैन) पुत्री श्री मदन गोपाल माथुर को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1972 दिनांक 15.07.1974 जारी किया गया था। तत्पश्चात श्रीमती सुधा वी जैन पत्नी श्री विनोद जैन के द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 25.09.1992 को करवाया गया। तत्पश्चात श्रीमती सुधा वी. जैन पत्नी श्री विनोद जैन के द्वारा उक्त आवास का बेचान अलग-अलग विक्रय पत्रों के माध्यम से श्री घनश्याम गुप्ता पुत्र स्व. श्री छगनलाल गुप्ता को किया गया। उक्त विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर प्रथम में दिनांक 30.10.1992 को करवाया गया। तत्पश्चात श्री घनश्याम गुप्ता पुत्र स्व. श्री छगनलाल गुप्ता के द्वारा उक्त आवास का बेचान श्री सुभाष गोलेछा पुत्र श्री सज्जन मल को कर, विक्रय पत्र का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर पंचम में दिनांक 25.02.2014 को करवाया गया। श्री सुभाष गोलेछा पुत्र श्री सज्जन मल के द्वारा मण्डल अभिलेख में उक्त आवास का हस्तान्तरण अपने पक्ष में करने का निवेदन किया गया है। अतः उक्त हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता- श्री सुभाष गोलेछा पुत्र श्री सज्जन मल के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। सम्पदा प्रबंधक- वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
कमांक 7041 दिनांक 26.08.2022
जाहिर आम सूचना
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 52/130 (HIG), (एरिया 83.293 वर्गमीटर) प्रताप नगर सांगानेर का आवंटन श्री सोहनलाल बुनकर पुत्र श्री भींवाराम को किया जाकर आवंटन पत्र कमांक 6566 दि. 31.12.2001 को जारी किया गया। श्री सोहनलाल बुनकर की मृत्यू दिनांक 26.04.2021 को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री सतीश कुमार पुत्र स्व. श्री सोहनलाल द्वारा उक्त आवास को स्वयं के नाम हस्तांतरण करने हेतु निवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तांतरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए कि मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है श्री सतीश कुमार पुत्र स्व.श्री सोहनलाल का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक वृत प्रथम, राज.आवा. मण्डल, जयपुर

सूचना स्वर्गीय श्री श्रीचंद जैन के पुत्र सन्नी जैन ने आशियाना टाउन, भिवाड़ी में अपनी माँ श्रीमती दर्शन जैन के साथ संयुक्त रूप से 3 बीएचके फ्लैट खरीदा। अब वह नहीं रही और उनकी मृत्यु के बाद रजिस्ट्री सन्नी जैन के नाम पर की जाएगी। संपत्ति का पता-टी-859, 8 वीं मंजिल, टावर नं.15, आशियाना टाउन, थडा, भिवाडी-301018 एचडीएफसी लोन फाइल नं। है- 656855073, यदि किसी को आपत्ति हो तो कृपया इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 7 दिनों के भीतर एचडीफसी लिमिटेड, प्लॉट नं.एसपी-54, आशियाना आर्केड, रीको चौक, भिवाड़ी, अलवर राजस्थान को सूचित करें।

खोया पाया
मेरे फ्लैट नंबर एस-10 लालपुरिया गगन अपार्टमेंट, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 जो की धर्मेंद्र अग्रवाल पुत्र प्रभुदयाल अग्रवाल के पंजीकरण के मूल कागजात 02.09.22 को खो गए थे। मिलने पर सुचित करे 966497634
फ्लैट सं.28/ST/L/287, सतलुज अपार्टमेन्ट, प्रताप नगर सांगानेर जयपुर की ओरिजनल भोतिक कब्जे कि प्रति कही गुम हो गयी है। सम्पर्क-हमीद-9079034561
नवभारत गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड जयपुर का आवंटन पत्र 19 की रसीद कहीं पर खो गई है मिलने पर सूचित करें श्रीमती राधा देवी पत्नी कमल किशोर बेदी मोबाइल नंबर 9414543001

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त-प्रथम
राजस्थान आवासन मण्डल, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक-7422 दिनांक-12.9.2022
जाहिर आम-सूचना राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, योजना में आवास/फ्लैट संख्या 194/75 (LIG) का आवंटन श्री भीवाराम कुम्हार पुत्र श्री गोरधन राम कुम्हार को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 4775 दिनांक 30.11.2004 को जारी किया गया था। उनके पक्ष में पंजीयन पत्रों निष्पादन दिनांक 31.5.2005 को उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम जयपुर के यहां पंजीकृत करवाया गया। श्री भीवाराम कुम्हार की मृत्यु दिनांक 26.7.2007 को हो जाने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती सीता देवी पत्नी स्व.श्री भीवाराम कुम्हार द्वारा आवासन मण्डल में अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास का हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति /पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही हैं। श्रीमती सीता देवी पत्नी स्व.श्री भीवाराम कुम्हार का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत-प्रथम, राज.आवा.मण्डल, जयपुर, सांगानेर जयपुर

नाम परिवर्तन
मैंने अपना नाम देवेन्द्र कुमार अग्रवाल पुत्र ईश्वर लाल से बदलकर देवेन्द्र कुमार सिंघल रख लिया है भविष्य में मुझे देवेन्द्र कुमार सिंघल के नाम से जाने जावे। पता-5, गली नं.18, बरकत नगर, टोंक रोड, जयपुर
मैंनें अपना नाम आनन्द कुमार जैन से बदलकर आनन्द कुमार बालचन्द डागा रख लिया है। भविष्य में मुझे आनन्द कुमार बालचन्द डागा पुत्र बालचन्द बनेचन्द डागा के नाम से जाना जावे।पता-जी-04, रोज, मंगलम आनन्दा, सांगानेर रेल्वे स्टेशन के पास, सांगानेर, जयपुर
मेरा नाम मानस सैनी है जो की त्रुटिवश मुल कागजो मे मयंक सैनी लिख गया है। आज से मुझे मानस सैनी के नाम से जाना पहचाना जाए मानस सैनी पुत्र मेहर चन्द सैनी प्लाट नं.2 सीताराम कॉलोनी प्रथम टोंक रोड सांगानेर जयपुर
मैने अपना नाम नरेश कुमार से बदलकर नरेश कुमार खण्डेलवाल रख लिया है, भविष्य में नरेश कुमार खण्डेलवाल पुत्र श्री द्वारका प्रसाद निवासी-131, शिल्प कॉलोनी, झोटवाड़ा, जयपुर राज. जाना जावे।
मैं गौरव सिंह, 17, मोहल्ला राजपुतानी नारेहडा, जयपुर (राज.) 303105 अपना नाम Gaurav Singh से बदलकर Gaurav Singh Tanwar रख लिया भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे।
मैंने विवाह के पश्चात अपना नाम अल्का पुत्री श्री धर्मवीर से बदलकर अल्का सुहाग रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। निवास-71 बी तेजाजी नगर, महेश नगर के पास, जयपुर (शपथ पत्र दिनांक 09.09.22)
I have changed my name from Asha Garg to Asha Rani Garg W/o Jagmohan Garg for all purposes. Address: Plot No. 81/39, Patel Marg, Mansarovar, Jaipur.
Indra Bahadur Thapa Serving Indian Army as per My Service Document My Wife Name is Gita Devi but as per Civil Documents My Wife Name is Gita Devi Thapa. I want to Change My Wife name Gita Devi to Gita Devi Thapa in My Service Documents.





# बाजरे का भाव कम होने पर किसान भड़के, मंडी यार्ड पर जड़ा ताला

## मंडी प्रशासन और व्यापारियों पर मिलीभगत का आरोप

**हिंडौन सिटी** (निस)। कैलाश नगर स्थित कृषि उपज मंडी में बाजरे की जींस को लेकर आए दूरदराज के किसानों की जींस को नीलामी के दौरान 1725 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से नीलामी की जा रही थी। अचानक नीलामी में बाजरे का भाव 1300 रूपए क्विंटल करने से गुस्साए किसानों ने हंगामा कर दिया और कृषि उपज मंडी के मुख्य द्वार को बंद कर प्रदर्शन किया। हंगामे को देख कर मंडी प्रशासन को पुलिस बुलानी पड़ी। कृषि उपज मंडी समिति सचिव ने व्यापारियों एवं मंडी व्यापार संघ के अध्यक्ष तथा किसानों की बैठक ली। जहां ऑफिस में जमकर बवाल मचा।

इस दौरान किसान तेज सिंह, ओम प्रकाश, विजय सिंह, कल्याण प्रसाद, कप्तान सिंह, दिलीप सिंह, रूप सिंह आदि ने बताया कि नीलामी प्रक्रिया शुरू हुई तब बाजरे के भाव 1772 रुपए प्रति किवटल की नीलामी थी। अचानक भाव 1725 रुपए हो गया। नीलामी करने वाले व्यापारियों व कर्मचारियों ने अचानक बाजरे के भावों में गिरावट करते हुए 1300 रुपए प्रति किवटंल की खरीद शुरू कर दी जिससे गुस्साए किसानों ने हंगामा कर दिया और नीलामी रुकवा दी।



कृषि उपज मण्डी अध्यक्ष ने पुलिस की मौजूदगी में किसानों से समझाइश की।

- **सुबह भाव 1772 से खोला लेकिन बाद में 1300 रुपये प्रति क्विंटल खरीदना शुरू कर दिया**

मंडी के मुख्य गेट पर ताला लगाकर किसानों ने हंगामा किया। प्रदर्शन करते हुए मंडी समिति एवं व्यापारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसानों ने आरोप लगाया है कि मंडी व्यापारी अपनी मनमर्जी से फसल को खरीदने के लिए भावों में लगातार गिरावट कर रहे हैं। जिसके कारण उन्हें मंडी का मुख्य द्वार बंद करना पड़ गया। खरीद नहीं हो पाने से किसानों की फसल बरसात से भीग गई। जिससे किसान को काफी खामियाजा न भुगतना पड़ा । सूचना पर कोतवाली थाना प्रभारी गिर्राज प्रसाद नई मंडी थाने के उपनिरीक्षक नीरज शर्मा मय जाप्ते के कृषि उपज मंडी पहुंचे।

कृषि उपज मंडी अध्यक्ष रामगोपाल ने बताया कि बाजरे की फसल की ज्यादा आवक होने के कारण और बरसात आने के कारण नीलामी रद्द कर दी गई सुबह भाव 1772 से खोला और 1725 पर बंद हुआ 1725 रुपए पर फसल को किसानों से खरीदा जा रहा था । किसी भी व्यापारी द्वारा कोई भी भाव में गिरावट नहीं की गई।

# सेशन शुरू होने के तीन महीने बाद भी टीचर्स के पद खाली

- **नए सीनियर सैकंडरी स्कूल में नहीं है लेक्चरर**

**बीकानेर,** (कासं ) शिक्षा विभाग ने काफी जोर-शोर के साथ प्रदेशभर के सैकंडरी स्कूल्स को सीनियर सैकंडरी में तब्दील तो कर दिया लेकिन अब यहां लेक्चरर की पोस्टिंग करना भारी पड़ रहा है। राज्यभर में सिर्फ लेक्चरर बल्कि ग्रेड सेकंड व प्रिंसिपल तक के पद खाली पड़े हैं। हालात ये है कि शहरी स्कूलों में स्टूडेंट्स कम है और टीचर्स ज्यादा है, जबकि गांवों में सैकड़ों स्टूडेंट्स होने के बाद भी टीचर नहीं है। अकेले लेक्चरर के करीब ग्यारह हजार पद खाली पड़े हैं। राज्य में अभी 53 हजार 881 लेक्चरर के पद स्वीकृत है, जिसमें 42 हजार 242 लेक्चरर के पद भरे हुए हैं यानी 11 हजार 639 पद खाली पड़े हैं।

इसी सेशन से राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी सैकंडरी स्कूल को सीनियर सैकंडरी बना दिया। ग्रामीण क्षेत्र के सैकंडरी स्कूल में ही पद खाली थे, ऐसे में सीनियर सैकंडरी बनते ही रिक्त पदों की संख्या बढ़ गई। हर नए सीनियर सैकंडरी स्कूल में विषय के हिसाब से न्यूनतम तीन लेक्चरर और एक प्रिंसिपल का पद दिया गया। इन चारों पदों पर गांवों में बहुत कम लेक्चरर पहुंचे। जिन लेक्चरर को पिछले दिनों ट्रांसफर करके दूरस्थ गांवों में पदस्थापित किया गया था, उनमें से अधिकांश ने अपना तबादला वापस शहर या फिर शहर से सटे गांवों में करवा लिया। लेक्चरर के रिक्त ग्यारह हजार पदों में से दस हजार सिर्फ गांवों में खाली है।

शिक्षा विभाग में सबसे ज्यादा हालात तबादलों के बाद बिगड़ा है। बड़ी संख्या में लेक्चरर व ग्रेड सेकंड के ट्रांसफर के बाद राज्यभर के गांवों में टीचर्स की कमी आई है।

राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर के माध्यम से छह हजार पदों को भरने की कवायद चल रही है। इसके बाद ही पढ़ाई कुछ हद तक पटरी पर आएगी। आयोग ने 26 विषयों के लिए 11 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक एग्जाम का निर्णय किया है। ऐसे में दिसम्बर-जनवरी तक ही ये लेक्चरर स्कूल तक पहुंच पाएंगे।

# शराब निस्तारण मामले में अतिरिक्त कोषाधिकारी निलंबित

- **पूर्व में एएसपी, एसएचओ व मालखाना इंचार्ज हो चुके हैं निलंबित**

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिले के बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में गत दिनों लाखो रुपयों की शराब को निस्तारण करने के मामले में उक्त नष्ट की गई शराब के बेच से मिलती जुलती शराब कोटाम्बा में पकड़ी गयी ।

राज्य सरकार के गृह सचिव के निर्देश पर एएसपी मीणा को निलंबित कर मुख्यालय जयपुर कर दिया था वही पुलिस अधीक्षक ने इस संबंध में जिला कलेक्टर को भी पत्र लिख कर शराब निस्तारण के मामले में उपखंड अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, कोषाधिकारी सहित पैनल में नियुक्त अधिकारियों को भूमिका पर भी कार्यवाही के लिए लिखा था जिस पर राज्य सरकार के संयुक्त शासन सचिव नीलेश शर्मा ने मंगलवार देर शाम को एक आदेश जारी कर अतिरिक्त कोषाधिकारी जितेंद्र कुमार मीणा को निलंबित करते हुए उनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश जारी किए है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में ही शराब कारोबारियों से प्रकरण को हल्का करने के मामले में दो सी आई व दो कॉन्स्टेबल लाखो रुपयों की रिश्वत लेते हुए एसीबी की टीम ने पकड़ा था । पुलिस के इन कारनामो से जिले की तो बदनामी हो ही रही है साथ ही अपराधों पर रोक नहीं लगने से जन मानस में छवि भी धूमिल होती जा रही है।

# नहर में कटाव, खेतों में फैला पानी

- **किसानों ने कोशिश कर नहर को बांधा**

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले की एच नहर की क्यू माइनर के दस क्यू मोघे के पास आए कटाव से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इससे किसानों की बारियों पर असर पड़ा वहीं आसपास के कुछ किसानों के खेतों में भी पानी भर गया। हालांकि कुछ ही समय में नहर बांध दिए जाने से किसानों को बड़ा नुकसान नहीं हुआ।

एच नहर इलाके में किसानों को सोमवार को दस क्यू के पास नहर टूटने की जानकारी मिली। इस पर तुरंत सिंचाई विभाग के अफसरों को इसकी सूचना दे दी गई। मौके पर विभाग के अफसरों के पहुंचने से पहले ही किसानों ने नहर बांधने की व्यवस्था शुरू कर दी। सुबह करीब छह बजे के आसपास नहर टूटने की जानकारी मिलने के बाद किसानों ने जेसीबी मशीन की व्यवस्था की और नहर बांधना शुरू किया। सुबह दस बजे तक नहर बांध दी गई थी। गंगनहर के प्रोजेक्ट चेयरमैन हरविंद्र सिंह ने बताया कि हालांकि नहर टूटने से आसपास के खेतों में पानी फैला लेकिन किसानों को बड़ा नुकसान नहीं हुआ। कुछ किसानों की पानी बारियों पर इसका असर जरूर पड़ा है।

# पत्नी की हत्या की फिर किया सुसाइड

## हाइवे पर ट्रेलर के नीचे आकर पति ने किया सुसाइड

- **मृतक की जेब से मिला सुसाइड नोट**

**पावटा,** (निसं)। पावटा कस्बे के वार्ड न. 3 सीएचसी के पीछे शिवनगर में पति ने चाकू से अपनी पत्नी की हत्या कर दी। इसके बाद उसने हाइवे पर ट्रेलर के नीचे आकर सुसाइड कर लिया। मर्डर और सुसाइड की घटना को लेकर इलाके में सनसनी फैल गई।

सूचना पर कोटपुतली डीएसपी संध्या यादव व प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह यादव ने मय जाब्ता मौके पर पहुंचकर मौका मुवायना कर दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कोटपुतली बीडीएम अस्पताल भिजवाया। वहीं महिला की हत्या का पता उसके पति की जेब से मिले सुसाइड नोट से चला। जिसमें लिखा हुआ था कि मैंने अपनी पत्नी को मार दिया और मैं खुदकुशी कर रहा हूं। सुसाइड नोट को पढ़कर कोटपुतली डीएसपी डॉ. संध्या यादव व प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह यादव मय जाप्ता मृतक के घर पहुंचे जहां घर से कुछ दूरी पर बने पशुओं के बाडे में महिला की लाश पड़ी मिली जिसमें चाकू लगा हुआ था। मृतका के शरीर पर चाकू से अंधाधुंध वार किये हुए थे।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार विराटनगर के नवरंगपुरा निवासी 48वर्षीय मुंशीलाल मीणा पुत्र सुणीलाल मीणा अपने परिवार के साथ पावटा कस्बे के वार्ड तीन स्थित शिवनगर में रहता था। सोमवार दोपहर को मुंशीलाल मीणा ने अपनी पत्नी मीरा देवी की घर के पास बने पशुओं के बाड़े में चाकू से अंधाधुंध वार कर हत्या कर दी। इसके बाद वह बावडी के पास हाइवे पर जाकर ट्रेलर के सामने आ गया। ट्रेलर की टक्कर से उसकी मौत हो गई। वहीं मंगलवार को कोटपुतली बीडीएम अस्पताल में शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौपा। फिलहाल हत्या के मामले में पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# सड़क हादसे में तीन की मौत

**जोधपुर,** (कासं) । शहर के निकटवर्ती डीपीएस सर्किल के पास में मंगलवार की दोपहर में स्कूल से बेटी को लेकर लौट रहे पिता और चाचा की बाइक को तेल टेंकर चालक ने चपेट में लेकर कुचल दिया। हादसे में दो की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीसरे ने अस्पताल में दम तोड़ा। हादसे के बाद घटनास्थल पर काफी लोगों का जमावडा हो गया। घटनास्थल पर हंगामेदार स्थिति बन गई। घटना के बाद लोग काफी आक्रोशित भी हुए। टेंकर का चालक मौके से भाग गया । आक्रोशित लोगों ने टैंकर पर जमकर पथराव किया। मौके पर पुलिस बल को तैनात किया गया है।

एसीपी प्रतापनगर प्रेमधणदे ने बताया कि पाल बाइपास खडकी निवासी 35 साल का जोराराम पुत्र वोराराम मेघवाल अपनी दस साल की बेटी मनीषा को स्कूल से लेने के लिए अपने भाई 20 साल के अर्जुन के साथ निकला था। यह तीनों बाद में बाइक पर सवार होकर डीपीएस चौराहा से होते हुए घर पाल बाइपास पर आ रहे थे। तब एक टेंकर के चालक ने चपेट में ले लिया। हादसे में मनीषा और उसके चाचा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घायल पिता जोराराम को अस्पताल पहुंचाया गया जहां उसने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

# सुविधा विहीन मैदान पर खेलने को मजबूर हुए खिलाड़ी

**मालपुरा,** (निसं)। ग्रामीण क्षेत्र में छिपी खेल प्रतिभाओं को निखारने एवं खेल कौशल का प्रदर्शन किये जाने का अवसर प्रदान करने के लिए राज्य सरकार ने भले ही प्रदेश का सबसे बड़ा खेल महाकुंभ राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल प्रतियोगिता आयोजन के लिए लाखों रुपये का बजट ब्लॉक स्तर पर आवंटित किया हो लेकिन आयोजकों द्वारा खिलाड़ियों के प्रति बेरूखी के कारण सुविधा विहीन खेल मैदान पर खेलने को खिलाड़ियों की मजबूरी का मामला सामने आया है।

- **ग्रामीण ओलम्पिक के लिए लाखों का बजट होने के बावजूद खिलाड़ियों की अनदेखी**
- **सुरक्षा की दृष्टि से महिला पुलिस व महिला नर्सिंग स्टाफ की तैनाती नहीं**



मालपुरा में आयोजित ब्लॉक स्तरीय ग्रामीण ओलम्पिक में पथरीली जमीन पर खेलते खिलाड़ी।

मालपुरा ब्लॉक स्तर पर ग्रामीण ओलम्पिक खेल आयोजन के लिए विभाग की ओर से अनुमानित सवा से डेढ़ लाख का बजट आवंटित किये जाने के बावजूद पंचायत समिति प्रशासन व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सहित उपखण्ड प्रशासन ने सीनियर सैकेण्डरी स्कूल के खेल मैदान पर विभिन्न खेलों के लिए खेल मैदान सुव्यवस्थित तैयार नहीं करवाने तथा कबड्डी के लिए खेल ग्राउन्ड पर बालू मिट्टी नहीं डलवाने से कंकरीट भरे पत्थरनुमा मैदान पर खिलाड़ी खेलने पर विवश हैं जगह-जगह से चोटिल भी हो रहे हैं।

इतना ही नहीं बड़ी संख्या में छात्रा खिलाडी होने के बावजूद खेल मैदान पर सुरक्षा की दृष्टि से महिला पुलिस व महिला नर्सिंग स्टाफ की तैनातगी नहीं होने जैसी घौर लापरवाही सामने आई है। भारी अनियमितताओं के बावजूद जिला व उपखण्ड प्रशासन द्वारा लापरवाह आयोजकों पर विभागीय कार्यवाही नहीं करना व ग्रामीण खिलाड़ियों की सुविधा के प्रति अनदेखी करने से ग्रामीणों व खिलाड़ियों मे प्रशासन के प्रति भी गहरा रोष व्याप्त है।

# एनआईए ने विक्की बराड़ के घर की जांच-पड़ताल

## मूसेवाला हत्याकांड में गैंगस्टर्स का आतंकी कनेक्शन सामने आने के बाद छापेमारी

**हनुमानगढ़,**(निसं) पीलीबंगा कस्बे से 5 किलोमीटर दूर डिंगा गांव के गैंगस्टर विक्रम बराड़ के घर एनआईए टीम ने जांच-पड़ताल की। सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में लॉरेंस समेत अन्य गैंगस्टर्स का आतंकी कनेक्शन सामने आने के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की ओर से देशभर में गैंगस्टर्स के ठिकानों पर छापेमारी की गई। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली के अलावा राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एनआईए की ओर से छापेमारी की गई। हनुमानगढ़ जिले की पीलीबंगा तहसील के गांव डिंगा में एनआईए की टीम ने गैंगस्टर विक्रमजीत उर्फ विक्की बराड़ के घर जांच-पड़ताल की। टीम ने विक्की बराड़ के पिता जगराज सिंह बराड़ से पूछताछ की।

पीलीबंगा कस्बे से 5 किलोमीटर दूर डिंगा गांव के गैंगस्टर विक्रम बराड़ के घर एनआईए टीम की कार्रवाई का पता चलते ही पीलीबंगा पुलिस ने विक्की बराड़ के मकान के बाहर सिक्योरिटी बढ़ा दी। बताया जा रहा है कि विक्रम बराड़ अभी देश से बाहर है। पूछताछ के बाद एनआईए की टीम वापस लौट गई।

राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मामला होने के कारण स्थानीय पुलिस अधिकारी भी एनआईए टीम की छापेमारी के संबंध में अधिक जानकारी नहीं दे पाए। जानकारी के अनुसार मूसेवाला हत्याकांड के बाद लॉरेंस समेत अन्य गैंग का नाम सामने आया था। जानकारी मिली कि मूसेवाला की हत्या के लिए हथियार बाहर से आए थे। जांच में पाकिस्तान से हथियार सप्लाई के सबूत मिले थे। इस पर एनआईए की कई टीमें सोमवार को एक साथ दिल्ली, एनसीआर, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान में गैंगस्टर के कई ठिकानों में पहुंची और जांच-पड़ताल की। परिजनों से पूछताछ की। पुलिस के मुताबिक विक्की बराड़ लॉरेंस ग्रुप का गैंगस्टर है। वह राजस्थान के कुख्यात गैंगस्टर आनंदपाल सिंह का भी करीबी रह चुका है।

देशभर में बराड़ पर 24 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। महाराष्ट्र, पंजाब, दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा और उत्तरप्रदेश की पुलिस उसे ढूंढ रही है। । बॉलीवुड सुपर स्टार सलमान खान और उनके पिता सलीम खान को धमकी देने के मामले में भी विक्की बराड़ का नाम सामने आया था।

# नशीला पदार्थ पिलाकर दोस्त की पत्नी से बलात्कार, आरोपी गिरफ्तार

**अजमेर,** (कासं)। क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस ने मंगलवार को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर अपने ही दोस्त की पत्नी से जयपुर की होटल में बलात्कार करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।

क्रिश्चियन गंज थाना प्रभारी अरविंद चारण ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले का खुलासा करते हुए बताया कि एसपी के निर्देशन में कार्रवाई कर राती डांग निवासी शंकर रावत पुत्र बुद्ध सिंह को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी चारण ने बताया कि क्षेत्र में रहने वाली पीड़ित महिला ने थाने में रिपोर्ट देते हुए बताया कि उसके पति को पुलिस थाना क्लॉक टॉवर ने एक मुकदमे के तहत न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा था। उसके बाद पति की जमानत के लिए पति के दोस्त शंकर सिंह रावत से बातचीत कर उसके साथ जयपुर गई। जहां पर शंकर सिंह रावत उसे अपने साथ एक होटल में ले गया। वहां शंकर सिंह रावत द्वारा कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ गलत काम किया और धमकी दी कि यह बात किसी को बताई तो पति की जमानत नहीं होने देगा।

थाना प्रभारी अरविंद चारण ने बताया कि दर्ज प्रकरण में पुलिस टीम द्वारा आरोपी की तलाश के लिए तकनीकी सहायता और मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए आरोपी शंकर सिंह रावत पुत्र बुद्धा सिंह रावत को गिरफ्तार कर लिया।

# तंबाकू व्यवसायी के ठिकानों पर स्टेट जीएसटी का छापा




स्टेट जीएसटी की टीम ने एक साथ पांच जगहों पर छापा मारा।

**झुंझुनूं,** (निसं)। झुंझुनूं में स्टेट जीएसटी जयपुर की टीम ने छापामार कार्रवाई की है। जिसके बाद व्यापारियों में हड़कंप मच गया। मंगलवार सुबह झुंझुनूं शहर के तंबाकू उत्पाद व्यवसायी के घर, गोदाम व दुकान समेत पांच ठिकानों पर स्टेट जीएसटी की टीम ने एक साथ छापे मारे।

जानकारी के मुताबिक स्टेट जीएसटी की टीम को काफी समय से सूचना मिल रही थी कि झुंझुनूं का एक तंबाकू व्यापारी हरियाणा से कर चोरी की खैनी लाकर बेच रहा है। जिस पर टीम ने कारूंडिया रोड स्थित व्यापारी के गोदाम, बोम्बे कॉम्पलेक्स के पास स्थित मकान तथा कपड़ा बाजार के समीप तीन दुकानों पर एक साथ छापे मारे गए। यह कार्रवाई जयपुर स्टेट जीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर गजानंद मीणा के नेतृत्व में की गई। ठिकाने ज्यादा होने के कारण सर्च ऑपरेशन में झुंझुनूं टीम की भी मदद ली गई है। फिलहाल टीम मीडिया से कार्रवाई को लेकर कुछ साझा नहीं कर रही है। लेकिन कार्रवाई के बाद टीम इस मामले में खुलासा करेगी। ऐसी उम्मीद की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक कार्रवाई जारी थी।

बहरहाल, इस कार्रवाई के बाद व्यापारियों में, खासकर गुटखा, पान मसाला, सिगरेट और खैनी आदि के व्यापारियों में हड़कंप मच गया है।

# प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के साथ की मारपीट

## विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ने घटना होने से ही इनकार कर दिया

**अलवर,** (निसं)। बगड़ राजपूत गांव में आयोजित ब्लॉक स्तरीय ग्रामीण ओलंपिक खेल प्रतियोगिता के दौरान खालसा नगर गांव की कबड्डी टीम को विपक्षी नंगला बंजीरका गांव की टीम एवं उसके समर्थकों द्वारा दौड़ा-दौड़ा कर पीटा, घटना में कई खिलाड़ी घायल भी हो गये। लेकिन मौके पर मौजूद शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ने राजनीतिक दबाव में घटना होने से ही इनकार कर दिया। जबकि घटना के दौरान मौके से अनुपस्थित तहसीलदार ने अपने कार्मिकों से आई रिपोर्ट के आधार पर घटना होना माना है जबकि प्रधान नसरू खान ने फोन ही रिसीव नहीं किया।

- **खालसा नगर गांव की कबड्डी टीम को विपक्षी नंगला बंजीरका की टीम एवं उसके समर्थकों ने दौड़ा-दौड़ा कर पीटा**



चोटिल खिलाड़ियों को इलाज के लिए रामगढ़ सीएचसी में भर्ती कराया।

मारपीट की घटना के बाद चोटिल खिलाड़ियों को इलाज के लिए रामगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां करीब आधा दर्जन चोटिल खिलाड़ियों का प्राथमिक उपचार किया गया।

घटना से आक्रोशित सिलोरा सरपंच कृष्ण यादव ने सीएचसी पर पहुंचे तहसीलदार धीरेंद्र कर्दम को जमकर खरी-खोटी सुनाई। पूर्व सरपंच यादव ने बताया कि खालसा नगर टीम के खिलाड़ियों को दौड़ा-दौड़ा कर विपक्षी नंगला बंजीरका की टीम एवं उनके समर्थक समुदाय विशेष के लोगों ने पीटा। घटना में कई खिलाडी घायल हुए, लेकिन घटनास्थल पर मौजूद जिम्मेदार अधिकारी सीबीईओ रमेश चंद गांधी एवं प्रधान नसरू खान सहित पुलिसकर्मी मौन रहे। बगड राजपूत गांव में आयोजित ग्रामीण ओलंपिक खेल के मुख्य आयोजनकर्ता सीबीईओ रमेश चंद्र गांधी से जब घटना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इस तरह की किसी भी झगडे से पूरी तरह इंकार कर दिया । उन्होंने बताया कि इस तरह की कोई भी घटना आयोजन के दौरान मौके पर नहीं हुई। यदि कुछ बाहर हुआ है तो पता नहीं।

# डीडवाना में खिलाड़ियों को परोसा बासी भोजन

- **राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों में सामने आया मामला**
- **खिलाड़ियों ने खाने का बहिष्कार किया**

**डीडवाना,** (निसं)। प्रदेश के मुखिया अशोक गहलोत नागौर जिले के दौरे पर रहे और नावां में उन्होंने राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों का शुभारंभ भी किया मगर दूसरी और डीडवाना में चल रहे राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक में खिलाड़ियों के लिए भोजन में बदइंतजामी देखने को मिली ।

डीडवाना के राजकीय बांगड उच्च माध्यमिक विद्यालय में खिलाड़ियों को पंचायत समिति डीडवाना की और से खाने के जो पैकेट बांटे गए, वो एक दिन पुराने ओर बासी हैं । खाने के पैकेट्स से बदबू आ रही है और खाने में सब्जी औऱ पूड़ी पर फफूंद जमी हुई बताई जा रही है। इस दौरान कणवाई गांव से खेलने आई हॉकी टीम के खिलाड़ियों ने बासी खाने पर रोष जताते हुए खाने का बहिष्कार कर दिया। खिलाड़ियों ने बासी खाने के पैकेट खेल मैदान पर ही छोड़ दिए और निजी स्तर पर खाने का इंतजाम कर खाना खाया है। दूसरी तरफ बाकी अन्य टीमों को भी यही खाना दिए जाने की सूचना मिल रही है।

# जयपुर से अपहृत युवक को झालावाड़ में बंधक बनाकर पीट रहे थे बदमाश

## भवानी मंडी पुलिस ने डग रोड पर कार में बंधक बने विराट शर्मा को छुड़वाकर जयपुर पुलिस को सौंपा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। करणी विहार पुलिस ने जयपुर से अपहृत युवक को झालावाड़ से छुड़वाकर एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने हथियारों की नोंक पर चित्रकूट निवासी विराट शर्मा का अपहरण किया था। उसे सकुशल छोड़ने के बदले में पीड़ित की पत्नी शिखा श्रीवास्तव से 50 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। इसके बाद पीड़िता ने करणीविहार थाने में मामला दर्ज कराया था। इसी बीच एक अपहरणकर्ता झालवाड़ पुलिस के हत्थे चढ़ गया, जिसके कब्जे से विराट को भी छुड़वाया गया। झालवाड़ पुलिस की सूचना पाकर जयपुर की टीम भी वहां पहुंची और आरोपी सलमान पुत्र निसार खान देपालपुर इंदौर मध्यप्रदेश को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक पिस्टल, तीन जिंदा कारतूस और बटनदार चाकू बरामद किया हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर अन्य बदमाशों की तलाश में जुट गई हैं।



जयपुर से युवक का अपहरण करने वाले एक बदमाश सलमान को झालावाड़ पुलिस टीम ने हथियारों के साथ दबोचा।

पुलिस अधीक्षक झालावाड़ ऋचा तोमर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सलमान पुत्र निसार खान देपालपुर इंदौर मध्यप्रदेश का रहने वाला है। 13 सितंबर को थानाधिकारी भवानीमंडी महेश को सूचना मिली थी कि डग रोड पर पचपहाड़ निवासी पप्पू के खेत पर चार पांच व्यक्ति बैठे हुए है। इस पर पुलिस मौके पर पुहंची तो आरोपी वहां से भागने लगे। इस पर पुलिस ने एक आरोपी सलमान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से पिस्टल, कारतूस और चाकू बरामद कर लिया। पुलिस को पास में एक कार खड़ी मिली, जिसमें एक घायल युवक पड़ा हुआ था। पुलिस ने पूछताछ की तो उसने अपना नाम चित्रकूट निवासी विराट शर्मा बताया। 9 सितंबर को जयपुर से इन लोगों ने सलमान, सादिक, साहिल, अजहर, शाहरूख, वसीम हथियारों की नोक पर अपहरण कर परिजनों से 50 लाख रुपए मांग रहे थे। पुलिस ने घायल विराट को अस्पताल में भर्ती करवाया और जयपुर की करणी विहार थाना पुलिस को सूचना दी।

- 6 बदमाशों ने किया था अपहरण, युवक की पत्नी से 50 लाख रुपये की फिरौती भी मांगी थी
- पुलिस ने एक अपहरणकर्ता को दबोचा; पिस्टल, तीन जिंदा कारतूस और चाकू बरामद

विराट ने पुलिस को बताया कि 8 सितंबर को साहिल, सादिक, अजहर, शाहरूख वसीम ने इसी गाड़ी के जयपुर से अपहरण करके लाए थे। वह परिवार वालों से 50 लाख की फिरौती मांग रह थे। अलग-अलग स्थानों पर ले जाकर उसे टॉर्चर कर रहे थे। सुबह खेत पर पटककर उसके साथ मारपीट कर रहे थे।

जयपुर पश्चिम डीसीपी वंदिता राणा ने बताया कि आम्रपाली नगर गांधी पथ निवासी विराट शर्मा (40) का अपहरण हुआ था। विराट की पत्नी शिखा श्रीवास्तव (38) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में बताया कि प्रेग्नेंट होने के कारण वह ज्यादा डर गई थी। इसी कारण धमकी भरे कॉल कर फिरौती मांगने के बारे में शिकायत नहीं दी थी। बताया जा रहा है कि विराट ऑनलाइन साइट्स पर बिजनेस करता है। 8 सितम्बर की शाम करीब 4 बजे वह घर से एक्टिवा लेकर निकला था। शाम करीब 7:15 बजे तक वापस नहीं लौटा तो उसकी पत्नी ने कॉल किया। बात होने पर बताया कि स्कूटी पंचर हो गई है, थोड़ी देर में आ रहा हूं। पत्नी ने रिपोर्ट में बताया कि एक घंटे बाद दोबारा बात होने पर घबराए हुए लगे। विराट बोले की मोबाइल बैटरी डिस्चार्ज हो रही है, इसलिए बात नहीं हो पाएगी। मैं कुछ देर में आता हूं। उसके बाद मोबाइल स्विच ऑफ हो गया।

परिचितों और रिश्तेदारों को कॉल कर विराट के बारे में पूछा, लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला। अगले दिन 9 सितम्बर की शाम करीब 7:45 बजे से धमकी भरे कॉल आने शुरू हो गए। कॉल कर 45 लाख रुपए की फिरौती मांगी गई। कहा कि हमारे लड़कों ने तुम्हारे पति को उठा लिया है। यदि सही सलामत चाहती हो तो जल्दी से जल्दी पैसों का इंतजाम कर दो। ये बात किसी को मत बताना। उन्होंने पति विराट से भी बात करवाई। विराट ने भी पैसों का इंतजाम करने के लिए कहा। डर के मारे समझ नहीं आया। लगातार धमकी भरे कॉल आने पर फैमिली फ्रेंड्स को बताया। लोगों से बात करने पर 11 सितंबर की देर रात करणी विहार थाने में मामला दर्ज करवाया।

पुलिस ने तुरंत एफआईआर दर्ज की। पुलिस की टीमें विराट की तलाश में जुट गईं। किडनैपर्स के धमकी भरे कॉल करने वाले मोबाइल नंबरों की लोकेशन निकलवाई तो उत्तर प्रदेश के जौनपुर की लोकेशन आई। इसके तुरंत बाद दूसरी लोकेशन झालावाड़ की आई। झालावाड़ भेजी दूसरी पुलिस टीम को कामयाबी हाथ लगी। झालावाड़ में एक खेत में खड़ी कार में विराट को बंधक बना रखा था। विराट के साथ मारपीट की गई थी।

# पुलिसकर्मी बनकर घर में घुसे तीन बदमाशों ने महिला पर बंदूक तानी

## हल्ला सुनकर पड़ौसी आए तो फरार हुए बदमाश, मामला दर्ज

**जयपुर** (कासं)। कालवाड़ रोड पर मंगलम सिटी में मंगलवार को पुलिसकर्मी बनकर बदमाश एक फ्लैट में घुस गए और महिला पर पिस्टल तान दी। जब हल्ला हुआ तो बदमाश मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर करधनी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस को बदमाशों की कार व उनके सीसीटीवी फुटेज मिले है। जिसके आधार पर पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है।

- कालवाड़ रोड पर मंगलम सिटी का मामला, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही करधनी पुलिस

मंगलम सिटी स्थित डी-103 बिल्डिंग के फ्लेट एफ-2 में यह वारदात हुई। पीड़ित भंवर सिंह नरूका ने करधनी पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित ने बताया कि मंगलवार दोपहर 12 बजकर 40 मिनट पर उनके फ्लेट पर एक पुलिसकर्मी आया। उस समय घर पर उनकी पत्नी बृजेश कंवर व उनकी माता चंद्रमुखी मौजूद थी। उनकी पत्नी ने फ्लेट के अंदर का गेट खोला, बाहर का जाली का दरवाजा नहीं खोला। जाली के दरवाजे के भीतर रहकर पुलिसकर्मी से बात की।

पुलिसकर्मी ने कहा कि वह करधनी पुलिस थाने से आया है और उनके पति भंवर सिंह से बात करनी है। बृजेश कंवर ने कहा कि वह नहीं है। इस पर उसने भंवर सिंह का नंबर मांगा। फिर उसने झूठ में नंबर मिलाकर कहा कि यह नंबर तो नहीं मिल रहा, दूसरा नंबर दिजीए। दूसरा नंबर मिलाकर वह झूठ में भंवर सिंह से बात करने का दिखावा करने लगा। पुलिसकर्मी ने कहा कि भंवर सिंह आप ट्राइटन मॉल में हो। बृजेश कंवर को पुलिसकर्मी पर इसलिए विश्वास हो गया कि भंवर सिंह की एक दुकान ट्राइटन मॉल में है। इसके बाद पुलिसकर्मी ने महिला से पानी पिलाने के लिए कहा। महिला ने पानी लाकर पिलाया तो दुबारा पानी पीने के लिए ओर कहा।

जब दुबारा महिला पानी लेकर आई तो पुलिसकर्मी ने महिला का हाथ पकड़ लिया और महिला को धक्का देकर जबरन फ्लेट में घुस गया। फ्लेट में घुसने पर पुलिसकर्मी ने महिला पर पिस्टल तान दी। इस दौरान दो बदमाश ओर फ्लैट में घुस गए। इस दौरान बृजेश कंवर व उसकी सास चंद्रमुखी जब चिल्लाई तो पडौसी भागकर आने लगे। जिन्हें देखकर तीनों बदमाश फ्लेट से निकले और बिल्डिंग के नीचे खड़ी कार में बैठकर फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि उसके फ्लेट पर 10 सितंबर को भी दो लोग आए थे। उस समय उनकी मां चंद्रमुखी अकेली घर पर थी। जिसने अंदर का दरवाजा खोला था, जाली का गेट नहीं खोला था। बदमाशों ने कहा था कि वह जनगणना के लिए आए है, उन्हें जानकारी लेनी है। इस पर सास चंद्रमुखी ने जब पुत्रवधु बृजेश कंवर को कॉल किया तो बदमाश यह कहकर निकल गए थे कि वह बाद में आएंगे।

करधनी थानाधिकारी बनवारीलाल मीणा ने बताया कि वारदात में शामिल सिल्वर कलर की कार का नंबर आरजे 32 टीए 2011 है। जो जांच में फर्जी निकला है। यह नंबर कोटपूतली की एक गाड़ी का निकला है। बदमाश जब आए तो झोटवाड़ा से मंगलम सिटी की तरफ की लोकेशन दिखाई दे रहीं है। वारदात के बाद जब बदमाश वापस गए तब उनकी लोकेशन मंगलम सिटी से हाथोज होते हुए कालवाड़ की तरफ जाते हुए दिख रहीं है। पुलिसकर्मी बनकर आए बदमाश की नेम प्लेट कमल नाम से है और उसके पास बंदूक दिखाई दे रहीं है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रहीं है। पुलिस ने करीब 50 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज निकाले है।

# डेढ़ करोड़ की धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। मानसरोवर थाना पुलिस ने डेढ़ करोड़ रूपए की धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहे शातिर ठग राजेश जैन को करीब 5 किलोमीटर कार से पीछा कर मालवीय नगर से गिरफ्तार किया है। एसीपी (मानसरोवर) हरिशंकर ने बताया आरोपित राजेश जैन ने अपने जीजा विकास पाटनी के साथ मिलकर अमृत नगर कॉलोनी में एक प्लॉट का सौदा किया था। आरोपी राजेश जैन ने पहले से बेचे गए इस मकान को 1 साल बाद दोबारा परिवादी दीपक सिंघल को बेच दिया। आरोपी ने 333 वर्ग गज के प्लॉट के फर्जी दस्तावेज तैयार कर पट्टे की फर्जी कॉपी दी। इकरार नामा कर डेढ करोड रुपए सौंप दिए। जैसे ही परिवादी इस प्लॉट पर कब्जा करने आया तो पता चला राजेश जैन ने 1 साल पहले ही यह प्लॉट किसी अन्य शख्स को बेच रखा है। जिसका जेडीए ने मूल पट्टा भी जारी कर दिया था। मुकदमा दर्ज होते ही आरोपित फरार हो गया। मंगलवार को उसके मालवीय नगर स्थित एक पार्क में वह पत्नी से मिलने आया था, सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो वह गाड़ी लेकर भागने लगा। पुलिस ने करीब 5 किलोमीटर दूर पीछा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित राजेश जैन खुद को महावीर कैंसर हॉस्पिटल के ट्रस्ट का दत्तक पुत्र बताता था।

# 'लम्पी वायरस को गौवंश की महामारी घोषित करे सरकार'



विप्र सेना ने केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट को ज्ञापन सौंपकर लम्पी वायरस से गौवंश को युद्धस्तर पर बचाने की मांग की।

**जयपुर** (कासं)। विप्र सेना प्रमुख सुनील तिवाड़ी ने मंगलवार को केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट को ज्ञापन देकर गौवंश में फैल रही लम्पी बीमारी को महामारी घोषित कर गायों को बचाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्यवाही करने की मांग की है।

- 'लम्पी पीड़ित गौवंश के लिए 100 से अधिक विधानसभा क्षेत्रों में निःशुल्क दवा बांट रही है विप्र सेना'

सुनील तिवाड़ी ने कहा कि गौवंश में तेजी से फैल रहे लम्पी रोग से राजस्थान में गौवंश पर गम्भीर संकट आ गया है। प्रदेश में 50 प्रतिशत से अधिक गायें इस रोग से ग्रसित है और बड़ी संख्या में अकाल मृत्यु को प्राप्त हो रही है। भयावह स्थिति को देखते हुए जो प्रयास किए जा रहे हैं, वे बहुत कम है। सुनील तिवाड़ी ने कहा कि विप्र सेना राजस्थान की ओर से लम्पी रोग से ग्रसित गायों के उपचार के लिए राजस्थान में 100 से अधिक विधानसभा क्षेत्रों में नि:शुल्क दवा बांटी जा रही है। ये दवा विप्र सेना सूरत से नि:शुल्क प्राप्त हो रही है। इस अवसर पर राजस्थान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भुवनेश शर्मा, विप्र सेना प्रदेश प्रवक्ता अखिल द्विवेदी, विद्याधर नगर विधानसभा अध्यक्ष अजीत शर्मा, सिविल लाइंस विधानसभा अध्यक्ष हेमेंद्र शर्मा, रविकांत शर्मा और तारा प्रकाश मौजूद थे।

# आरएसएस के दबाव में अरविंद का नामांकन सही किया था : संजय

## राजस्थान विवि. में एनएसयूआई के महासचिव प्रत्याशी ने लगाया छात्रसंघ चुनाव में धांधली करने का आरोप

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान विवि. में छात्रसंघ चुनाव का परिणाम आए 2 सप्ताह से ज्यादा का वक्त बीत गया है लेकिन छात्र नेताओं की नाराजगी अभी भी बरकरार है।

राजस्थान यूनिवर्सिटी में महासचिव पद पर चुनाव लड़ने वाले एनएसयूआई के प्रत्याशी संजय चौधरी ने मंगलवार को पत्रकारों से रूबरू होकर छात्र संघ चुनाव में धांधली का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि एबीवीपी के प्रत्याशी अरविंद जाजड़ा चुनाव लड़ने योग्य नहीं थे। जिस वजह से ही यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा उनका नामांकन भी खारिज कर दिया गया था। संजय ने आरोप लगाया कि अरविंद ने यूनिवर्सिटी से लगातार नहीं पढ़ रहे थे। उनकी एजुकेशन में गैप था। इसलिए नियमों के आधार पर वह इस बार चुनाव लड़ने योग्य नहीं थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा यूनिवर्सिटी प्रशासन पर दबाव बनाया गया। अरविंद और एबीवीपी के लोगों ने यूनिवर्सिटी के कर्मचारियों को डराया और उनके परिवार को धमकाया।

जिसकी वजह से मजबूरन उन्हें चुनाव लड़ने की अनुमति दी गई। जो न सिर्फ नियमों के विपरीत है, बल्कि हाईकोर्ट के आदेशों की अवहेलना भी है। ऐसे में इस पूरी प्रक्रिया कि जब तक निष्पक्ष जांच नहीं की जाती, तब तक हमारा विरोध जारी रहेगा। इसके साथ ही में बुधवार को कुलपति आवास का घेराव कर न्याय की मांग करूंगा, ताकि भविष्य में ऐसा भेदभाव किसी और छात्र के साथ न हो। ज्ञात रहे कि राजस्थान



संजय चौधरी

यूनिवर्सिटी में निर्मल चौधरी ने अध्यक्ष पद पर बड़ी जीत हासिल थी। निर्मल चौधरी ने 4043, निहारिका जोरवाल ने 2578, रितु बराला ने 2010, नरेन्द्र यादव ने 988 वोट हासिल किए। वहीं महासचिव पद पर एबीवीपी के उम्मीदवार अरविंद जाजड़ा ने एनएसयूआई के संजय को हराकर जीत दर्ज की है।

वहीं दूसरी ओर एबीवीपी के राष्ट्रीय मंत्री हुश्यार मीणा का कहना है कि एनएसयूआई के महासचिव प्रत्याशी संजय चौधरी ने जो आरोप लगाया है, वह निराधार है। उच्च न्यायालय ने हमारे महासचिव प्रत्याशी अरविंद झांझड़ा को चुनाव लड़ने की अनुमति दी थी और प्रोविजनल एडमिशन आधार बनाया था। अत: प्रदेश के तमाम विश्वविद्यालय और कॉलेज में इसी आधार पर चुनाव कराए गए थे और प्रोविजनल एडमिशन लिए गए थे, आरोप तथ्य हीन है उच्च न्यायालय के फैसले का हम स्वागत करते है।

# कोट्यूर शो में जयपुर के 22 ज्वैलर भाग लेंगे

**जयपुर**, (का.सं.)। भारतीय रत्न और आभूषण बंधुओं को अपनी तरह के अनूठे शो में नवीनतम आभूषण डिजाइन देखने का मौका मिलेगा क्योंकि भारत का अद्वितीय ज्वैलरी शो कोट्यूर इंडिया शो' का सातवां संस्करण 17 सितम्बर को नई दिल्ली के ताज पैलेस में शुरू होगा। यह तीन दिवसीय शो 17 से 19 सितम्बर तक आयोजित किया जाएगा।

शो के आयोजक जैम एण्ड ज्वैलरी इन्फॉरमेशन सेन्टर के आलोक काला ने बताया कि कोट्यूर इंडिया एक विशेष रूप से क्यूरेटेड बिजनेस बुटीक शो है जो अभिजात वर्ग समुदाय के लिए आभूषण निर्माताओं, डिजाइनरों और खुदरा विक्रेताओं को एक जगह मिलाता है। इंडियन ज्वैलर ("आईजे") पत्रिका द्वारा शुरू की गई, कोट्यूर इंडिया बिजनेस बुटिक शो लक्जरी ज्वैलरी के अनुभव को बढ़ाने के लिए उपयुक्त है। शो का केंद्रिय स्थान-नई दिल्ली - लक्जरी आभूषण बिरादरी के लिए आसानी से सुलभ हैं।

इस शो में कूलेस्ट स्टोर अवार्ड का भी आयोजन होगा, जिसमें पूरे भारत से ज्वैलरी शोरूम का चयन किया जायेगा व श्रेणीवार शोरूम को विशिष्ट स्थान होने पर 17 सितम्बर को विशेष आयोजन कर फिल्म अभिनेत्री अथिया शेट्टी द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। जयपुर से इस शो में भाग लेने वाले 22 मुख्य ज्वैलर्स दियागोल्ड, जयपुर रत्ना, टाटीवाला गहना, अचल ज्वैल्स, घाटीवाला, कालाजी ज्वैलरी, नाइन ज्वैलरी, ज्वैलस ऑफ जयपुर, मोदी एक्सपोर्ट हाउस, पी.सी. तोतुका, रामभजो, रानीवाला ज्वैलर्स, श्री जी.के. चुडीवालाज और राधिका ज्वैल क्राफ्ट है।

# 37 अफसरों को सफाई सुधारने का जिम्मा

**जयपुर** (कासं)। हैरिटेज निगम कमिश्नर विश्राम मीना ने बदत्तर सफाई के हालात सुधारने के लिए 37 अफसरों को वार्डों की सफाई व्यवस्था का जिम्मा सौंपा है। यह अधिकारी प्रत्येक वार्ड में निरीक्षण और साफ-सफाई की मॉनिटरिंग करेंगे। स्वच्छता सर्वेक्षण 2022-23 में जयपुर की रैंकिंग सुधार के लिए कमिश्नर ने यह टीम बनाई है।

आयुक्त विश्राम मीना ने बताया कि नियुक्त अधिकारी संबंधित जोन के मुख्य सफाई निरीक्षक व वार्ड निरीक्षक से वार्ड में प्रात: 8 बजे सफाई कार्य करवाएंगे। आवंटित वार्डों में रोटेशन वाईज नियमित रूप से प्रतिदिन सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर, निर्धारित फॉर्मेट में प्रतिदिन सूचना हाजरीगाह पर जाकर उपस्थित पंजीका का निरीक्षण कर जोन उपायुक्त को रिपोर्ट भेजेंगे। इसके साथ ही वार्डों में हूपर्स द्वारा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की जांच व सत्यापन भी करेंगे।

# राज्य में मंगलवार को 109 नए संक्रमित मिले

## सीकर जिले में सबसे ज्यादा 20 तथा जयपुर में केवल 14 ही नए मरीज सामने आए हैं।

**जयपुर ( कासं )**। प्रदेश में मंगलवार को सोमवार के बराबर ही 109 नए करोना संक्रमित मिले हैं। हालांकि इस दौरान लगातार दूसरे दिन भी रिकवरी में कमी आई है। राज्य में पिछले चौबीस घंटों में केवल 56 ही मरीज ठीक हुए हैं। वहीं दूसरी ओर प्रदेश में आज तीसरे दिन भी करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है।

- लगातार दो दिन से रिकवरी कम होने से एक्टिव केस बढ़कर 13 सौ से अधिक हो गए हैं।

प्रदेश में मंगलवार को 22 जिलों में 109 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले सोमवार को भी इतने ही मरीज सामने आए थे। इधर पिछले चौबीस घंटों में सबसे ज्यादा 20 नए संक्रमित सीकर में मिले हैं। वहीं राजधानी जयपुर में आज केवल 14 ही नए मरीज पाए गए हैं। इसके अलावा अलवर में 12, जोधपुर में 10, पाली में 7, राजसमंद, कोटा व दौसा में 6-6, चित्तौड़गढ़ व प्रतापगढ़ में 5-5, नागौर में 3, उदयपुर, करौली, गंगानगर व अजमेर में 2-2 तथा भरतपुर, बीकानेर, बूंदी, डूंगरपुर, हनुमानगढ, झुंझुनूं और सवाई माधोपुर में एक-एक नया संक्रमित मिला है। इस दौरान प्रदेशभर में 15 हजार 421 सैम्पल की जांच की गई है। उधर राज्य में लगातार दूसरे दिन भी रिकवरी कम हुई है। इसके चलते 56 मरीज ही ठीक हुए हैं। रिकवरी में गिरावट आने से राज्य में एक्टिव केस बढ़कर 1305 हो गए हैं। राजधानी जयपुर में भी पिछले दो दिनों से एक भी मरीज के रिकवर नहीं होने से एक्टिव केस बढ़कर 313 हो गए हैं। वहीं अलवर में 121 संक्रमितों का इलाज चल रहा है। प्रदेश में मंगलवार को भी करोना से किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि राज्य में अब तक इस बीमारी से 9629 लोगों की मौत हो चुकी है। जयपुर में पिछले चौबीस घंटों में 11 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 3 मरीज जमवारामगढ़ में पाए गए हैं। इसके अलावा आमेर, बापू नगर, दुर्गापुरा, जामडोली, जवाहर नगर, जौहरी बाजार, लालकोठी, वैशाली नगर और विद्याधर नगर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं दो संक्रमितों का पता गलत पाया गया है।

## सार-समाचार

### असहाय दिवंगतों का अस्थि विसर्जन



**जयपुर**, (का.सं.)। समाज सेवा प्रकल्प के तहत, सुखमनी सेवा सोसायटी, बनी पार्क (रजि.) के सहयोग से 150 गरीब एवं असहाय दिवंगतों के फूल (अस्थि कलश) हरिद्वार, गंगा जी में विसर्जित किए गए। सोसायटी के सदस्य सूर्य उदय सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता नीरज ताम्बोलिया और कृष्ण गोपाल सीपीरिया सोमवार को जयपुर से अस्थि कलश लेकर हरिद्वार पहुंचे थे और मंगलवार प्रात: को पंडित की सहायता से विधिवत पूजा-अर्चना कर दिवंगतों की अस्थियां गंगा में विसर्जित की गईं। इस दौरान सोसायटी के सदस्य सूर्य उदय सिंह ने बताया कि सोसायटी द्वारा इस प्रकार के सामाजिक सरोकार से जुडे कार्य आगे भी जारी रहेंगे।

### राजस्थान बंद का मैसेज वायरल

**जयपुर**। प्रदेश में सोशल मीडिया पर बिना किसी सामाजिक संगठन और न ही कोई राजनीतिक दल के जिम्मेदारी लिए बिना ही लम्पी बीमारी के इलाज में नाकाम रही राज्य सरकार के खिलाफ राजस्थान बंद का आव्हान किया जा रहा है। वहीं पुलिस ने भी इस बारे में कोई पुष्टि नहीं की है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे बंद के मैसेज में किसी सामाजिक संगठन या राजनीतिक दल का नाम नहीं है। इसमें 15 सितंबर को राजस्थान बंद को अधिक से अधिक सफल बनाने की अपील की जा रही है। हर कोई इस मैसेज को अपने स्टेटस पर लगाकर गोभक्त होने तथा बंद को सफल बनाने की मुहिम में शामिल हो रहा है। यह पहली बार नहीं है, जब किसी सामाजिक संगठन या राजनीतिक दल के बगैर बंद का आव्हान हुआ हो। इससे पहले भी एट्रोसिटी एक्ट में हुए बदलाव के विरोध में सामान्य वर्ग की ओर से भारत बंद का आव्हान किया गया था। इसमें भी किसी भी सामाजिक संगठन ने भारत बंद के आव्हान की जिम्मेदारी नहीं ली थी। सिर्फ और सिर्फ सोशल मीडिया के जरिए भारत बंद हुआ था।

### राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर का निरीक्षण

**जयपुर**। राजस्थान की स्थापत्य कला की तर्ज पर राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर का निर्माण किया जा रहा है। इसमें जोधपुर, जैसलमेर और राजस्थान के अन्य जिलों के विशेष पत्थर लगाए जा रहे है। मंगलवार को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर के निदेशक के.एन. श्रीवास्तव और यूडीएच सलाहकार जीएस संधु ने इस प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। निदेशक श्रीवास्तव ने इंडिया इंटरनेशनल सेंटर की तर्ज पर राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर के संचालन जेडीए टीम को सुझाव दिए। जेडीए की अभियांत्रिकी शाखा के अधिकारियां ने प्रोजेक्ट की विभिन्न प्लानिंग एवं कार्यों के बारे में बताया। दौरे में निदेशक अभियांत्रिकी प्रथम देवेंद्र गुप्ता, संबंधित अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, अधीक्षण अभियंता एवं अधिशासी अभियंता, कंसलटेंसी एजेंसी एवं कार्यकारी एजेंसी के प्रतिनिधि मौजूद रहे। जेडीए आयुक्त रवि जैन ने बताया कि झालाना संस्थानिक क्षेत्र में राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर का निर्माण करवाया जा रहा है, जिसे शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। इसमें कनवेंशन हॉल, ऑडिटोरियम एवं मिनी ऑडिटोरियम, कॉफ्रेंस हॉल, लेक्चरार हॉल, लाईब्रेरी एवं ई-लाईब्रेरी, रेस्टोरेंट आदि उपलब्ध होंगे। राजस्थान इंटनेशनल सेंटर का आंतरिक निर्माण राजस्थान राज्य की स्थापत्य कला की तर्ज पर करवाया जा रहा है।

### गौवंश के लिए औषधीय लड्डू बनाए

**जयपुर** (कासं)। लंपी वायरस संक्रमण से जूझ रही गायों के उपचार के लिए टीम मित्राय फाउंडेशन ने मुरलीपुरा स्थित उद्यान में मंगलवार को आयुर्वेदिक औषधियों से युक्त लड्डू बनाए। करीब 1.11 लाख औषधीय लड्डू गौवंश के लिए वितरित किये जाएंगे। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक नरपत सिंह राजवी भी पहुंचे। चिकित्सकों और धर्मगुरुओं की निगरानी में औषधि का मिश्रण तैयार कर लड्डू बनाए गए। टीम मित्राय के डॉ. विनीत शर्मा और सचिव डॉ. रश्मि शर्मा ने बताया कि ये लड्डू कोई भी आकर नि:शुल्क प्राप्त कर सकते है। नायब क़ाज़ी सैयद असगर अली ने बताया कि इस्लाम में पशुओं की बड़ी अहमियत है। गाय को बचाना ज़रूरी है, अन्यथा चीज़ें प्रभावित होंगी। कार्यक्रम में महंत परशुराम महाराज, सरदार ज्ञान सिंह, वर्क से लाइक हसन, लुबना फिरदौस, तेली महापंचायत से अब्दुल लतीफ आरको भी मौजूद थे।

### सचिवालय में महिला कार्मिक से अभद्रता

**जयपुर** (कासं)। सचिवालय में एक कर्मचारी की ओर महिला कर्मचारी से अभद्रता करने का मामला सामने आया है। मामला सामने आने के बाद सचिवालय में अन्य महिला कर्मचारी भी इस मामले में कार्रवाई की मांग पर उतर आई। आरोपी कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही है। आरोपी कर्मचारी ऑटिज्म बीमारी से पीड़ित है। जिस पर पूर्व में भी इस तरह के आरोप लग चुके है। सचिवालय में मंगलवार को पीड़ित महिला ने महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष धरना दिया। महिलाओं ने मांग उठाई कि आरोपी के खिलाफ कार्रवाई होने पर ही धरना समाप्त होगा। इसके बाद कर्मचारी संघ अध्यक्ष कपिल धरना स्थल पर पहुंचे और महिलाओं से मिले। कार्रवाई की मांग करते हुए पीड़िता रो पडी। इस पर अध्यक्ष कपिल ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिसके बाद पीड़ित महिला ने धरना समाप्त किया।

### अज्ञात मृतक के वारिसों की तलाश



**जयपुर** (कासं)। श्याम नगर थाना पुलिस अज्ञात मृतक के वारिसों की तलाश में जुटी है। थानाधिकारी ने बताया कि 8 सितंबर को सुबह पुलिस कंट्रोलरूम में सूचना मिली कि न्यू सांगानेर रोड पर मेट्रो पिल्लर नं. 70 के पास करीब 50 वर्षीय व्यक्ति मृत पड़ा है। इस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ भी की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। मृतक के पास भी पहचान संबंधी कोई कागजात नहीं मिले। इस पर पुलिस ने शव को सवाई मानसिंह अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया और मृतक के परिजनों की तलाश शुरू की।

### हिन्दी दिवस का समारोह आज

**जयपुर**। भाषा एवं पुस्तकालय विभाग की ओर से बुधवार को राज्य स्तरीय हिन्दी दिवस समारोह सवाईमानसिंह चिकित्सा महाविद्यालय एवं नियंत्रक, संलग्न चिकित्सालय जयपुर के मुख्य सभागार में किया जायेगा। विभाग के निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव, डॉ.मोहन लाल यादव ने बताया कि प्रात: 11 बजे आयोजित होने वाले इस समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत होंगे। हिन्दी सेवा पुरस्कार से हिन्दी साहित्य में डॉ.गोपाल काबरा तथा विज्ञान विषय में डॉ.गुंजन गर्ग को सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की उच्च माध्यमिक परीक्षा-2022 में हिन्दी विषय में शत प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले 393 विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया जायेगा।

### जलदाय कर्मचारी आज करेंगे प्रदर्शन

**जयपुर** (कासं)। प्रांतीय नल मजदूर यूनियन इंटक के नेतृत्व सैकड़ों जलदाय कर्मचारी बुधवार दोपहर 12 बजे विद्याधर नगर सेक्टर 4 स्थित खण्ड कार्यालय पर विरोध-प्रदर्शन करेंगे। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष संजय सिंह शेखावत ने बताया कि कर्मचारियों की लंबित मांगों के संबंध में जयपुर के प्रत्येक खण्ड स्तर पर विरोध-प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपेंगे।



## Shake Month

Milkshakes are a classic favourite among many Americans. Milkshake Day or Shake day for short celebrates the wonderful thick drink that many have come to love. The basic ingredients for a milkshake include milk, ice cream, and flavouring, but is technically a 'malt' if it is made with malted, powdered milk. Many fast food restaurant such as McDonald's, Wendy's, and Burger King have milkshakes as an added drink alongside their meals.



Dr Bomb- Jalees Ansari.

# Two Terrorists



While Ayman Al-Zawahiri was with Al-Qaeda planning terrorism internationally his co- religionist and also a doctor like him was executing terrorist acts within India. He started his terrorist activity in 1990 and his career ended in early 1994 at the hands of Special Task Force CBI which was created in 1993. Under Al Zawahiri' s leadership, and he was crucial to the Al-Qaeda network, Al-Qaeda carried out the deadliest attack ever on American soil, the September 11 2001. Earlier, he had executed terrorist attacks in 1998 in American Embassies in Tanzania and Nigeria. He reshaped the organisation.



Ayman Al- Zawahiri.

## #LAW



**Shantonu Sen**
*Former CBI Joint Director*

One is Ayman Al-Zawahiri dob 19-06-1951 an Egyptian from Cairo. The other is Jalees Ansari D.O.B. 01- 07-1952, Indian from Mumbai. Zawahiri was 71 when he succumbed to drone killing in a Kabul safe house and Jalees is 70 today serving a life sentence, in Jail, from January 1994 they are recognised terrorist names. They have similarities. Ayman and Jalees became doctors in the 80's. They drifted into terrorism as students and interns. The "infidel" regime in Egypt and a visit to the Afghan war zone provided the ammunition to fuel the terrorist fire in young Ayman then just eighteen. As a young doctor of a Cairo clinic he found himself treating Islamic forces fighting the Soviet forces in Afghanistan. Jalees too started young. Hailing from district Basti in Uttar Pradesh the Ansari family moved to Maharashtra.

Jalees was born in then Bombay. He studied in Dr. Ahmed Sailor School Boiwada and then in Maharashtra College before entering BVT Hospital Sion for his MBBS degree in 1972. However, he suffered from schizophrenia and had to take a break. He got his MBBS degree, finally, in 1981 from Lokmanya Tilak Medical College. It was in the medical college years that he faced jibes, taunts and racial attacks and he attributes his communal bent of mind to them. He claims not only students but also teachers were a part of the taunts and insults group. He lived in Mominpura Agripada Bombay 400011 were the majority were Muslims. His communal mind was further aggravated by the horrific stories of Neliie Communal killings in Assam and Bhiwandi Communal Riots in Maharashtra. Around the same time his masjid in Mominpura was visited by two rabid speakers who roused communal passions fever pitch. They were identified during investigation. One was Azim Gauri and the other was Abou Masund. They belonged to Hyderabad and Kolkata West Bengal respectively. When on 6th December Babri Masjid was demolished he saw in this act the confirmation that the cause he espoused was right.

He created a group which he named "Tanzeem Ishlahul Musalmeen". They, to start with, comprised youngsters of Mominpura who ostensibly were together to fulfil social needs of people in who lived in Mominpura. Simultaneously he created an inner core of like-minded people. Subversive action was their primary objective. This group was, initially, of 8/10 people. It expanded, exponentially, unknown to Maharashtra intelligence and Mumbai police.

### Deadliest Attack

While Ayman Al-Zawahiri was with Al-Qaeda planning terrorism internationally his co- religionist and also s doctor like him was executing terrorist acts within India. He started his terrorist activity in 1990 and his career ended in early 1994 at the hands of Special Task Force CBI which was created in 1993. Under Al Zawahiri' s leadership, and he was crucial to the Al- Qaeda network, Al- Qaeda carried out the deadliest attack ever on American soil, the September 11 2001. Earlier, he had executed terrorist attacks in 1998 in American Embassies in Tanzania and Nigeria. He reshaped the organisation from a centralised planner of attacks into the head of a franchise chain. He led the creation of network of autonomous branches around the regions in the Middle East in Iraq Saudi Arabia Yemen, in Africa including North Africa and Somalia. He was targeting India when he was killed by a US drone strike in Afghanistan on 31st July 2022. Dr. Mohammad Jalees Ansari in India from mid-eighties was actively organising his terrorist aims. His fervour and zeal brought existing ISI trained militants from Kashmir and elsewhere flocking to him. He obtained passports from Lucknow and Mumbai. He had three of them. He travelled and enlarged and expanded He was helped with money and material to expand. His first known terrorist activity was in Malegaon in District Nasik in 1990.

He was arrested by Nasik Police. In Crime no 65/90 of Police Station Kilia Malegaon. He was in custody under section 4 & 9 of the Explosive Substances Act 1908. The investigation was poorly done and not only he was bailed out, he also was forgotten. Emboldened and armed with men money material, supported by ISI Pakistan and like-minded in India he let loose his terror apparatus. From 1990 to 1993 his men and he himself planted Improvised Explosive Devices (IED) in 53 places. Mostly, in Maharashtra, a few Andhra Karnataka, 25 of them in Mumbai itself. There was substantial damage to property and infrastructure. No lives were lost but he created fear in the majority community. He earned, in his circle, a reputation as a master in tactical terrorism as neither he nor his associates were apprehended. Many Police Stations in Maharashtra took up the challenge to apprehend him. Like, Borivali Police Station in crime no. 80/90, Kurla Police Station in Crime no. 490/91, Mahim Police Station under Crime no. 76/92 and failed. More and more police stations were targeted by him. Not one of the 53 blasts were solved. He was confident that his planning and execution was fool proof. It is then he launched his blitzkrieg.

Six explosions on six prestigious trains on 6th December 1993, his master plan. The Babri Masjid demolition of 6th December 1992 was to be avenged in this manner. His planning was successfully executed. At 10.30 pm on 5th December a bomb exploded in Rajdhani Express enroute to New Delhi from Howrah near Kanpur in Uttar Pradesh. Next day at 5am a bomb exploded in Rajdhani Express train on way from New Delhi to Howrah, again near Kanpur, in 515 on 6th December 1993 am there was a blast on Rajdhani Express traveling from Mumbai Central to New Delhi near Rajkot in Rajasthan. At 6am on 6th December the fourth blast took place on the Flying Queen Express enroute to Mumbai from Surat. This was near Bestan Railway Station in Valsad. The fifth blast was on Andhra Express train on the same day at 7.05 am as it was travelling from Hyderabad to Nizamuddin near Maikajgiri Station in Andhra Pradesh. The sixth blast was prevented, it was planned to go off on the Bangalore. Kurla Express on also 6th December. The explosive device was detected near Karjat and thrown out of the compartment.

The investigation was taken up in by the nearest police station in the state where the explosion took place. For three weeks there was no breakthrough. These explosives though improvised had caused injuries and deaths on the trains. That fatalities were less was just luck.



Train Blasts in 1993.

> The Special Task Force with in CBI which reported to me, on the orders of the Government of India and with the concurrence of States where the train blasts were under investigation, took over further investigation in all six incidents on 28/12/94. We got down speedily and with alacrity. I immediately took stock of all the developments in each case. Hyderabad police, only, by then had some clues. DIG' S TF Neeraj Kumar immediately proceeded to join Hyderabad police and work on the clues. I proceeded to Bombay and joined the Bombay Unit of the STF, which had commenced investigation of the crime.

### Investigation

The Special Task Force with in CBI which reported to me, on the orders of the Government of India and with the concurrence of States where the train blasts were under investigation, took over further investigation in all six incidents on 28/12/94. We got down speedily and with alacrity. I immediately took stock of all the developments in each case. Hyderabad police, only, by then had some clues. DIG' S TF Neeraj Kumar immediately proceeded to join Hyderabad police and work on the clues. I proceeded to Bombay and joined the Bombay Unit of the STF, which had commenced investigation of the crime. The story of undetected IED exploding all over Maharashtra including 25 in Mumbai was material seeking a breakthrough. On my direction police stations in Maharashtra dug deep into the case history of all blasts since 1990. From early hours in the first week of January ours and their ceaseless effort was to find any clue that could link anyone involved in any one of the blasts in Maharashtra with the train blast cases. It was work day and night. The break came on in early second week January 1994 when Malegaon Police from PS Killa reported the arrest in 1990 and subsequent bail of Mohamed Jalees Ansari in its Crime No. 65/90 in their yet ( Jan 1994) unsolved case under the Explosive Substances Act. Neeraj Kumar from Hyderabad also informed me that one Jalees Ansari of Mominpura has emerged as a prime suspect. I lost no time in mounting a 24/07 surveillance operation on him. The first team comprising non - muslim officers made no headway. They though in plain clothes and in disguise reported hostility, lack of cooperation.

I changed the team to all Muslim men and officers. This team of Muslim men and officers of CBI and Bombay had dug out enough material on Dr. Mohamed Jalees Ansari to enable me to direct Superintendent (SP) S T F Bombay CBI Satish Jha to search his house in Mominpura. This search was carried out in the early hours of 13/01/94. It yielded rich dividend. He was present in the house and he and his group, even some neighbours stoutly resisted the operations. It required the SP both tact, authority and courage to carry on the search operations. At his place tools of crime found were explosives, weapons of foreign make ( Barrette 9mm Pistol, Webbly Scott .38 Revolver, & Smith and Wesson .38 revolver), country made revolvers, ammunition, foreign currency, Indian currency (2.59 lac) instruction manual for preparing and using explosives, wireless sets, detonators, timing devices, choppers and knives.

His arrest and interrogation revealed his country wide network. Five of his associates were immediately traced and arrested. Dr. Ansari bubbling with zeal and fervour after his train blast was getting ready with his plans for more terrible strikes on 15th January in Bombay and 26th January in Delhi His arrest prevented them.

> **All the six incidents were clubbed as one conspiracy by CBI. One blast in and around Kotah in Rajasthan could be tried in Ajmer (Rajasthan). I choose this court for the trial of all the conspirators.**

### Responsive & Efficient

All the six incidents were clubbed as one conspiracy by CBI. One blast in and around Kotah in Rajasthan could be tried in Ajmer (Rajasthan). I choose this court for the trial of all the conspirators. For one Ajmer was in Rajasthan. I had served as DIG, CBI Jaipur. The Rajasthan police judiciary in all ranks, had a well-earned reputation of being responsive and efficient. Plus being a Jaipurian, myself, I had lot of personal rapport in the State and Ajmer was close to Delhi. The trial commenced in the Special Court at Ajmer in 1994. The accused were charged with terrorist Crimes as well as under sections of the Indian penal code and under Explosive Substances Act.

At the end of the investigation he and twenty others were linked to the six cases. First sixteen were arrested early. The kingpin Jalees and his five associates were arrested on the night of 13/01/14/01/94 and ten of them were subsequently arrested. Five absconded Rewards were announced and efforts yielded results. The remaining five were also traced and arrested. The trial continued till 2004 and all 21 were convicted on 28/02/2004 with Dr. Jalees Ansari sentenced to life imprisonment after a trial lasting ten years in Ajmer.

The conviction was maintained by the Supreme Court on May 11, 2016. The Supreme Court judgment was written by Justice Uday U Lalit, now CJI. They are serving their sentence as of date.

It's ironical that while we chose law to put away Jalees and the Americans chose a drone we both took about the same time. We in 2016 for a crimes committed between 1990- 1993 and they in 2022 for crimes committed between 1998 and 2001.

One last word. Terrorists can well be eliminated through the barrel of a gun. Through law it's more fitting, more thorough and more devastating.

writetoarbit@rashtradoot.com



US drone strike in Afghanistan.



तलाश है

केन्द्रीय जाँच ब्यूरो

द्वारा

"5-6/12/93 को ट्रेनों में हुये बम विस्फोट"

में शरीक निम्नलिखित भागे हुये अपराधियों की ।

1. पुरस्कार रु. 3 लाख

2. पुरस्कार रु. 50,000/-

3. पुरस्कार रु. 50,000/-

4. पुरस्कार रु. 50,000

5. पुरस्कार रु. 50,000

6. पुरस्कार रु. 25,000/-

7. पुरस्कार रु. 1 लाख

इन भागे हुए अपराधियों को पकड़वाने मे मदद करने वाले व्यक्तियों को घोषित रकम इनाम स्वरूप दी जाएगी ।

उसका नाम और पता गुप्त रखा जाएगा अगर वह चाहे तो ।

सूचना इस कार्यालय मे दें :-

पुलिस अधीक्षक

स्पेशल टास्क फोर्स, केन्द्रीय जाँच ब्यूरो

लोदी होटल, नई दिल्ली - 110 003

दूरभाष : 436-4814, 436-4815

फैक्स - 436-4816

A Reward Roll in Train Blasts.

## #CYBER-SECURITY

### Internet Infrastructur

The study found that a large number of internet users live in regions where attackers could just target one or a few companies can cripple the entire nation's internet access.



About a quarter of the world's internet users live in countries with internet infrastructure that are more susceptible to targeted attacks than previously thought, according to a large scale study conducted by researchers at the University of California San Diego. The computer scientists surveyed a total of 75 countries. The study was presented at the Passive and Active Measurement Conference 2022 held online.

"We wanted to study the topology of the Internet to find weak links that, if compromised, would expose an entire nation's traffic. But a large portion of the Internet doesn't function with peering agreements for network connectivity," said Alexander Gamero-Garrido, the paper's first author.

Depending on the country you are in, the structure of the internet can differ dramatically. In some places like the United States, a large number of internet service providers (ISPs) compete and offer services to a large number of users. These ISPs have networks that are directly connected to one another and exchange content; a process called direct peering.

But the study found that in some countries, many of whom are in the global south, internet users rely on just a few ISPs for internet access. And in some of these countries, one ISP serves a large majority of users. These providers often rely on a limited number of companies to get access to the global internet and internet traffic from other countries.

This could mean that attackers would only need to target one or few of these companies, called transit autonomous systems, to cripple an entire nation's internet access. In countries like Cuba and Sierra Leone, one transit autonomous system provider provides a connection for almost all the users in the country; presenting a worst-case scenario.



## #EXHIBITION

# The Secrets & Treasures of Tutankhamun

The replicas of ancient Egyptian treasures of Tutankhamun are on display for the first time in India at a month-long exhibition being held at Jawahar Kala Kendra.





**Tusharika Singh**
*Freelancer writer and city blogger*

Tutankhamun, commonly referred to as King Tut, was an Egyptian pharaoh who was the last of his royal family to rule during the end of the 18th dynasty during the New Kingdom of Egyptian history. On November 4, 1922, the British Egyptologist, Howard Carter discovered the tomb of Tutankhamun in the Valley of the Kings in Southern Egypt. The tomb was discovered nearly 3000 years after his death and according to findings, he took over as the ruler when he was around 9 years old and died at the young age of 19 years under mysterious circumstances. The discovery of the treasures of the young king was a landmark event in history as thousands of priceless pieces of art were revealed that stand testimony to the skill and finesse of the ancient Egyptian artists.



### The treasures of Tutankhamun come to India

In a first not just for the city but also for the country, replicas of the mummy of the Egyptian ruler, Tutankhamun and relics found in his tomb are on display at the Alankar Gallery in Jawahar Kala Kendra (JKK). Dr. Mostafa El Ezaby, an Egyptian artist, has spent 30 years of his life in making the replicas using different materials. Currently, around 120 such magnificent pieces are being exhibited at the show 'Tutankhamun - Secrets & Treasures', which has been curated by Manish Sharma.

Speaking about his work, Dr. Ezaby said: "It takes at least 8 to 9 years to create such huge replicas of the ancient treasures which are currently on display here. The reason behind creating such life-like pieces of ancient Egyptian art is to make people in other countries aware about the rich culture of Egypt. We are happy to bring this exhibition to India for the first time ever and that too in a city like Jaipur. " Previously this exhibition has taken place in countries like Switzerland, Germany, Japan, France, Sweden, Belgium, America, among others and has been cumulatively been viewed by over 10 million visitors.

Shedding light on the objective of bringing this exhibition to the Pink City, the curator, Manish Sharma says: "The ancient civilizations around the world are a mystery to humans. The artistic feats achieved by these civilizations are still admired and pondered over by generations. This exhibition is especially curated to display the visual wealth of the ancient Egyptian civilization and its most famous king Tutankhamun. The art pieces on display here give a peek into the golden civilization of the black land."

### A peek into the culture of Egypt

Some noteworthy pieces which are on display include the golden mask of the king, coffins, military wheels, throne of Tutankhamun, among others. While the Golden Throne of Tutankhamun depicts a scene from the daily life of Tutankhamun in which the young pharaoh sits in relaxed pose and his wife rubs her husband's shoulder, another piece of art showcases Tutankhamun hunting hippos with harpoon on a reed boat. On the other hand, the inner gold coffin made of pure gold and with a weight of 110 kg, is the most spectacular object of the tomb treasure. What is interesting about the mask of Tutankhamun is that it covered the head of the wrapped mummy in its coffin and ensured more protection for the head and shoulders of the mummy. Some replicas of ancient Egyptian Gods and Goddesses are also on display.

"The in-charge of the exhibition, Mohamed Ahmed Atwa, who has also come from Egypt, says: When the original mummies or relics were taken outside the country there was a lot of wear and tear so it was decided by the Egyptian Government to not take the original treasures outside Egypt. In fact, they are not even displayed within the country. This is why these exact replicas have been carefully and strenuously crafted with intricate detailing."

Expressing her happiness on holding such a prestigious exhibition at JKK, Director General of JKK, Gayatri Rathore shared: "It is a matter of immense happiness for us to bring this exhibition for the visitors of JKK and acquaint people who cannot travel to other countries with the diverse cultures of the world through art and artifacts. This is just a start and it is our endeavour to have similar international exhibitions in other parts of Rajasthan as well"

---

**When:** September 8 - October 8, 11 am to 7 pm
**Where:** Alankar Art Gallery, Jawahar Kala Kendra
**Entry:** Through tickets priced at INR 200 which are available at JKK





## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# पाकिस्तान से आए घुसपैठिए से पूछताछ में नहीं लगा कोई सुराग

- फिलहाल घुसपैठिए का किसी आतंकी संगठन से लिंक सामने नहीं आया है
- खुफिया एजेंसी ने पुलिस को सौंपा, हैरोइन तस्करी से जोड़कर देख रहे मामले
- घुसपैठिए की जेआईसी के बाद ही कुछ कहा जा सकता है : एसपी शर्मा

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पकड़े गए घुसपैठिए को पूछताछ के बाद खुफिया एजेंसियों ने पुलिस को सौंप दिया। फिलहाल घुसपैठिए का किसी आतंकी संगठन से लिंक सामने नहीं आया है। उसके पास से करीब दस ग्राम हैरोइन बरामद हुई है। ऐसे में बीएसएफ अधिकारी हैरोइन तस्करी से मामले को जोड़कर देख रहे है। घुसपैठिया पाकिस्तान का रहने वाला है।

श्रीगंगानगर के भारत-पाक बॉर्डर से घुसपैठिए लियाकत अली पुत्र सहज अली को पकड़ा गया था। वह पाकिस्तान में बहावलनगर जिले के गांव बंबा लालेका का रहने वाला है। बीएसएफ हैरोइन तस्करी से जोड़कर देख रही है। पिछले कुछ समय से पाकिस्तान की ओर से भारत के सीमा क्षेत्र में ड्रोन से खेतों में हैरोइन फेंके जाने के मामले आए है। ऐसे में घुसपैठिए का सीमा के नजदीक आने का इरादा श्रीगंगानगर के सीमावर्ती इलाके में हैरोइन तस्करी के लिए लोकेशन देखने का हो सकता है।

इस साल जुलाई के तीसरे सप्ताह में पाकिस्तान बॉर्डर की तरफ से युवक आया था। युवक रिजवान अशरफ का इरादा भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा को मारना था। ऐसे में इस बार लियाकत के पकड़े जाने पर भी शुरुआत में इससे जोड़कर देखा जा रहा था। हालांकि बीएसएफ सूत्रों ने लियाकत के ऐसे किसी मामले से जुड़ाव से इनकार किया है।

एक ओर बीएसएफ के अधिकारियों का मानना है कि लियाकत का इरादा हैराइन डालने के लिए लॉकेशन देखने का हो सकता है। वहीं पुलिस जेआईसी से पहले कुछ भी नहीं कह पा रही है। एसपी आनंद शर्मा का कहना है कि घुसपैठिए की जेआईसी के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## मनरेगा श्रमिकों का फूटा गुस्सा

**अनूपगढ, (निसं)।** यहां की ग्राम पंचायत 12 ए के गांव 11 ए में मनरेगा महिला श्रमिकों ने मंगलवार को प्रधान राधा गोपाल डागला के सामने विरोध जताया। मनरेगा महिला श्रमिकों ने जानकारी देते हुए बताया कि वे मनरेगा काम में वेतन काफी कम मिल रहा है। कम वेतन मिलने के कारण उन्हें घर चलाने में भी काफी समस्या आ रही है। बढ़ती महंगाई के कारण बच्चों की पढ़ाई और घर चलाना काफी मुश्किल हो रहा है।

इस पर प्रधान प्रतिनिधि गोपाल डागला ने उन्हें आश्वस्त किया है कि उनकी मांग जायज मांग है और इस मांग को सरकार तक पहुंचाया जाएगा। उनकी समस्या के समाधान का प्रयास किया जाएगा। मनरेगा महिला श्रमिकों ने बताया कि सरकार के द्वारा जो वेतन दिया जाता है काफी कम है। कम वेतन मिलने के कारण उनका जीवन यापन करना काफी मुश्किल हो रहा है।

# दिव्यांग पैरा वेटलिफ्टिंग खिलाड़ी दयासिंह का निधन



दिव्यांग पैरा वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता खिलाड़ी दयासिंह।

- आठ साल पूर्व बच्ची को बचाने के लिए प्राण दाव पर लगा दिये थे दयासिंह ने
- दिव्यांग पैरा वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में स्टेट लेवल पर रजत पदक विजेता रहे हैं दयासिंह

**चिड़ावा, (निसं)।** दिव्यांग पैरा वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में स्टेट लेवल पर रजत पदक विजेता खिलाड़ी दयासिंह का सोमवार को निधन हो गया। लेकिन दयासिंह को उनकी जिंदादिली और दया की प्रतिमूर्ति के रूप में हमेशा याद रखा जाएगा।

एक बच्ची के लिए खुद की जान लगाई थी दांव पर : दयासिंह करीब आठ साल पहले जगन्नाथ यात्रा के दौरान बिजली का खंभा गिरने के दौरान एक बच्ची को बचाने के चक्कर में अपनी जिंदगी को दांव पर लगा दी और गंभीर रूप से घायल हो गए। दयासिंह की पोल की चपेट में आने से रीढ़ की हड्डी टूट गई थी। जिसके बावजूद दयासिंह ने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने साथी दिव्यांग खिलाड़ियों की प्रेरणा और गौरक्षा दल के साथियों के सहयोग से पैरा वेटलिफ्टिंग में हिस्सा लेना शुरू किया। उन्होंने निरंतर अभ्यास के चलते राज्य स्तरीय पैरा वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में रजत पदक भी हासिल किया।

खिलाड़ी दयासिंह का सपना था कि वह देश के लिए पैरा ऑलम्पिक में पदक जीते। जिसके लिए वह नियमित तैयारी भी कर रहा था। इस बीच रीढ़ की हड्डी में लगे जख्म गहरे होते गए। जिसके कारण संक्रमण फैल गया और पदक जीतने के अधूरे सपने के साथ ही दयासिंह ने दुनिया से विदाई ले ली।

**दयासिंह के निधन पर जताया शोक :** दयासिंह की मौत की खबर मिलते ही दिव्यांग खिलाड़ी और गौरक्षा दल के सदस्य सरकारी अस्पताल पहुंचे। इस मौके पर अभिषेक पारीक, नवीन सैनी, विक्की हर्षवाल, अमित सैनी, विनय सोनी, अवतारसिंह शेखावत, भवानीसिंह राठौड़, परमहंस दिव्यांग सेवा समिति के अध्यक्ष होशियारसिंह, राष्ट्रीय पैरा खिलाड़ी अरुणकुमार दाधीच, संदीप सिंह, देवेंद्र सिंह, अरविंद दाधीच, पार्षद राकेश कुमार आदि मौजूद रहे। सभी ने दया सिंह के निधन पर गहरा दुख जताया। गमगीन माहौल में दया सिंह का अंतिम संस्कार किया गया। अक्सर बेटे को पिता की सेवा करते देखा जाता है। लेकिन यहां परिस्थिति ने एक पिता को बेटे की सेवा में लगा दिया। पिता समंदर सिंह ने बेटे की सेवा खातिर अपनी नौकरी छोड़ दी और बेटे की आखिरी सांस लेने तक सेवा की। वहीं माता आँगनबाड़ी में आशा सहयोगिनी के पद पर कार्यरत है। एक भाई और बहन भी हैं। लेकिन इस पूरे परिवार का सब कुछ दया सिंह के इलाज पर ही लगता रहा। वहीं अब परिवार केवल एक मां की सेलरी पर ही चल रहा है।

# निजी अस्पताल में वृद्ध की मौत का मामला गर्माया

- निजी अस्पतालों में कामकाज बंद, डॉक्टर्स ने रैली निकाली
- जिला प्रशासन को दिया ज्ञापन
- अस्पताल के बाहर पीड़ित परिवार का धरना प्रदर्शन जारी

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के चौपासनी हाउसिंग बोर्ड स्थित नहर रोड पर सोमवार को बीमार की निजी अस्पताल में मौत का मामला तूल पकड़ गया। रात भर रही गहमागहमी के बीच आज सुबह निजी अस्पतालों में डॉक्टर्स ने कामकाज बंद रखा। ऐसे में कई मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई मरीज और उनके परिजन सरकारी अस्पतालों की तरफ जाने लगे। इधर सुबह निजी अस्पताल के डॉक्टर्स ने रैली निकाल एक ज्ञापन जिला प्रशासन को दिया। समाचार लिखे जाने तक कोई हल नहीं निकल पाया था। मामला ज्यादा बढ़ने की आशंका में रेजीडेंट डॉक्टर्स भी उनके समर्थन में उतर सकते हैं। रात को निजी अस्पताल के डॉक्टर्स ने कैंडल मार्च निकाला था।

भाटेलाई पुरोहितान के रहने वाले भैरूसिंह इंदा (65) को हार्ट में तकलीफ के चलते 24 अगस्त को नहर रोड स्थित निजी अस्पताल लाया गया था। उनकी 11 सितंबर रात 8.30 बजे इलाज के बीच मौत हो गई थी। इसके बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया और गंभीर आरोप लगाए।

परिजनों का कहना है कि उन्हें बाइक पर 24 अगस्त को यहां लाए थे। चिकित्सकों ने जांच करने के बाद ऑपरेशन की सलाह दी थी। अस्पताल में ऑपरेशन के लिए 4 लाख रुपए मांगे थे। पैसे नहीं दिए तो ऑपरेशन रोके रखा। किसान परिवार के होने की वजह से 29 अगस्त को उन्हें एडमिट किया गया। इसके बाद उनसे 4 लाख 50 हजार रुपए की और डिमांड की गई। पैसे देने के बाद ही इलाज शुरू हो सका।

मृतक परिजनों ने चिरंजीवी योजना के नाम पर अस्पताल में घोटालों का आरोप लगाया। मौके पर ग्रामीणों के साथ पूर्व विधायक जोगाराम पटेल भी पहुंचे थे। रात तक कोई नतीजा नहीं निकल पाया था। आज सुबह फिर से धरना प्रदर्शन जारी रहा। परिजन का कहना है जब तक हमसे वसूला 8.50 लाख रुपए वापस नहीं दिया जाता, तब तक हम धरना प्रदर्शन करेंगे।

बालेसर से सैकडों ग्रामीणों के एकत्र होने के साथ ही अब राजपूत समाज के लोग लामबद्ध हो गए हैं। उनका धरना प्रदर्शन निजी अस्पताल के बाहर जारी है। पुलिस का अतिरिक्त जाब्ता अस्पताल और आस-पास तैनात रखा गया है।

## महिलाओं से देह व्यापार मामले में दो गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने इवेंट का कार्य करवाने के बहाने महिलाओं को बुलवा कर फिर उन्हें प्रलोभन देकर देह व्यापार में धकेलने के मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार गोवर्धन विलास थाना अधिकारी चैल सिंह चौहान को सोमवार मध्य रात्रि मुखबीर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध स्कार्पियों कार उदयपुर शहर से बलीचा बाइपास की तरफ आ रही है। कार में देह व्यापार में लिप्त दलाल कुछ महिलाओं को लालच देकर देह व्यापार के लिए ले जा रहे हैं। सूचना पर बलीचा बाईपास तिराहे पर नाकाबंदी कर उक्त कार को रोका तो कार की आगे की सीट पर दो युवक बैठे थे तथा चार महिलाएं पीछे की सीट पर बेठी थी। युवको ने अपना नाम जगदीश पटेल पिता गांगा पटेल निवासी भैरवा थाना सराड़ा जिला उदयपुर तथा मोहन सिंह उर्फ राहुल बजाज पिता उदय सिंह निवासी राजेन्द्र नगर, जिला पाली हाल बेदला थाना सुखेर जिला उदयपुर होना बताया। चारों महिलाओं ने उदयपुर से बाहर रहने वाली बताते हुए इवेंट में काम करने के लिए आना बताया। दोनों युवकों ने कडी पूछताछ में कबुल किया कि उन्होंने महिलाओं को इवेंट में काम का झांसा देकर बुलवाया था और वास्तव में उन्हें लालच देकर देह व्यापार के लिए ले जा रहे थे। अभियुक्तों ने बताया कि वे दिल्ली, मुम्बई, गुजरात, बिहार, बंगाल से महिलाओं को इवेंट कार्य करने का झांसा देकर उदयपुर बुलाते तथा उन महिलाओं के फोटो सोशल मीडिया के माध्यम से लोगो तक पहुंचाए जाते है। ग्राहक द्वारा फोटो पसंद करने के बाद उसकी रेट तय की जाती है। महिलाओं को इवेंट की बजाय देह व्यापार का प्रलोभन देकर स्वयं की कार द्वारा ग्राहक तक पहुंचाया जाता है। इसके बदले उन्हें 10 से 20 हजार रूपये तक मिल जाते है जिसका कुछ हिस्सा महिलाओं को दिया जाता है।

पुलिस ने बताया कि अभियुक्त मोहन सिंह उर्फ राहुल बजाज के विरूद्ध पूर्व में देह व्यापार के तीन प्रकरण दर्ज है। दोनो को गिरफ्तार कर कार जब्त की गई है।

# कारोबारी व बेटे पर जानलेवा हमला

**हनुमानगढ़, (निसं)।** अपनी दुकान पर बैठे कारोबारी और उसके बेटे पर अचानक 4 से 5 युवकों ने हमला बोल दिया। उन्हें बाजार में सरेआम घसीट-घसीटकर पीटा गया। दिनदहाड़े हुई इस घटना के बाद बाजार में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। आसपास के दुकानदार बीच-बचाव करने पहुंचे तो हमलावर उनसे भी उलझ गए। मामला हनुमानगढ़ का है।

जांच अधिकारी हेड कॉन्स्टेबल राजकुमार सिहाग ने बताया कि दीपक गोयल पुत्र विनोद गोयल ने जंक्शन थाने में मामला दर्ज करवाया है। रिपोर्ट में बताया कि उसका अपनी पत्नी के साथ विवाद चल रहा है। बंटवारे को लेकर काफी समय से पत्नी लड़ाई-झगड़ा कर रही है। इसी के चलते ससुराल पक्ष के लोग दुकान पर आए। उन्होंने दीपक और उसके पिता पर जानलेवा हमला किया।

दीपक ने बताया कि वह और उसके पिता हनुमानगढ़ जंक्शन में पुरानी नगर पालिका रोड पर स्थित बेकरी की दुकान पर बैठे थे। शाम को अचानक चार-पांच युवक आए और दुकान में घुसकर हमला बोल दिया। मुझे घसीटकर बाहर निकाला। मेरे पिता को जोर से धक्का देकर बाहर सड़क पर फेंका। सिर में चोट लगने के कारण वो वहीं बेहोश हो गए। मेरे कपड़े फाड़ दिए और खूब लात-घूंसे बरसाए। मैं बचने के लिए इधर-उधर भागता रहा, पर हमलावरों ने नहीं छोड़ा। मुझे दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। शोर सुनकर आसपास के दुकानदार बीच-बचाव करने मौके पर पहुंचे तो हमलावर उनसे भी मारपीट करने लगे। हमलावरों में से 3 युवकों को दुकानदारों ने पकड़ लिया। उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया गया है। बाकी भाग गए। दीपक के पिता विनोद गोयल को डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। यह घटनाक्रम सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गया, जो सोशल मीडिया पर शेयर होता रहा। पुलिस सीसीटीवी फुटेज, प्रत्यक्षदर्शियों और दुकानदारों के बयान के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

## किसानों ने प्रदर्शन किया

**बीकानेर, (कासं)।** श्रीकोलायत के लोहिया गांव में कम वोल्टेज और बार बार हो रही कटौती के खिलाफ ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रीड सब स्टेशन पर ताला जड़ दिया। बाद में आला अधिकारियों ने मौके पर पहुंच किसानों को समझाया। श्रीकोलायत विधानसभा क्षेत्र के लोहिया गांव में ग्रामीणों ने बिजली समस्या को लेकर मंगलवार को स्थानीय जीएसएस कार्यालय पर तालाबंदी कर विरोध जताया। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों पर आरोप लगाया कि आपूर्ति में लापरवाही बरती जा रही है। लोहिया गांव व आसपास के कृषि कुओं के काश्तकारों और ग्रामीणों को कम वोल्टेज के साथ बिजली दी जा रही है। ग्रामीण मोहनलाल लोहिया ने बताया कि पिछले कई महीनों से लोहिया और आसपास के क्षेत्रों में लगातार ट्रिपिंग और कम वोल्टेज से फसलों को नुकसान हो रहा है। उधर, क्षेत्रीय विधायक भंवर सिंह भाटी स्वयं हालात का जायजा ले रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से इस बारे में रिपोर्ट भी मांगी है।

## युवक ने आत्महत्या की

**डूंगरपुर, (निसं)।** दोवडा थाना क्षेत्र में एक युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक ने देर रात को घर के पीछे बबूल के पेड पर फंदा लगा लिया था। जब उसकी पत्नी और मां ने उसको लटके देखा तो दौडकर मौके पर पहुंची और रस्सी काट दी। इसके बाद परिजन युवक को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के भाई की रिपोर्ट पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच में जुटी है। मृतक के भाई की रिपोर्ट पर पुलिस ने आत्महत्या का मामला दर्ज कर लिया है और कारणों की जांच में जुटी है।

थानाधिकारी कमलेश चौधरी ने बताया कि बाबूलाल कटारा निवासी पारडा चौबीसा नई बस्ती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उसने बताया कि सोमवार देर रात को वह घर पर था। रात करीब 11.30 बजे उसके भाई जयंतीलाल कटारा का बेटा अजय चिल्लाते हुए आया। उसने बताया कि उसके पापा ने फांसी लगा ली है। इस पर वह दौडकर मौके पर गया, इससे पहले जयंती लाल की पत्नी जीवी और मां धुली ने रस्सी काटकर उसको नीचे उतार लिया था। उसे निजी गाडी से चिकित्सालय लेकर आ रहे थे, लेकिन रास्ते में ही जयंती लाल का शरीर में हरकत होना बंद हो गई। चिकित्सालय पहुंचे तो डॉक्टर ने जांच के बाद उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।

## लूट की वारदात को अंजाम देने वाले तीन गिरफ्तार

- क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस की कार्रवाई, तीन मोबाइल व बाइक जब्त

**अजमेर, (कासं)।** शहर में बढ़ती लूट की वारदात पर अंकुश लगाने के लिए एसपी चूनाराम जाट द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस ने विशेष अभियान के तहत मंगलवार को कार्यवाही करते हुए लूट की वारदात अंजाम देने वाले तीन आरोपी युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल ली गई मोटरसाइकिल व लूटा गया मोबाइल बरामद कर लिया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ में जुटी है। तीनों आरोपी आदतन चोर है।

क्रिश्चियन गंज थाना प्रभारी अरविंद चारण ने बताया कि शहर महिलाओं के गले से चेन व मोबाइल लूटने की घटनाओं पर अंकुश लगाने व अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही एसपी चूनाराम जाट के दिशा निर्देशों पर शहर भर में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मंगलवार को मोबाइल लूट के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में लोहाखान निवासी साहिल खान पुत्र नवाज अली, कमला बावड़ी निवासी आजाद जाटव पुत्र माणक चंद व नागफनी निवासी शाहनवाज अंसारी पुत्र इकरामुद्दीन अंसारी है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल और वारदात में इस्तेमाल मोटर साइकिल को भी जब्त किया है। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह राह चलते ऐसे व्यक्तियों पर नजर रखते हैं जिसके हाथ में मोबाइल हो या मोबाइल से बात करता हुआ चल रहा हो। मौका देख कर झपट्टा मारकर मोबाइल छीन कर फरार हो जाते हैं।

पुलिस की पूछताछ में तीनों आरोपियों के खिलाफ थानों में पूर्व में मुकदमे दर्ज है, फिलहाल आरोपियों से पूछताछ में जुटी है।

थाना प्रभारी चारण ने बताया कि 12 अगस्त को परिवादी हड़मान पुत्र हरदेव राम निवासी जिला नागौर ने थाने में उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में परिवादी ने बताया कि 4 अगस्त को उनका पुत्र मित्तल हॉस्पिटल में भर्ती होने की वजह से डेगाना जिला नागौर से रीजनल चौराहा अजमेर पर उतरा और पैदल ही मित्तल हॉस्पिटल जाकर वापस आ रहा था, तभी इंडियन पेट्रोल पंप के सामने पीछे से मोटरसाइकिल पर आए बदमाश मोबाइल छीन कर फरार हो गए। वहीं पुलिस ने परिवादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर टीम का गठन कर कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

## जेल में भिड़े दो गुट, सात घायल

**बीकानेर, (निसं)।** केंद्रीय जेल में मंगलवार सुबह बंदियों के दो गुट आमने सामने हो गए। दोनों के झगड़ों में सात बंदियों के चोट आई है, जिनका इलाज फिलहाल जेल के अंदर स्थित अस्पताल में हो रहा है। उधर, जेल अधीक्षक ने सातों बंदियों के खिलाफ बीछवाल थाने में मामला दर्ज करा दिया है।

जानकारी के अनुसार बीछवाल स्थित केंद्रीय जेल में मंगलवार सुबह सतीश उर्फ सुंडा, टीवा उर्फ टीवरु और रविंद्र उर्फ सेठी गुट की दूसरे गुट के सोमगीर, नवनीत, राहुल और रामनिवास से विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों गुट आमने सामने हो गये। दोनों में जबर्दस्त झगड़ा हुआ। थाप मुक्कों के अलावा पत्थर आदि से भी हमला हुआ। झगड़े की सूचना मिलने के साथ ही जेल सुरक्षा प्रहरी मौके पर पहुंच गए। दोनों गुटों को अलग अलग किया। बाद में सभी को अलग-अलग बैरक में भेजा गया। अब घायलों का इलाज कराने के लिए अस्पताल के अंदर ही व्यवस्था की गई है। बंदियों के खिलाफ जेल अधीक्षक ने मामला दर्ज करा दिया है।

बताया जा रहा है कि बंदियों के दोनों गुटों के चोट भी आई है लेकिन इन्हें जेल से बाहर नहीं निकाला गया। बीछवाल पुलिस ने अभी मामला दर्ज करके छानबीन शुरू की है। बीछवाल पुलिस ही मौके पर तय करेगी कि बंदियों को बाहर पीबीएम अस्पताल में दिखाना है अथवा नहीं। अगर दिखाया जाएगा तो पूरा सुरक्षा घेरा बनाकर इन बंदियों को अस्पताल ले जाया जाएगा।

## एक गिरफ्तार

**कपासन, (निसं)।** थाना पुलिस द्वारा अध्यापिका के साथ छेड़छाड़ कर राजकार्य में बाधा उत्पन करने के मामले में अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार प्रार्थीया ने 10 सितम्बर को मामला दर्ज कर बताया कि कपासन थाना क्षेत्र के विधालय मैं अध्यापिका के पद पर कार्यरत हूं। तुर्किया कला निवासी मुकेश खटीक मेरे फोन पर मैसेज करता है तथा रास्ते में आने जाने के दौरान परेशान करता है तथा अनाधिकृत रूप से मेरे घर में प्रवेश कर गाली गलोच व झगड़ा किया।

## युवती की मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** सदर थाना क्षेत्र में संदिग्ध हालत में युवती की मौत का मामला प्रकाश में आया है। आरोपी युवक 2 दिन पहले युवती के शव को मोर्चरी में रखकर फरार हो गया। मामले में पुलिस ने 3 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। सदर थानाधिकारी ने बताया कि मझोला निवासी सोहनलाल पुत्र मनजी बलात ने रिपोर्ट दी है कि उसकी भतीजी नेहा 15 अगस्त को जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम देखने के लिए घर से निकली थी। रात तक वापस नहीं लौटी। जिसकी परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद नेहा के परिजनों ने राजू के घर पहुंचकर उसके परिजनों से बात की तो उसके परिजनों ने दोनों की जल्द शादी करवाने की बात कही। वहीं 11 सितम्बर को सूचना मिली कि उनकी बेटी नेहा की संदिग्ध हालत में मौत हो गई है।

# घर से 35 मीटर दूर लटका मिला शव, लोगों में रोष

**सायला, (निसं)।** जालोर जिले में सायला पुलिस थाना क्षेत्र के चौराऊ गांव में मंगलवार सुबह एक निजी विद्यालय के बाहर बबूल के पेड़ पर युवक का लटका हुआ शव मिलने से सनसनी फैल गई। वही परिजनों ने हत्या का अंदेशा जताया है।

जानकारी के अनुसार चौराऊ गांव में तिराहे पर बबूल के पेड़ पर सांवलाराम पुत्र शंकरराम मेघवाल उम्र 20 वर्ष निवासी चौराऊ का फंदे से लटकता षव मिला। जिसकी सूचना गांव में फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए। घटना की सूचना पर सायला पुलिस थाने से एएसआई उत्तमसिंह मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल का मौका-मुआयना किया। साथ ही मृतक के परिवारजनों से बात की। जिस पर मृतक के परिजनों ने नामजद आरोपियों को गिरफ्तार नही होने तक षव को पेड़ से नीचे नही उतारने की बात कही। जिसकी सूचना एएसआई ने उच्च अधिकारियों को दी।

भीनमाल वृताधिकारी सीमा चौपड़ा व एसडीएम सूरजभान बिश्नोई मौके पर पहुंचे तथा मृतक के परिजनों से समझाईष की। लेकिन परिजन व समाजबंधु आरोपियों की गिरफ्तारी पर अड़ गए। वही एक बार समाजबन्धु आक्रोशित हो गए। जिस पर भीनमाल वृताधिकारी चौपड़ा ने परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया।

मामले को बढ़ता देख जालोर कोतवाली थानाधिकारी अरविंद पुरोहित, भीनमाल थानाधिकारी लक्ष्मणसिंह, नोसरा थानाधिकारी नरेन्द्र चौधरी सहित पुलिस लाइन से जाब्ता मौके पर पहुंचा। वही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुकृति उज्जैनिया भी सायला थाने पहुंची।

दोपहर को पुलिस व प्रशासन की ओर से नियमानुसार जांच कर न्याय दिलाने व परिजनों को उचित मुआवजा दिलाने की बात कहकर जांच में सहयोग की अपील की। जिसके बाद शव को नीचे उतारकर सायला राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में लाया। जहां पर मेडिकल बोर्ड द्वारा पोस्टमार्टम किया गया। इसके पुनः समाजबंधु आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उज्जैनिया ने एक व्यक्ति को नामज़द रिपोर्ट के आधार पर दस्तयाब करने की बात कही। इसके बाद परिजन सहमत हुए एवं शव को लेकर रवाना हुए।

**मृतक के भाई की रिपोर्ट पर मुकदमा :** मृतक के भाई जामताराम ने एक व्यक्ति के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया कि सांवलाराम पुत्र शंकराराम जाति मेघवाल निवासी चौराऊ सोमवार रात्रि को करीब 9 बजे हमेशा की तरह मीठूसिंह के वहां पर चला गया। मंगलवार सुबह तीराहे पर बबूल के पेड पर लगे फंदे से सांवलाराम का षव लटकता हुआ मिला।

इस संबंध पेड़ के पास के निशान, गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज, पेड़ पर चढ़ने एवं फंदे में काम में लिया गया कपडे की गांठ की फिंगर प्रिन्ट की सम्पूर्ण जांच करने की मांग की।

मृतक की दुकान के सामने शराब की दुकान के सेल्समैन चिरागसिंह भाटी उर्फ दुर्गेश पर शक जताया। मृतक युवक और चिरागसिंह के बीच 10-15 दिन से आपस में गाली गलौज, सोमवार रात्रि को दोनों का झगड़ा होने और सेल्समैन द्वारा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए षड़यंत्रपूर्वक हत्या करने का अंदेशा जताया है।

पुलिस ने हत्या एवं एससीएसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया।

# रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कोटा और जयपुर सैन्य स्टेशन का दौरा किया



केन्द्र सरकार के रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ( दांये पे प्रथम ) का स्वागत किया।

- रक्षा राज्य मंत्री ने सैनिकों के साथ बातचीत की

**जयपुर।** केन्द्र सरकार के रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने 12 व 13 सितंबर को राजस्थान का दो दिवसीय दौरा किया। रक्षा राज्य मंत्री ने दशहरा मैदान, कोटा में राष्ट्रीय रक्षा एम.एस.एम.ई सम्मेलन और प्रदर्शनी में भाग लिया और जयपुर एवं कोटा में सैन्य स्टेशनों का भी दौरा किया।

कोटा में, रक्षा राज्य मंत्री का स्वागत मेजर जनरल ए.वी.एस. राठी, जीओसी गांडीव डिवीजन द्वारा किया गया। दशहरा मैदान में राष्ट्रीय रक्षा एम.एस.एम.ई संगोष्ठी का अयोजन किया गया जहां महत्वपूर्ण सैन्य उपकरण भी प्रदर्शित किए गए। रक्षा राज्य मंत्री ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एम.एस.एमई) से अनुसंधान और विकास में अधिक निवेश करने और नए उत्पादों के निर्माण को बढ़ावा देने और देश की सुरक्षा एवं प्रगति में योगदान करने का आव्हान किया। संगोष्ठी के बाद, रक्षा राज्य मंत्री ने कोटा सैन्य स्टेशन का दौरा किया और सैनिकों के साथ बातचीत की। वह सभी पदों के मनोबल से प्रभावित हुए।

रक्षा राज्य मंत्री 12 सितंबर की दोपहर को जयपुर पहुंचे और जयपुर सैन्य स्टेशन में जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ, सप्त शक्ति कमान, लेफ्टिनेंट जनरल ए एस भिंडर ने उनका स्वागत किया। मुख्यालय सप्त शक्ति कमान में रक्षा राज्य मंत्री मंत्री को रक्षा सम्बंधित महत्वपूर्ण मुद्दों से अवगत करवाया गया। इसके पश्चात्, उन्होंने ने सैनिकों के साथ बातचीत की और सप्त शक्ति कमान की संक्रियात्मक तैयारियों का जायजा लिया। सप्त शक्ति कमान द्वारा हाल ही में, राजस्थान में आई बाढ़ आपदा के दौरान मानवीय सहायता और राहत में अमूल्य योगदान देने के लिए सभी जवानो की सराहना की। उन्होंने सभी पदों को उसी उत्साह के साथ अपने कार्यों को जारी रखने का आव्हान किया। 13 सितंबर को रक्षा राज्य मंत्री ने प्रेरणा स्थल जयपुर सैन्य स्टेशन पर पुष्पांजलि अर्पित की और देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों को सम्मान दिया।

# नौकरी का झांसा देकर रुपए ठगे

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** सरकारी नौकरी लगाने का झांसा देकर रुपए ठगने का मामला सामने आया है। चश्मे की दुकान पर काम करने वाले युवक को बदमाशों ने बैंक आदि सरकारी विभागों में अच्छी जान-पहचान की बता कही।

उन्होंने कहा कि वह नौकरी लगवा देंगे। दुकान का मालिक भी बातों में आ गया और बैंक में नौकरी लगवाने के लिए रुपए देने पर राजी हो गया। लेकिन बाद में धोखाधड़ी का पता चला। मामला श्रीगंगानगर के कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

कोतवाली एसएचओ देवेंद्र सिंह ने बताया कि गांव फतूही के देवीलाल की श्रीगंगानगर में चश्मों की दुकान है। करीब दस दिन पहले उसकी दुकान पर गोदूवाली ढाणी का नवल किशोर और गांव 21 एसडीएस का धर्मेश गोदारा आए और उसकी दुकान के कर्मचारी को बातों में उलझा लिया। नवल किशोर ओर धर्मेश ने उन्हें सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा दिया। कर्मचारी की बातें सुनकर दुकान मालिक देवीलाल ने भी दोनों आरोपियों की बातों में रुचि दिखाई। आरोपियों ने देवीलाल को बैंक में नौकरी लगाने का झांसा देकर रुपए की मांग की।

## नवीन कार्यकारिणी को शपथ दिलाई

**राजगढ़, (निसं)।** लायंस क्लब के सह प्रांतपाल ओपी गग्गड ने कहा कि सेवा के जुनून को स्थाई महत्व की सेवा गतिविधियों में स्थापित करने में राजगढ़ क्लब सक्षम है। क्लब के अनुभवी पदाधिकारी स्थाई सेवा गतिविधियों के बारे में रूपरेखा बनाएं। सह प्रांत वाल राजगढ़ के श्याम मैरिज गार्डन में लायंस क्लब की नवीन कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में लायंस को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व सुमेर जैन पूर्व प्रांत पाल ने नवनिर्वाचित कहानी के अध्यक्ष अजय यादव, सचिव विरेंद्र शर्मा एवं कोषाध्यक्ष प्रदीप महावर सहित कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारियों को जोश खरोश के साथ शपथ ग्रहण कराई। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लायनवाद की महिमा एवं राजगढ़ क्लब की विशिष्ट पहचान के बारे में वक्ताओं ने पुरजोर ढंग से अपने पक्ष रखें। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि रीजनल सलाहकार खेम सिंह आर्य एवं रीजन चेयरपर्सन दीनदयाल तांबी ने लायंस से जुडने एवं उद्देश्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस कार्यक्रम में शिवलाल मीणा, दिनेश सोनी, सुमन यादव एवं शारदा शर्मा ने क्लब की सदस्यता ग्रहण की। इसके बाद सह प्रांत पाल ने शपथ ग्रहण कराई। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष संजय राजस्थानी ने श्रेष्ठ कर्मियों को सम्मानित किया।

# सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में प्रचार-प्रसार के अभाव में नहीं पहुंचे लोग

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** राजीव गांधी ओलंपिक खेल के शुभारंभ पर उपखंड अधिकारी की उपस्थिति में किशनगढ़ बास के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में आयोजित सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में पंचायत समिति प्रधान और नगर पालिका प्रतिपक्ष नेता के अलावा गिनती भर लोगों को छोड़कर सुनने और सुनाने वाले राजकीय सेवा से जुड़े राजपत्रित अधिकारी और कर्मचारी ही दिखाई पड़े। जिसका असर दूसरे दिन मंगलवार को दिखाई दिया जब सुबह से अधिकारी कर्मचारी व्यक्तिगत फोन कर शहर के गणमान्य लोगों को सांस्कृतिक संध्या में आने के लिए निमंत्रण देने में लगे थे।

सोमवार को प्रदेश सरकार की ओर से आयोजित ब्लॉक स्तरीय राजीव गांधी ओलंपिक खेल कूद प्रतियोगिता के शुभारंभ के मौके पर किशनगढ़ बास के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में आयोजित सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का शुभारंभ उपखंड अधिकारी एसडीएम गंगाधर मीणा प्रधान बद्री प्रसाद सुमन प्रतिपक्ष नेता पार्षद उमेश यादव सहित अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। यह सांस्कृतिक कार्यक्रम करीब 2 घंटे रात्रि 7:30 से 9:30 तक चला सांस्कृतिक कार्यक्रम में नायब तहसीलदार पवनेश शर्मा रामकिशन कानूगो लख्मीचंद स्टांप वेंडर हरिओम गुप्ता सहित कलाकारों ने अपनी अपनी प्रस्तुति देकर अलीबकस देश भक्तिभाव से पूर्वक गानों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर प्रधान बद्री प्रसाद सुमन ने अपने संबोधन में कार्यक्रम में श्रोताओं के नहीं पहुंचने पर ऐसे कार्यक्रमों में अधिक से अधिक लोग पहुंचे इसके लिए प्रचार प्रसार कराने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा मैं जानता हूं मैं भी एक अधिकारी रहा हूं अधिकारी पर कितनी जिम्मेदारी होती है और वह भी जब हजारों बच्चे दूर-दराज के गांव स्कूलों से प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए आए हुए हो तो ऐसे में अधिकारी की और भी अधिक जिम्मेदारी बढ़ जाती है। लेकिन दिनभर की भागदौड़ में कुछ पल ईश्वर की भक्ति भजन गाने और हंसने हंसाने के मिल जाए तो दिन भर की थकान दूर हो जाती है जो स्वस्थ जीवन के लिए भी जरूरी है।



सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में ग्रामीण कलाकारों ने प्रस्तुति दी।

- **ओलंपिक खेलकूद प्रतियोगिता के मौके पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में सिर्फ अधिकारी ही मौजूद रहे**

## दलित समाज ने धरना दिया

**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा नगर पालिका परिसर में पालिका उपाध्यक्ष योगेश सैनी एवं पार्षद श्रवण वर्मा के बीच हुई मारपीट का मामला अभी तक भी शांत नहीं हुआ है। पालिका उपाध्यक्ष की गिरफ्तारी की मांग को लेकर दलित समाज के लोग मंगलवार को भी पुलिस थाने के बाहर धरने पर बैठे रहे। गौरतलब है कि शुक्रवार को पालिका परिसर में पालिका उपाध्यक्ष व पार्षद के बीच हुई कहासुनी मारपीट तक आकर रूकी है। साथ ही विचारणीय बिन्दु तो यह है कि पालिका उपाध्यक्ष योगेश सैनी व पार्षद श्रवण वर्मा दोनों ही कांग्रेस पार्टी के है।

उक्त मारपीट की घटना को लेकर पार्षद श्रवण वर्मा ने पालिका उपाध्यक्ष व अन्य लोग के खिलाफ स्थानीय थाने पर मामला दर्ज भी करवाया है। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर तुरंत कार्यवाही करते हुए 3 जनों को 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया था। उक्त मामले को गम्भीरता से लेते हुए पुलिस थाने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू दिनेश शर्मा, वृत्ताधिकारी सांभरलेक लक्ष्मी सुथार एवं थानाधिकारी रघुवीर सिंह राठौड फुलेरा सहित जोबनेर, रेनवाल, सांभर सहित अन्य थाने का पुलिस जाप्ता तैनात रहा। वहीं पुलिस के आलाधिकारियों ने धरना दे रहे लोगों से समझाइश की।

## सार-समाचार

### पोषण माह कार्यक्रम आयोजित



**कोटपूतली।** स्थानीय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 5 वें राष्ट्रीय पोषण माह के अन्तर्गत निकटवर्ती ग्राम पंचायत बनेठी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पोषण से सम्बंधित स्वस्थ शरीर में स्वस्थ दिमाग का निवास होता है की थीम पर जन जागरूकता के लिए लघु नाटक, कविता, पोषण गीतों का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पूर्व प्राथमिक बच्चों के लिए एक शैफ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महिला पर्यवेक्षक संतरा यादव ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। कल्याणपुरा कलां सरपंच प्रतिनिधि विक्रम छावड़ी ने प्रतियोगिता में प्रथम रही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पुरूस्कार वितरित किये। इस दौरान ब्लॉक कॉर्डिनेटर मनोज कुमार शर्मा, प्यारेलाल, महेश वर्मा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### गायों को औषधि युक्त लड्डू खिलाए



**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ढाणी जयरामकावाली में लम्पी वायरस से ग्रसित कई गायों को औषधीय लड्डू, मेडिसिन व इंजेक्शन देकर किया उपचार। समाजसेवी सुशील अग्रवाल बताया कि पता नहीं ढाणी जयरामकावाली में 10 लम्पि वायरस से ग्रसित गायों के लिये पशू चिकित्सक डॉ सुनील कुमार वर्मा के सानिध्य में औषधीय लड्डू खिलाकर तथा मेडिसन देकर उपचार किया गया । इस सेवा अभियान में अशोक भादवा,नन्दकिशोर शर्मा,पत्रकार महेंद्र खड़ोलिया आदि का विशेष सहयोग रहा।

### सभापति ने वार्डों का दौरा किया

**अलवर, (निसं)।** शहर की सफाई व्यवस्था और विभिन्न निर्माण कार्यों का जायजा लेने के लिए मंगलवार सुबह सभापति घनश्याम गुर्जर और नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट ने शहर के विभिन्न वार्डों का दौरा किया। इस दौरान सभापति और आयुक्त ने अग्नि सर्किल के पास निर्माणाधीन इंटरलॉकिंग कार्य स्कीम 1०वी में सीवर लाइन मरम्मत कार्य सहित विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट ने मौके पर मौजूद सहायक अभियंताओं को निर्देश दिए थे समस्त निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा के बीच किए जाएं साथी सहायक अभियंता नीम की नियमित मॉनिटरिंग करें। इस दौरान अधिशासी अभियंता दिनेश चंद्र, सहायक अभियंता मुकेश कुमार तिवारी, राजकुमार सैनी, नवीन कुमार मीणा और मुख्य सफाई निरीक्षक लक्ष्मण मीणा साथ रहे।

### जीविका व देवांगी प्रथम रहीं

**खैरथल, (निसं)।** अलवर जिला योगा ऐसोसिएशन के द्वारा खैरथल में आयोजित जिला स्तरीय योगा प्रतियोगिता में दो प्रतिभागियों जीविका केवलानी व देवांगी लालवानी ने इतिहास रच दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्थान किसान आयोग के उपाध्यक्ष एवं क्षेत्रिय विधायक दीपचंद खैरिया ने बालिकाओं द्वारा रिकॉर्ड बनाने पर शुभकामनाएं देते हुए हुए कहा कि हमें बच्चों को एकता एवं संस्कारों का पाठ पढ़ना चाहिए जिससे देश का नाम रोशन करने वाली ऐसी पीढ़ी प्रोत्साहित हो। उन्होंने कोच हरिओम सैनी की भी सराहना की। जिला स्तर पर प्रथम आने एवं कीर्तिमान बनाने पर उनके योगा क्लब एवं विद्यालय में हर्ष की लहर दौड गई। पूर्व में भी इन्होंने गोल्ड मेडल जीता था। इस कार्यक्रम में विधायक दीपचंद खैरिया के साथ पार्षद जाजन मुलानी, कर्ण सिंह चौधरी, क्रीडा भारती के जिलाध्यक्ष शेरसिंह सैनी, शिक्षाविद् जसवंत सिंह आर्य, पीटीआई हरवीर सिंह भड़ाना, राजस्थान पुलिस में कार्यरत राष्ट्रीय खिलाडी टींकू कुमार, विधायक के मीडिया प्रभारी सुनील गोल्डी, प्रमोद केवलानी, हीरालाल भूरानी, नवीन मंगल आदि के साथ अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### बाइक फिसलने से तीन युवक घायल

**बहरोड़/ नीमराना, (निसं)।** बहरोड़ कस्बे में देर शाम लगभग 7 बजे नए बस स्टैंड के पास बाइक पर सवार युवकों की बाइक पैदल यात्री से टकराकर बस के अगले पहिए के नीचे फिसल गई। एक युवक पीयूष पुत्र नरेश कुमार निवासी इंदिरा कॉलोनी दब गया लोगों के चिल्लाने से बस को रुकवा कर मोटरसाइकिल तथा दबे युवक को निकाला गया तथा दो अन्य युवक शुभम पुत्र नरेंद्र व आशु पुत्र बबलू किराएदार बहरोड़ गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनमें से एक को खबर लिखे जाने तक ओम हॉस्पिटल में भर्ती करा दिया गया। घायल होने के बाद तीनों युवकों को स्कॉर्पियो गाड़ी से कैलाश पार्क हॉस्पिटल बहरोड़ ले जाया गया। जिसमें पीयूष पुत्र नरेश की टायर के नीचे आने से हालत गंभीर रूप से संदेह के दायरे में है जो कैलाश पार्क हॉस्पिटल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती किया गया। हादसा होने पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई थी।

### बीसूका उपाध्यक्ष का स्वागत

**अलवर, (निसं)।** प्रदेश बीसूका उपाध्यक्ष डॉ चंद्रभान का अलवर आगमन पर जिला कांग्रेस कमेटी अलवर जिलाध्यक्ष व बीसूका उपाध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया कि प्रदेश बीसूका उपाध्यक्ष डॉ चंद्रभान जी का होटल टाइगर डेन सरिस्का में साफा व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। डॉ चंद्रभान व योगेश मिश्रा ने पांडुपोल हनुमान जी महाराज एवं भर्तृहरि जी महाराज की पूजा अर्चना कर अमन, चैन, खुशहाली की प्रार्थना की।

## व्यापारियों ने विधायक का जताया आभार

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** अनाज मंडी किशनगढ़बास में 70. 34 लाख की लागत से सीसी सड़क का निर्माण होगा। इसके लिए कृषि विपणन बोर्ड निर्देशक एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव जयपुर ने विधायक दीपचंद खेरिया की अनुशंसा पर प्रशासनिक वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी गई है।

विधायक के निजी मीडिया सहायक सुनीलकान्त गोल्डी ने प्रेस विज्ञिप्त जारी कर बताया है कि कृषि विपणन बोर्ड निर्देशक एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव जयपुर में विधायक दीपचंद खैरिया की अनुशंसा पर मंडी यार्ड किशनगढ़बास में 70. 34 लाख रुपए की लागत से आंतरिक सीसी सड़क के निर्माण कार्य के लिए वित्तीय स्वीकृति जारी की है। विधायक की अनुशंसा पर कृषि विपणन बोर्ड की और से 70.34 लाख रुपए मंजूर कर वित्तीय स्वीकृति जारी करने पर व्यापारियों ने विधायक का आभार व्यक्त किया है।

## सैनी समाज की बैठक

**लालसोट, (निसं)।** माली सैनी समाज की 15 सितंबर को विधाधर नगर स्टेडियम जयपुर में आयोजित होने वाली हल्लाबोल रैली में अधिक से अधिक लोगों के शामिल होने को लेकर लालसोट देहात तहसील अध्यक्ष बाबूलाल सैनी, तहसील अध्यक्ष शहरी मुकेश हलवाई एवं तहसील प्रभारी दीपक सैनी किशनपुरा ने लालसोट में एक मीटिंग का आयोजन किया।

बैठक में राष्ट्रीय फूले ब्रिगेड लालसोट के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे। मीटिंग में 15 सितंबर को लालसोट तहसील के सभी समाज बंधुओं को अधिक से अधिक संख्या में जयपुर पहुंचकर हल्लाबोल रैली का सफल बनाने का आव्हान किया। इस अवसर पर बाबूलाल जी तहसील अध्यक्ष, मुकेश जी तहसील अध्यक्ष, दीपक सैनी किशनपुरा तहसील प्रभारी, मनोहर सैनी तहसील उपाध्यक्ष , रामजीलाल सैनी तहसील सोशल मिडीया प्रभारी ,भीमराज , रोहित ,गोलू , सागर सहित अनेक समाज बधुं उपस्थित रहे।

# 'खाद्य इकाई लगाने पर दस लाख लाख तक का अनुदान मिलेगा'

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय पर कृषि उपज मंडी समिति सभागार में मंगलवार को महिपाल सिंह क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक कृषि विपणन विभाग खण्ड जयपुर की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री सुक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना की बैठक आयोजित की गई।

जिसमें निदेशक द्वारा व्यापारियों एवं किसानों को योजना के तहत उद्योग लगाने हेतु प्रेरित किया गया। मंडी समिति सचिव ममता गुप्ता ने बताया कि उक्त योजना के अन्तर्गत सुक्ष्म कृषि प्रसंस्करण इकाई उन्नयन के लिए अथवा नवीन उद्योग की स्थापना पर प्रोजेक्ट लागत की 35 प्रतिशत सब्सिडी या अधिकतम दस लाख की वित्तीय सहायता अनुदान के रूप में दिये जाने का प्रावधान है। साथ ही बैंक ऋण स्वीकृत होने के अधिकतम तीन माह की अवधि में कृषि प्रसंस्करण योजनान्तर्गत आवेदन करने पर कुल प्रोजेक्ट राशि के दस प्रतिशत टॉपअप का प्रावधान है। पीएफएफएमई के मार्केटिंग के मेनेजर संदीप सैनी ने लोगों को योजना की सम्पूर्ण जानकारी दी एवं आवेदन की प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया। फुड टेक्नोलोजी मेनेजर महेन्द्र चौधरी द्वारा उद्यिमयों को खाद इकाईयों हेतु उपयोग में आने वाली विभिन्न मशीनों योजना में आने वाले उधोगों के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। जिला रिसोर्स पर्सल रजत चौधरी द्वारा 12 रजिस्ट्रेशन किये गये। इस अवसर पर विभिन्न बैंको से आये प्रतिनिधि, रिको इण्डस्ट्रीज एरिया अध्यक्ष, कमलेश बडाया, फल सब्जी मंडी अध्यक्ष शंभूलाल सैनी, किसान संघ अध्यक्ष धर्मराज मीना, मंडी के अनेक व्यापारी, किसान आदि मौजूद थे। मंडी समिति सचिव ने बताया कि आज 14 सितम्बर को कृषि उपज मंडी समिति मंडावरी में भी उक्त योजनान्तर्गत शिविर लगाकर सुक्ष्म उद्योग इकाईया लगाने वाले किसानो एवं व्यापारियो का रजिस्ट्रेशन किया जायेगा और योजना के सम्बन्ध में जानकारी भी दी जायेगी। बैठक के दौरान कई व्यापारी किसान एवं स्वय सेवी संस्थान आदि के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

- **'व्यापारी बनेंगे आत्मनिर्भर, स्वरोजगार के बढ़ेंगे अवसर'**


कृषि निदेशक महिपाल सिंह ने कृषि उपज मंडी सभागार में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्यान्न उन्नयन योजना की बैठक ली।

# मापदण्डों के अनुरूप संचालित होंवे आंगनबाड़ी केन्द्र: कलेक्टर

**अलवर, (निसं)।** जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना के तहत जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई।

जिला कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक को निर्देश दिये कि जिले की सभी आंगनबाडियों का संचालन निर्धारित मापदंडों के अनुरूप सुनिश्चित करावे। इसके लिए स्वयं, सीडीपीओ व महिला पर्यवेक्षक फील्ड विजिट कर व्यवस्थाओं को दुरूस्त करावे। उन्होंने कहा कि औचक रूप से वे स्वयं भी आंगनबाडी केंद्रों व वन स्टॉप सेन्टरों का निरीक्षण करेंगे। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रत्येक कुपोषित बच्चे को चिन्हित कर उपचार हेतु चिकित्सालयों में रैफर कराना सुनिश्चित करावे। उन्होंने सीडीईओ को निर्देश दिये कि ड्रोप आउट बेटियों का पुन: एडमिशन करावे। उन्होंने पीसीपीएनडीटी के जिला समन्वयक को निर्देश दिये कि भ्रूण लिंग जांच की रोकथाम के लिए संचालित मुखबिर योजना का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करावे। भ्रूण लिंग जांच की सूचना मिलते ही तुरन्त डिकॉय ऑपरेशन करावे।

जिला कलक्टर ने बैठक में थानागाजी की महिला पर्यवेक्षक शकुन्तला देवी से विगत माह के दौरान किए गए कार्यो की जानकारी ली। महिला पर्यवेक्षक संतोषजनक जवाब नहीं दे पाई। उन्होंने महिला पर्यवेक्षक के मोबाइल से थानागाजी के ग्राम भांगडोली की आंगनबाडी-2 की आंगनबाडी कार्यकर्ता सुनीता सैन से आंगनबाडी की कार्य व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाडी के माध्यम से बालकों एवं किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं को दी जाने वाली सुविधाओं आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाडी में उपस्थित बच्चों की संख्या के बारे में भी जानकारी ली।

बैठक में महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक ऋषिराज सिंगल, डीडी आईसीडीएस देवीराम मीणा, सीएमएचओ डॉ. श्रीराम शर्मा, सीडीईओ पूनम गोयल, पुलिस उपाधीक्षक किशनगढबास अतुल अग्रे, आरसीएचओ डॉ. अरविन्द गेट, पीसीपीएनडीटी के जिला समन्वयक गफूर खान सहित संबंधित अधिकारी, सीडीपीओ एवं महिला पर्यवेक्षक उपस्थित रही।

- **जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई**

## दिव्यांगों के लिए पानी की मोटर भेंट की

**बहरोड़/ नीमराना, (निसं)।** बहरोड़ कस्बे के धर्मचंद गांधी जैन राजकीय महाविद्यालय के पास स्थित शरबती देवी दिव्यांग सशक्तिकरण केंद्र में अनंतपुरा बहरोड़ के केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सेंटर के अशोक सोलंकी असिस्टेंट कमांडेंट सीआईएसफ सेंटर अनंतपुरा बहरोड़ ने दिव्यांग बच्चों की सेवा में पानी की व्यवस्था हेतु एक एचपी की मोटर भेंट की। अशोक सोलंकी का दिल पसीजा और वह पत्नी राजरानी व सीआईएसफ सेंटर अनंतपुरा से सिपाही कपिल देव, एलके सिंह, मधुबन सिंह सहित शरबती देवी दिव्यांग सशक्तिकरण केंद्र बहरोड़ में पहुंचकर राकेश कुमार विशेष शिक्षक तथा संस्था अध्यक्ष रवि कुमार की उपस्थिति में अलवर जिले के बहरोड़ में चल रहे दिव्यांग सशक्तिकरण केंद्र में पहुंचकर संस्थान की प्राथमिक आवश्यकताओं की पूर्ति करने में विशेष सहयोग करते हुए संस्था को दिव्यांग बच्चों के पानी की व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पानी की एक एचपी की मोटर का सहयोग करते हुए योगदान दिया।

## 'रंगरैलियों का अड्डा बनता जा रहा है कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय'

**जयपुर, (निसं)।** राजस्थान विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संघ रुक्टा डेमोक्रेटिक के प्रदेश संयोजक डॉ. रमेश बैरवा ने प्रेस नोट जारी कर आक्रोश व्यक्त किया है कि कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय जातिवाद, भ्रष्टाचार ही नहीं बल्कि रंगरैलियों का भी अड्डा बन गया है। जिससे कॉलेज शिक्षा ही नहीं राज्य सरकार की छवि धूमिल हो रही है।

ताजा प्रकरण कॉलेज शिक्षा आयुक्त के निजी सचिव विशम्भर दयाल का है। इन्होंने 5 सितंबर को जयपुर के बजाज नगर थाने में एफआईआर दर्ज कर आयुक्तालय में कार्यरत एक महिलाकर्मी से कथित आपसी सहमति से अवैध शारीरिक संबंध बनाना स्वीकार किया है। विशम्भर दयाल ने आरोप लगाया है अभियुक्त महिला ने इन्हें चिकनी चुपड़ी बातों में फंसाया गया है। बलात्कार के फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी के दबाव में इन्होंने अभियुक्त महिला को 7 लाख रुपए की मोटी रकम देना स्वीकार किया है और लिखा है कि यह महिला लगातार और पैसे की मांग कर रही है। रुक्टा डेमोक्रेटिक का मानना है कि कॉलेज शिक्षा आयुक्त के बीवी बच्चों वाले निजी सचिव के किसी महिलाकर्मी से अवैध शारीरिक संबंध बनाना नैतिकता को तार-तार एवं कॉलेज शिक्षा विभाग को शर्मसार कर करने वाला कुकृत्य है। आयुक्त के निजी सचिव द्वारा रंगरेली मानने के इस शर्मनाक कृत्य में आयुक्तालय के अन्य अधिकारी और कर्मचारियों के भी शामिल होने की प्रबल संभावना है।

- **महाविद्यालय शिक्षक संघ रुक्टा डेमोक्रेटिक के प्रदेश संयोजक डॉ.रमेश बैरवा ने प्रेस नोट जारी कर आक्रोश व्यक्त किया**

# ग्रामीण ओलंपिक खेल का माहौल बनाने के लिए महत्वपूर्ण : गहलोत

**निवाई, (निसं)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मंगलवार को विवेकानंद मॉडल स्कूल में राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों का अवलोकन करने पहुंचे। उन्होंने इस अवसर पर एकता भाईचारे का संदेश देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भी देश में एकता भाईचारे का माहौल बनाने का प्रयास करें। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आजादी का अमृत महोत्सव के तहत प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु को नजरअंदाज करने पर पीड़ा का इजहार करते हुए कहा कि जैसा करोगे वैसा भावी पीढ़ी आपके साथ भी करेगी, आप के इतिहास को भी भुला दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने प्रथम प्रधानमंत्री पंडति नेहरु की तैयार की गई संस्थाओं की तारीफ करते हुए उनको विकास के लिएए महत्वर्पूण बताया। उन्होंने खेलों के महत्व एवं उद्देश्य को प्रतिपादित करते हुए कहा कि ग्रामीण ओलंपिक खेल देश में खेल का माहौल बनाए जाने के लिए महत्वपूर्ण है और देश अधिक से अधिक मेडल लाए इसका एक प्रयास है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस अवसर पर कहा कि हमारा देश अनेकता में एकता वाला देश है। कांग्रेस ने लोकतंत्र को मजबूत किया। हमारी लडाई आरएसएस, बीजेपी से नहीं हमारी लडाई विचारधारा की है। हम सकारात्मक सोच के साथ सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं।



मंच पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ( दाएं से तीसरे ) व विधायक प्रशांत बैरवा ( दाएं से दूसरे ) आदि मौजूद रहे।

- **मुख्यमंत्री निवाई में राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों का अवलोकन करने पहुंचे**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत शाम 4 बजे हेलीकॉप्टर निवाई के केरोद मोड पहुंचे। वहां से 4:10 बजे विवेकानंद मॉडल स्कूल पहुंचे । उन्होंने 31 मिनट के अपने संबोधन में खेलों के प्रति उत्साह पैदा करने के साथ करने के साथ ही उनके द्वारा चलाई गई योजनाओं की जानकारी दी। एक घण्टे 50 मिनट वो निवाई में आयोजित इस कार्यक्रम में रूके । इस दौरान उन्होंने कबड्डी का मैच भी देखा, खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने कहा कि सभी विधायक मुख्यमंत्री के साथ हैं यदि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत नहीं होते तो सरकार गिर जाती। उन्होंने सरकार बचाई और राज्य में विकास के आयाम तय किए। उन्होंने अशोक गहलोत के कार्य काल को स्वर्ण युग कहकर भी संबोधित किया। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री राजेंद्र सिंह यादव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक प्रशांत बैरवा ने निवाई विधानसभा क्षेत्र में हुए कार्यों को गिनाकर मुख्यमंत्री का आभार जताया। साथ ही ईसरदा का पानी टोंक और निवाई में दिए जाने की मांग की। इस अवसर पर बामनवास विधायक इन्द्रा मीणा, पूर्व विधायक कमल बैरवा, पूर्व जिलाध्यक्ष लक्ष्मण गाता, कलेक्टर चिरन्यम गोपाल, एसपी मनीष त्रिपाठी सहित पुलिस व प्रशासनिक अमला मौजूद रहा।

## ग्रामीण खिलाड़ी दिखा रहे दमखम

**रामगढ़ पचवारा, (निसं)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने खेलों में शारीरिक एवं बौद्धिक दमखम दिखाया। ग्रामीण खिलाड़ियों द्वारा राजीव गांधी ओलंपिक प्रतियोगिता के दौरान आयोजित हुए विभिन्न खेलों में खुद की प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर दर्शकों को हैरान होने पर कर दिया। वहीं मंगलवार को हुए ब्लॉक स्तरीय दूसरे दिन खेलों में विजय रही कबड्डी पुरुष रामगढ़ पचवारा ढोब कालूवास पालूंदा राहुवास कोलीवाडा महिला कबड्डी में बिदरखा बिच्छा कलूवास अमराबाद बिडोली टेनिस क्रिकेट पुरुष में नयावास बिडोली खो खो में महिला टीम कालूवास कुशलपुरा निजामपुरा गोपालपुरा अहमदाबाद वॉलीबॉल में पुरुष टीम गोपालपुरा हेमल्यावाला रालावास शूटिंग वॉलीबॉल मे पुरुष टीम सोनड निजामपुरा हेमल्यावाला रही टीमों ने ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं के दूसरे दिन के मैच में विजय रही वही ग्रामीणों में भी राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों को लेकर उत्साह बना रहा।


### कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.

क्रमांक-नपाश्रीमा./2022-23/3719-20 दिनांक-13.09.2022

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

श्री श्रवण कुमार पुत्र श्री मुरलीधर जाति जाट निवासी वार्ड नं.03 गीता भवन की गली श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम | पडौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) | वर्तमान वार्ड नं. 03 गीताभवन की गली सीकर बाजार श्रीमाधोपुर | चर्तु सीमाऐं निम्न प्रकार से है- पूर्व दिशा में हलवाई परिवार की हवेली, पश्चिम दिशा में आम रास्ता उत्तर दिशा में मालचन्द बहेती का मकान व दक्षिण दिशा मे महाजन परिवार की हवेली अवस्थित है। | मकान आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब से पश्चिम 49 फुट, उत्तर से दक्षिण 26 फुट 3 इंच, कुल क्षेत्रफल 142.91 वर्गगज या 119.47 वर्गमीटर है। |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 13.09.2022 को जारी की गयी।
अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर

प्रारूप-5 (नियम 6 (2) देखिए)

### कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.

क्रमांक-नपाश्रीमा./2022-23/3662-63 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-13.09.2022

श्री सुनील कुमावत पुत्र श्री रिछपाल कुमावत, निवासी-वार्ड नं.26, कस्बा श्रीमाधोपुर जिला सीकर राजस्थान ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/ गली का नाम | पडौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) | वर्तमान वार्ड नं. 26 अवस्थित भूखण्ड | चर्तु सीमाएँ पूरब में श्रीमती प्रभाती देवी पत्नी श्री मोहनलाल कुमावत का हिस्सा व आगे आवास श्री रूडमल कुमावत का, पश्चिम में आवास श्रीमती फूली देवी पत्नी श्री छीतरमल कुमावत का, उत्तर में आवास श्रीमती फूली देवी पत्नी श्रीमती छीतरमल कुमावत का व आवास श्री दीपचंद कुमावत का एवं दक्षिण में आम रास्ता होकर स्थित है। | मकान आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी पूरब-पश्चिम 14'-9'' एवं उत्तर-दक्षिण पूर्वी भुजा 42'-3'' एवं पश्चिमी भुजा 43'-4'' होकर कुल रकबा 58.54 वर्गमीटर है। |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 13.09.2022 को जारी की गयी।
अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर

## संक्षिप्त

### आज विद्युत कटौती रहेगी

**मालपुरा, (निसं)।** जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड कार्यालय सहायक अभियंता कदम वशिष्ट ने बताया कि विद्युत लाइनों में आवश्यक रखरखाव कार्यों के चलते बुधवार को मालपुरा शहर की 11 केवी आदर्श नगर फीडर से जुडे इन्द्र कॉलोनी, शास्त्री नगर, जवाहर नगर, पुरानी तहसील, नई नगरी, कायस्त मौहल्ला, आदर्श नगर सहित क्षेत्र में प्रात: 6 बजे से 11 बजे तक विद्युत कटौती रहेगी। अभियंता ने बताया कि राजपुरा जीएसएस 11 केवी से जुडे हाथगी, श्योपुर, सदरपुरा व राजपुरा एवं 11 केवी रिण्डलिया से जुड़े धानोता, कल्याणपुरा, इंदोली व रिण्डलिया सहित आसपास के क्षेत्रों में आज प्रात: 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक विद्युत कटोती रहेगी।

### झाबरसिंह खर्रा का किया स्वागत

**कोटपूतली।** पूर्व विधायक एवं सीकर के पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष झाबरसिंह खर्रा के दिल्ली से श्रीमाधोपुर जाते समय सांगटेड़ा स्थित मोहिनी फिलिंग स्टेशन पर भाजपा मुकेश गोयल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान खर्रा के साथ रामूसिंह सरपंच, क्रय विक्रय सहकारी समिति अजीतगढ अध्यक्ष पूरण गुर्जर, भाजपा नेता प्रभु जाट आदि का भी भाजपा नेता एवं उद्यमी महेश मीणा, भाजपा नेता विकास जांगल, घनश्याम कुमावत तथा बलदेव मीणा ने माला व साफा पहनाकर कोटपूतली आगमन पर अभिनन्दन किया।

### प्रवेश की आखिरी तिथि 22 तक

**टोंक, (निसं)।** इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) द्वारा इग्नू के दूरस्थ माध्यम से संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में जुलाई 2022 सत्र के लिए प्रवेश एवं पुन: पंजीकरण के लिए ऑनलाईन फार्म भरे जा रहे हैं। राजकीय महाविद्यालय टोंक के इग्नू अध्ययन केन्द्र के समन्वयक डॉ. पानमल पहाडिया ने बताया कि नवीन प्रवेश आवेदन की अन्तिम तिथि बढ़ाकर 22 सितम्बर कर दी गई है। पुन: पंजीकरण की अन्तिम तिथि में भी अभिवृद्धि कर 17 सितम्बर कर दी गई है। एसटी एससी के विद्यार्थियों के लिए अधिकांश कोर्स नि:शुल्क है।

### व्याख्याता लगवाने की मांग

**निवाई।** वार्ड पंच लादुलाल वर्मा, राजू जायसावल, रमेश गोस्वामी, श्योदयाल प्रजापत, लक्ष्मण सिंह चौहान, श्योजीराम चौधरी ने बताया कि उच्च माध्यमिक विद्यालय सिरस में हिन्दी, इतिहास, वाणिज्य, विषय के व्याख्याताओं के पद पिछले 6 माह से रिक्त चल रहे हैं जिससे विद्यालय में अध्ययन करने वाले छात्रों का भविष्य अंधकार मय बना हुआ है। ग्रामीणों ने निवाई विधायक प्रशान्त बैरवा को पत्र भेजकर विद्यालय में विषय व्याख्याता लगवाने की मांग की है।

### श्रद्धालुओं ने किया कलशाभिषेक

**निवाई।** खणदेवत में क्षमावाणी पर्व पर कलशाभिषेक का आयोजन हुआ। गांव के पदमचन्द जैन व सुमित जैन ने बताया कि गांव में स्थित दिगम्बर पार्श्वनाथ जयपुर में पयुर्षण पर्व के समापन पर भगवान पार्श्वनाथ का पंचायमृत अभिषेक व गायों के लम्पी रोग की समाप्ति के लिए शांतिधारा की।

### हत्या के आरोपी गिरफ्तार

**पावटा, (निसं)।** जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण मनीष अग्रवाल ने बताया कि प्रागपुरा थाना इलाके में ग्राम सितोपसिंहपुरा में हुई जगदीश बावरिया की हत्या की गंभीर घटना मामले में आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली विद्या प्रकाश, डॉ. संध्या यादव वृत्ताधिकारी वृत्त कोटपूतली के दिशा निर्देशन में प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह यादव के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया।

प्रागपुरा थानाधिकारी किरण सिंह यादव की संयुक्त गठित टीम द्वारा हर संभावित क्षेत्रों पर अभियुक्त के बारे में जानकारी प्राप्त कर राजवीर पुत्र पूरणमल जाति बावरिया उम्र 32 साल निवासी कोठी की ढाणी तन सितोपसिंहपुरा, कालूराम पुत्र हजारीलाल जाति बावरिया उम्र 23 साल निवासी टटेरा थाना अजीतगढ़, लालचंद पुत्र पूरणमल जाति बावरिया उम्र 19 साल निवासी कोठी की ढाणी, सुमन पत्नी दलीप जाति बावरिया उम्र 35 साल निवासी रसगण थाना खैरथल जिला अलवर को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की। गिरफ्तार किये मुल्जिमों से प्रकरण हाजा में गहनता से अनुसंधान जारी है।

# अस्पताल में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी व इलाज के लिए आई महिला में हुई हाथापाई

- नाराज स्वास्थ्यकर्मियों ने कार्य बहिष्कार किया
- ओपीडी बंद होने से मरीजों को हुई परेशानी



अस्पताल के कर्मचारी कार्य का बहिष्कार कर धरने पर बैठ गये।

**पावटा, (निसं)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पावटा में इलाज करवाने आई महिला और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी में जमकर मारपीट हुई। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के साथ मारपीट किए जाने से नाराज अस्पताल के कर्मचारियों ने कार्य का बहिष्कार कर दिया।

चिकित्सक एवं अस्पताल कर्मी कार्य का बहिष्कार कर अस्पताल परिसर में बाहर धरने पर बैठ गए और ग्रामीण महिला के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। घटनाक्रम के दौरान 2 घंटे तक ओपीडी कार्य पूर्णतया बंद रखा गया। जिससे मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना पर पहुंची प्रागपुरा पुलिस को चिकित्सक एवं अस्पताल कर्मचारियों सहित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मंजूबाला द्वारा मामला दर्ज करवाया गया।

जिस पर प्रागपुरा पुलिस मामले की जांच- पड़ताल में जुट गई। जानकारी के अनुसार मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पावटा में किसी बात को लेकर चतुर्थ श्रेणी महिला कर्मचारी मंजूबाला और महिला मरीज कोमल जाट के बीच कहासुनी शुरू हुई। बात बढ़ते-बढ़ते कहासुनी मारपीट और हाथापाई तक पहुंच गई। इसके बाद अस्पताल का मेडिकल स्टाफ चतुर्थ श्रेणी महिला कर्मचारी के समर्थन में आ गया और काम का बहिष्कार कर धरने पर बैठ गया। वहीं मेडिकल स्टाफ का कहना है कि जब तक आरोपी पर कार्रवाई नहीं की जाती है तब तक मेडिकल सेवाएं बंद रहेगी। प्रागपुरा पुलिस का कहना है मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। लेकिन वहां मौजूद चिकित्सक एवं अस्पताल कर्मचारियों ने उपखंड अधिकारी को बुलाने की मांग की जिस पर घटना की सूचना मिलने पर पावटा उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह यादव मौके पर पहुंचे। चिकित्सकों ने आरोपी महिला के खिलाफ कडी कार्रवाई की मांग की जिस पर उपखंड अधिकारी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। जल्दी ही सीएचसी में पुलिस चौकी खुलवाने की बात कहीं। जिस पर चिकित्सक एवं अस्पताल कर्मचारी धरना समाप्त कर अपने अपने काम पर लौट आये। वही महिला के परिजनों ने उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह यादव को बताया कि महिला दिमागी रूप से बीमार है। जिसका इलाज चिकित्सकों द्वारा चलाया जा रहा है। इस मौके पर पावटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी देवेंद्र शर्मा, वरिष्ठ चिकित्सक एस.के.वर्मा, अशोक जाट, विनोद योगी, सौरव शर्मा, रवि बंसल, राजेश गुर्जर, सहित नर्सिंग ऑफिसर कमलेश स्वामी, सीताराम गुर्जर, सुभाष छिपी,सुमन यादव, अनीता यादव, एक्स-रे प्रयोगशाला मनीष गुर्जर, डीओ अनिल शर्मा, जयसिंह, राम सिंह सहित चिकित्सक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## बांध में युवक का शव तैरता मिला

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र के डिग्गी थानान्तर्गत चांदसेन भैरू सागर बांध में मंगलवार की सवेरे एक युवक का शव तैरता मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंचे डिग्गी थानाधिकारी सत्यनारायण चौधरी ने शव को पुलिस सुरक्षा में ले डिग्गी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। तो मृतक की बहिन ने शव पोस्टमार्टम डिग्गी के बजाय टोंक मुख्यालय पर करवाये जाने की मांग कर डिग्गी थाने में हत्या का मामला दर्ज कराया।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सवेरे जरिए दूरभाष डिग्गी थाना पर चांदसेन बांध में एक युवक का शव तैरने तथा बांध की मोरी पर एक मोटरसाईकिल खडी होने की मिली सुचना पर थानाधिकारी मय जाप्ते के घटनास्थल पर पहुंचे। मौजूद ग्रामीणों के सहयोग से शव को निकलवा डिग्गी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। थानाधिकारी ने बताया कि मोरी के पास खडी मोटरसाईकिल के नम्बरों को ट्रेस किये जाने पर मृतक युवक का नाम मनप्रीत राव पुत्र जगदीश राव निवासी तिवाडी मोहल्ला केकडी होने की जानकारी सामने आने के बाद केकडी थाना पुलिस के सहयोग से युवक के परिजनों को मामले की जानकारी दी गई। पुलिस की सूचना पर डिग्गी पहुंची मृतक की बहन ममता राव व अन्य परिजनों ने थाना पुलिस से जानकारी जुटाई एवं बांध की मोरी के पास मिले मृतक मनप्रीत के कपडों से मोबाईल व पर्स नहीं मिलने पर मांडलगढ एपीपी एडवोकेट ममता राव ने मनप्रीत की हत्या का अंदेशा जत्ता डिग्गी थाने में मामला दर्ज कराया।

मृतक मनप्रीत सोमवार को घर से निकला था तथा वो एक गोल्ड मेडलिस्ट तैराक था। जो कि बांध में डूब नही सकता। यदि मनप्रीत बांध में कूदकर आत्महत्या करता तो मोरी के पास कपड़े व जूते खोलकर बांध में छलांग नहीं लगाता। मृतक के कपडो से मोबाईल,पर्स व दस्तावेज गायब होना भी हत्या का अंदेशा जताता है। सभी पहलुओ को गंभीरता से लेते हुए पुलिस मामले की जांच करें।

## बाल विवाह रोकथाम के लिए नाट्य प्रस्तुतियां दी



बाल विवाह की रोकथाम के लिए नाटक ज्योति का मंचन किया।

**टोंक, (निसं)।** अजीम प्रेमजी फाउंडेशन टोंक के थिएटर इंटर्न एवं कम्युनिटी थिएटर टोंक द्वारा बाल विवाह की रोकथाम के लिए नाटक ज्योति का मंचन टोंक जिले के अनेक गांवों, विद्यालयों में किया जा रहा हैं। उसी कड़ी में इन दिनों राजकीय माध्यमिक विद्यालय अमीनपुरा, उच्च माध्यमिक विद्यालय मेहंदवास एवं विद्यालय मालियों की झोपड़ी में प्रस्तुति कर 90 प्रस्तुतियां पूरी करी।

अजीम प्रेमजी फाउंडेशन थिएटर इंटर्न के मोहित वैष्णव ने बताया कि शिक्षा कैसे सामाजिक कुरूतियों से निपटने की दिशा में संवाद करने और सामाजिक कल्पना को सुदृढ़ करने के लिए एक अवसर बनाती है। नाटक की मुख्य चरित्र ज्योति बाल विवाह को रोकने, आगे पढने, अपने सपनों को पूरा करने के लिए अकेले खड़ी हो जाती है और अपनी स्वतंत्रता के लिए संवाद करती है। नाटक ज्योति के मंचन का उद्देश्य शिक्षा के माध्यम से समाज में चल रही सामाजिक मान्यताओं, कुरूतियों को किस प्रकार खत्म कर समाज में बदलाव लाया जा सकता हैं और किस प्रकार निरंतर संवाद की सीढी तैयार की जा सकती हैं। नाटक में मंच पर ज्योति के किरदार में मोहित वैष्णव, पिता दीपक कुमार, मां अमन तसेरा, ग्राम वासी रवि चावला, आफताब नूर, फिरोज आलम एवं सुगमकर्ता चितरंजन नामा रहे।

## युवक की हत्या के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

- दो दिन पूर्व ग्राम नांगड़ीवास निवासी युवक की पीट-पीट कर की थी हत्या

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय थाना पुलिस ने दो दिन पूर्व निकटवर्ती ग्राम नांगडीवास निवासी एक 27 वर्षिय युवक की मोबाईल को लेकर हुई हत्या की वारदात का पर्दाफास करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आपको बता दें कि आरोपियों ने ग्राम चतुर्भुज के निकट युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। जिसके बाद मृतक को निकटवर्ती बानसूर कस्बे के सरकारी अस्पताल में ले जाकर पटक दिया था। अस्पताल प्रशासन के बानसूर थाना पुलिस को सूचना दिये जाने पर पूरा मामला प्रकाश में आया था। इस सम्बंध में थाना प्रभारी सवाई सिंह ने बताया कि घटनाक्रम के बाद बानसूर अस्पताल में ही मृतक के बड़े भाई महेन्द्र पुत्र मातादीन गुर्जर निवासी कसानों की ढ़ाणी, नांगडीवास ने रिपोर्ट में बताया था कि विगत 10 सितम्बर की रात्रि करीब 8-9 बजे उसके छोटे भाई मीनुराम उर्फ मोनू को गांव के ही विक्रम पुत्र सुरेश चंद गुर्जर व कृष्ण पुत्र बसावन गुर्जर बानसूर क्षेत्र के ग्राम बासदयाल ले जाने की बात कहकर घर से ले गये थे। जिसे 11 सितम्बर सुबह तक वापस नहीं लौटने पर तलाश करने के बाद भी कोई पता नहीं चला। तभी दिन में 2 बजे आरोपी विक्रम के पिता सुरेश चंद का फोन आया कि मीनुराम बहुत गंभीर बीमार है एवं बानसूर अस्पताल में भर्ती है। इस पर परिजनों ने बानसूर के सरकारी अस्पताल जाकर देखा तो पता चला कि चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। मृतक के शरीर को देखने पर सामने आया तो कई जगह गंभीर चोट के निशान थे। रिपोर्ट में आरोप है कि आरोपी विक्रम व कृष्ण गुर्जर ने उसके भाई की लाठियों से बुरी तरह पीट-पीट कर हत्या कर दी। साथ ही मृतक के शव को बानसूर के अस्पताल में छोडकर चले गये। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विशेष टीम का गठन कर जाँच शुरू की तो सामने आया कि मृतक मीनुराम गुर्जर का मकान व मुल्जिम विक्रम गुर्जर की भेड़ों का बाड़ा पास-पास है एक माह पूर्व विक्रम का मोबाईल बाडे से गुम हो गया था, जिसको लेकर उसे मृतक मीनुराम पर शक था कि उसने मोबाईल चुराया है। जबकि मृतक ने मोबाईल देने से इंकार कर दिया था। इसी के चलते 10 सितम्बर की रात्रि को आरोपी विक्रम व कृष्ण ने झुठ बोलकर मीनुराम को मोटरसाईकिल पर बैठाकर साहबी नदी में अन्य आरोपी राहुल पुत्र धोलाराम गुर्जर के खेत पर लेकर गये। तीनों ने मिलकर मोबाईल की बात को लेकर मीनुराम को मचान (डुंचा) के बांधकर लाठियों से बेरहमी से पीट-पीट कर उसकी हत्या कर दी।

## कांस्टेबल ने पड़ौसी को लोहे की रोड से पीटा

**जयपुर, (निसं)।** कानोता थाना इलाके में मामूली विवाद में एक पुलिसकर्मी ने अपने पड़ोसी और उसके परिवार को डंडों से पीट दिया। आसपास रहने वाले अन्य लोग झगड़ा शांत कराने की कोशिश करते रहे, लेकिन पुलिसकर्मी अपने रौब में आ गया। पड़ोसी से मारपीट करता रहा। मामला जब पुलिस तक पहुंचा तो पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से रिपोर्ट लेकर जांच शुरू कर रही है।

पुलिस ने बताया कि अरिहंत कॉलोनी में रहने वाले संतोष कुमार गुप्ता के घर के नीचे ही मेडिकल की दुकान है। उनका पड़ोसी कांस्टेबल सुरेश सिंह चौधरी अक्सर अपने घर का कचरा गुप्ता के घर के सामने डालता और जला देता। इस पर पड़ोसी गुप्ता को परेशानी होती। दो दिन पहले जैसे ही गुप्ता ने अपने पड़ोसी सुरेश सिंह को ऐसा करने से टोका तो झगड़ा हो गया। आरोप है कि सुरेश सिंह और उसके बेटे ने पड़ोसी और उसके परिवार पर हमला कर दिया। उसे घर से नीचे खींच लिया। घर में जान बचाकर घुसे तो घर में घुसकर भी पीटा। इस पूरी घटना का अब सीसीटीवी वायरल हो रहा है। जिसमें सुरेश और उनका बेटा पड़ोसी संतोष और उनके परिवार के साथ मारपीट करता दिखाई दे रहा है।

## झिलाय में कवि सम्मेलन आज

**निवाई,(निसं)।** गांव झिलाय में साहित्य सेवा मंच के तत्वावधान में हिंदी दिवस पर बुधवार को कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। मंच के प्रसन बोहरा ने बताया कि बुधवार को हिंदी दिवस के अवसर पर साहित्य सेवा मंच की ओर से आदर्श विद्या मंदिर में कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया की कवि सम्मेलन में कवि गौरस प्रचंड कोटा, बृजराज स्नेही टोंक, रमेश घायल झिलाय, सूत्रधार ममता जाट टोंक, रेखा जैन टोंक, टीकाराम राजवंशी, कोमल अग्रवाल निवाई, हेमंत नामा टोंक सहित कई कवि गण भाग लेंगे।

## ब्लॉक स्तरीय ओलम्पिक प्रतियोगिता में खेलों का आयोजन जारी



कोटपूतली में प्रतियोगिता के दौरान वॉलीबॉल खेलते खिलाड़ी।

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम नारेहड़ा स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित किये जा रहे चार दिवसीय ब्लॉक स्तरीय राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल प्रतियोगिता के तहत दूसरे दिन मंगलवार को भी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इस दौरान प्रत्येक आयु व वर्ग के खिलाडियों ने प्रतियोगिताओं में बड़े ही जोश, उत्साह व जुनून के साथ भाग लिया। उल्लेखनीय है कि चार दिवसीय प्रतियोगिता में कबड्डी, शुटिंग बॉल, वॉलीबॉल, हॉकी, खो-खो व टेनिस बॉल क्रिकेट आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

जिसमें 34 ग्राम पंचायतों की 90 टीमों के 1060 खिलाडी भाग ले रहे है। द्वितीय दिन कबड्डी पुरूष टीम के फाईनल मैच में केशवाना राजपूत ने सुन्दरपुरा को व वॉलीबॉल फाईनल मैच में कांसली ने कल्याणपुरा खुर्द को एवं पुरूषों की शुटिंग वॉल प्रतियोगिता के मैच में जगदीशपुरा की टीम ने कल्याणपुरा खुर्द को पराजित किया। इसी प्रकार कबड्डी महिला वर्ग में मोलाहेड़ा की टीम ने कांसली, खो-खो में कल्याणपुरा खुर्द की टीम ने मोहनपुरा को पराजित किया। जबकि महिलाओं की हॉकी प्रतियोगिता में नारेहड़ा व टेनिस वॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में अमाई की टीम विजेता रही। इस मौके पर एसडीएम ऋषभ मण्डल ने आयोजन का जायजा लिया। व्यवस्थाओं को देखते हुए एसएचओ सरूण्ड के नेतृत्व में पुलिस जाप्ता भी तैनात रहा। भारी गर्मी व खिलाडियों के स्वास्थ्य को देखते हुए मेडीकल टीम जुटी रही। समस्त व्यवस्थाओं के साथ-साथ विजेता खिलाडियों को पंचायत समिति की ओर से पुरूस्कृत किया गया।

## समर्थ टीम की गौसेवा जारी

**कोटपूतली, (निसं)।** भाजपा नेता मुकेश गोयल की प्रेरणा से चल रहे समर्थ सशक्त कोटपूतली अभियान के तहत टीम ने लम्पी वायरस से ग्रसित गौवंश की सेवा व सहायतार्थ चलाये जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को विभिन्न गावों में 62 गौवंश का टीकाकरण किया। 350 से ज्यादा गौवंश को दवाईयां दी। विभिन्न स्थानों पर एंटीसेप्टिक विलयन का स्प्रे किया। समर्थ टीम ने गंभीर हालत में मिले गौवंश की ड्रीप लगाकर भी चिकित्सा की। विभिन्न गावों में भी समर्थ टीम के कार्यकर्ता पालतु व बेसहारा गौवंश की सेवा व चिकित्सा करने में जुटे हुए है। टीम के सदस्य राकेश पाल सिंह तॅवर, भूपेन्द्र सिंह, पुष्कर वर्मा, राहुल स्वामी, प्रमोद गुरूजी, प्रफुल्ल रमन, दयाराम कुमावत, राकेश सिंह शेखावत, पंकज शेरावत, सतीश सैनी, सीताराम बंसल, सुरेश सूद, मनमोहन सिंह, योगेश सिंह, विष्णु वर्मा, राहुल वर्मा, टीसी वर्मा, विकास सिंह, पुष्पेन्द्र सैन, मनोज सिंह, नरेन हिन्दू, राजेश सराधना, मधुर गोयल, हितेश रावत, गगन आर्य, विक्रम वाल्मिकी, कमलेश गुर्जर, अनिल सैनी, जयसिंह गुर्जर, मनोज गुर्जर, महेश गुर्जर व नाहरसिंह गुर्जर सहित अन्य मौजूद थे।

## सार-समाचार

### शिविर में 28 पट्टे बांटे



**टोंक, (निसं)।** प्रशासन शहरों के संग अभियान-2021 के अन्तर्गत वार्ड 6, 14 हेतु अग्निशमन केन्द्र टोंक में 2 दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। नगर परिषद आयुक्त रामधन गुर्जर ने बताया कि शिविर के दौरान विभिन्न श्रैणी के पट्टों हेतु कुल 68 पत्रावलियां प्राप्त हुई तथा 28 व्यक्तियों को पट्टों का वितरण किया गया। इस मौके पर आयुक्त रामधन गुर्जर, अधिशाषी अभियन्ता राकेश शर्मा, केम्प प्रभारी हजारी लाल भील, सह-प्रभारी मोहम्मद उमर खान एवं पार्षदगण आदि उपस्थित रहे। आगामी शिविर वार्ड नं॰31, 32 हेतु 15 व 16 सितम्बर को अग्निशमन केन्द्र टोंक में लगाया जावेगा। शिविर के दौरान ही इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के तहत 9 सितम्बर से अबतक 636 मस्टर रोल के लिए जॉब डिमांड का रजिस्ट्रशन किया गया। जिसके आधार इन सभी व्यक्तियों को उक्त योजना में 100 दिवस का रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा।

### पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित



**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के हलवाई बाजार के निकट स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या नविता वर्मा ने बताया कि पोषण माह के अंतर्गत आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने भाग लेकर विभिन्न बिन्दुओं पर पोस्टर बनाये। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी सपना कुमावत द्वारा छात्राओं को स्वास्थ्य एवं पोषण के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं आगे बताया कि माह में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा छात्राओं का स्वास्थ्य भी परीक्षण किया गया। इस दौरान विद्यार्थी छात्राओं सहित विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

### संत के स्मृतिदिवस पर संगोष्ठी



**नारायणपुर, (निसं)।** कस्बे में स्थित आस्था के प्रतीक पुरुषोत्तमदास आश्रम के महंत मदन मोहनदास महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को आश्रम के महंत महामंडलेश्वर जनार्दन दास महाराज के सानिध्य में संत समुदाय की संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर दूर-दराज से आए साधुओं ने इन दिनों गायों में फ़ैल रही लंपी बीमार पर चर्चा की और उनको बीमारी से कैसे बचाया जा सकता है इस पर चिंतन कर बीमारी का उपचार बताया। इस दौरान साधुओं ने बारी-बारी से सनातन धर्म की रक्षा पर अपने विचार रखे। इस मौके पर महन्त बालेश्वर दास, निर्मल दास, घनश्याम दास, हरिदास, राम सूशील दास, प्रहलाद दास, राम नरेश दास, विवेकनाथ, माघव दास आदि साधू समाज के लोग मौजूद थे।

### कबड्डी व क्रिकेट प्रतियोगिताएं हुई



**पावटा, (निसं)।** पंचायत समिति पावटा द्वारा कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में विधायक इंद्राज गुर्जर के मुख्य आतिथ्य व उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह की अध्यक्षता में प्रारंभ हुए ब्लॉक स्तरीय राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेल कूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन कबड्डी व नवोदय विद्यालय खेल मैदान में क्रिकेट मैच आयोजित किये गए। जिसमें मैदान नंबर एक में भूरीभडाज का मुकाबला कैरोड़ी से हुआ जिसमें कैरोडी टीम विजय रही, दांतिल का मुकाबला बुचारा से हुआ जिसमें बुचारा टीम विजय रही, वही दांतिल की टीम अनुपस्थित रही, लाडाकाबास का मुकाबला पुरुषोतमपुरा से हुआ जिसमें पुरुषोतमपुरा की टीम विजय रही। वहीं मैदान नंबर 2 पर भांकरी का मुकाबला खेलना टीम से हुआ जिसमें भांकरी टीम विजय रही, द्वारिकपुरा का मुकाबला सुदरपुरा टीम से हुआ जिसमें द्वारिकपुरा टीम विजय रही। दूसरी ओर नवोदय विद्यालय में क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ जिसमे पाथरेडी का मुकाबला भांकरी टीम से हुआ जिसमे भांकरी टीम विजय रही, सुदरपुरा का मुकाबला भूरी भडाज टीम से हुआ जिसमें भूरी भडाज टीम विजय रही, फतेहपुरा का मुकाबला भोनावास टीम से हुआ जिसमें फतेहपुरा टीम विजय रही।

### गौवंश बचाने के लिए युवाओं की पहल

**रींगस, (निसं)।** लम्पी वायरस से गौवंशों को बचाने के लिए युवाओं ने नई पहल की है। अनेक युवा संगठित होकर वायरस से पीड़ित गौवंशों को बचाने के लिए घर-घर दस्तक दे रहे हैं। वहीं गलियों में घूमने वाली गायों का भी पकड़ कर इलाज कर रहे हैं। विजेन्द्र तिवाड़ी ने बताया कि लम्पी वायरस से गौवंश तड़फ तड़फ कर मर रहे हैं। ऐसे में उन्हें बचाने के लिए पहल की गई है। शहर की गलियों में रात को घूम कर गौवंशों को श्याम गेट के पास इकट्ठा कर उनका उपचार किया जा रहा है। कन्हैया लाल शर्मा, विजयपाल सिंह शेखावत, रवी महरोली, पार्षद राजू धायल, प्रेम तिवाडी, श्याम सुन्दर शर्मा कमल कान्त मिश्रा चिकित्सक तथा पशुधन सहायक के सहयोग से गौवंशो का इलाज किया जा रहा है।

### अग्रिम सुनवाई 20 सितम्बर को

**कोटपूतली।** स्थानीय नगर परिषद् द्वारा कस्बे के मास्टर प्लान को लेकर की जा रही तोडफोड़ की कार्यवाही के सम्बंध में राजस्थान हाईकोर्ट में दायर 42 याचिकाओं पर मंगलवार को सुनवाई हुई। जिस पर नगर परिषद् की ओर से सरकारी अधिवक्ता ने पैरवी करते हुए तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए सात दिवस का समय मांगा। जिस पर न्यायालय ने आगामी 20 सितम्बर सुनवाई के लिए तय की है। वहीं न्यायालय में मास्टर प्लान से जुड़ी हुई 6 नवीन याचिकाओं पर भी मंगलवार को सुनवाई हुई। न्यायालय ने उक्त याचिकाओं पर स्थगन देने से इंकार करते हुए नगर परिषद् को जवाब देने के लिए भी एक सप्ताह का समय दिया है। ऐसे में सभी याचिकाओं पर 20 सितम्बर को सुनवाई होगी।

### बाइक की टक्कर से महिला घायल

**मालपुरा ,(निस)** मंगलवार को टोरडी गांव मे जीएसएस पर डीएपी खाद लेने पहुंची रायपुरिया निवासी महिला कृषक प्रीता देवी पत्नि लखन भाट को तेज रफतार मोटरसाईकिल चालक ने सडक किनारे जोरदार टक्कर मारकर घायल कर दिया। हादसे के बाद मौके से भागते बाईक चालक युवक को भीड ने पकड टोरडी पुलिस चौकी कांस्टेबल के सुपुर्द किया तो 1॰8 एम्बूलेंस की सहायता से घायल महिला को मालपुरा के सरकारी अस्पताल मे उपचार के लिए भर्ति करवाया।



खैर, उम्र उसके पक्ष में है। कुछ ही सालों में एक ओर टी-20 विश्वकप आयेगा। भविष्य में वह काफी टी-20 विश्वकप खेल सकता है। अब उसे इस तरह प्रदर्शन करना होगा कि उसे टीम से बाहर नहीं किया जा सके। **- सुनील गावस्कर**

**पूर्व भारतीय कप्तान, रवि विश्नोई को लेकर।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## डेविड वॉर्नर



**डेविड** वॉर्नर आगामी हफ्तों में खुद की कप्तानी पर लगे आजीवन प्रतिबंध को समाप्त करने के लिये क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) से चर्चा करेंगे क्योंकि बोर्ड पूर्व वनडे कप्तान आरोन फिंच की जगह यह जिम्मेदारी किसी अन्य खिलाड़ी को सौंपना चाहता है। फिंच ने खराब फॉर्म के कारण रविवार को वनडे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की जबकि अगले साल भारत में होने वाले 50 ओवर के विश्व कप के लिये महज 12 महीने का समय बचा है। टेस्ट कप्तान पैट कमिंस इस जिम्मेदारी को संभालने के लिये प्रबल दावेदार हैं, लेकिन यह निर्भर करेगा कि वह अपना कार्यभार संभाल सकेंगे या नहीं।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट में न्यूजीलैंड ने 45वें टैस्ट मैच में अपनी पहली जीत दर्ज की थी, जो उसने वेस्टइंडीज को 1955-56 में हरा अपनी हार का सिलसिला तोड़ा।

## क्वालीफिकेशन में हारकर बाहर हुई विनेश



बेलग्रेड (सर्बिया), 13 सितंबर। राष्ट्रमंडल खेलों की तीन बार की चैंपियन विनेश फोगट मंगलवार को यहां विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में बड़े उलटफेर में मंगोलिया की खुलन बत्खुयाग से 0-7 से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गयीं। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 में भारत के लिये स्वर्ण जीतने वाली 10वीं वरीयता प्राप्त विनेश महिला फ्रीस्टाइल 53 किग्रा क्वालीफिकेशन मुकाबले के अंतिम पलों में अपना संतुलन खो बैठीं और एशियाई रजत पदक विजेता बत्खुयाग ने उन्हें चित कर दिया। बत्खुयाग ने पहले दौर में 3-0 की बढ़त बनाई और अंतिम सेकंड में पूर्व विश्व कांस्य पदक विजेता को मैट पर पटक कर चार अंक बनाते हुए विशाल जीत हासिल की।

उल्लेखनीय है कि विनेश से चयन ट्रायल में हारने वाली जूनियर पहलवान अंतिम पंघाल ने पिछले महीने बत्खुयाग को अंडर-23 एशियाई खेलों में मात दी थी। पूर्व सिल्वर मेडलिस्ट अंशू मलिक की अनुपस्थिति में और गत चैंपियन जापान की अकारी फुजीनामा के चोटिल होने के बाद विनेश पदक की प्रबल दावेदार थीं।

इसी बीच, भारत की नीलम सिरोही (50 किग्रा) दो बार की विश्व रजत पदक विजेता रोमानिया की एमिलिया अलीना वुक से तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 0-10 से हार गईं।अत्यधिक तंग घुटने से जूझ रहे फ्रांसीसी पहलवान कौंबा लैरोक ने महिलाओं की 65 किग्रा में तकनीकी श्रेष्ठता के साथ शैफाली को मात दी।

## प्रणय ताजा बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में 16वें नंबर पर पहुंचे

नयी दिल्ली, 13 सितंबर। भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी एच एस प्रणय अपने शानदार प्रदर्शन के बूते मंगलवार को जारी ताजा बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में दो पायदान आगे 16वें स्थान पर पहुंच गये। प्रणय ने विश्व चैम्पियनशिप और जापान ओपन सुपर 750 क्वार्टरफाइनल में जगह बनायी और 33 टूर्नामेंट खेलने के बाद उनके 64,330 अंक हो गये हैं। तीस वर्षीय भारतीय हाल में 'रेस टू ग्वांगझू' में पुरूष एकल में शीर्ष खिलाड़ी बना था जिससे सत्र के अंतिम बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल के लिये क्वालीफायर का फैसला होता है।

साथी भारतीय किदाम्बी श्रीकांत भी दो पायदान के फायदे से 12वें स्थान पर पहुंच गये हैं जबकि लक्ष्य सेन दुनिया के नौवें नंबर से भारतीय पुरूष खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर बरकरार हैं। चोट के कारण विश्व चैम्पियनशिप और जापान ओपन में नहीं खेलने वाली पीवी सिंधू को भी एक पायदान का लाभ मिला है जिससे वह सातवें स्थान पर पहुंच गयीं।

लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल ने तीन पायदान के फायदे से शीर्ष 30 में अपना स्थान हासिल कर लिया है। पुरूष युगल में चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर कायम हैं जिन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में अपना पहला स्वर्ण और विश्व चैम्पियनशिप में पहला कांस्य पदक जीता था। अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी एक पायदान के नुकसान से महिला युगल रैंकिंग में 28वें स्थान पर खिसक गयी हैं। तनीषा क्रास्टो और ईशान भटनागर की मिश्रित युगल जोड़ी ने दो पायदान चढ़कर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 33वीं रैंकिंग हासिल की।

## एफवन ड्राइवर एल्बोन सर्जरी के बाद वेंटिलेटर पर

मोंजा (इटली), 13 सितंबर। फॉर्मूला वन ड्राइवर एलेक्स एल्बोन को सर्जरी के बाद जटिलताओं कारण सांस नहीं ले जाने के कारण वेंटिलेटर पर रखना पड़ा। एल्बोन की विलियम्स टीम ने सोमवार को एक बयान में कहा कि एल्बोन शनिवार की सुबह एपेंडिसाइटिस के कारण इतालवी ग्रां प्री से बाहर हो गए थे और उनकी सफल सर्जरी हुई थी लेकिन फिर उन्हें गहन चिकित्सा इकाई में ले जाया गया क्योंकि उन्हें सांस लेने में सहायता की आवश्यकता थी। विलियम्स ने कहा, ''सर्जरी के बाद एलेक्स को अप्रत्याशित एनेस्थेटिक जटिलताओं का सामना करना पड़ा जिसके कारण वे सांस नहीं ले पा रहे थे जो एक ज्ञात लेकिन असामान्य जटिलता थी।'' टीम ने कहा, ''उसे फिर गहन चिकित्सा इकाई में स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने रात को अच्छी प्रगति की थी और कल सुबह यांत्रिक वेंटिलेशन से निकाला गया। उन्हें अब एक सामान्य वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया है और उनके कल घर लौटने की उम्मीद है। कोई अन्य जटिलताएं नहीं थी।''

## ओसासुना ने अल्मेरिया को 1-0 से हराया

मैड्रिड, 13 सितंबर। ओसासुना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग में अच्छी शुरुआत जारी रखते हुए सोमवार को यहां निचली लीग से शीर्ष लीग में आई अल्मेरिया को 1-0 से हरा दिया। यह ओसासुना की ला लीगा में पांच मैचों में चौथी जीत है जो बार्सीलोना और रियाल बेटिस के बराबर है। केवल गत चैंपियन रीयाल मैड्रिड ने पांच मुकाबले जीते हैं। मैच का एकमात्र गोल चिमी एविला ने 28वें मिनट में पेनल्टी स्पॉट के पास से दागा। इस जीत से ओसासुना की टीम तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई है। यह अल्मेरिया की लगातार दूसरी और कुल तीसरी हार है।

## डायबाला के शानदार प्रदर्शन से रोमा ने एम्पोली को हराया

एम्पोली (इटली), 13 सितंबर। पाउलो डायबाला ने एक गोल किया और एक गोल करने में मदद की जिससे रोमा ने सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट के रोमांचक मुकाबले में एम्पोली को 2-1 से हराकर जीत की राह पर वापसी की। रोमा को 17वें मिनट में डायबाला ने बढ़त दिलाई लेकिन फिलिपो बेंडिनेली ने 43वें मिनट में एम्पोली को बराबरी दिला दी। टैमी अब्राहम ने 71वें मिनट में रोमा को 2-1 से आगे किया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। रोमा की टीम मैच के दौरान पेनल्टी पर गोल करने से चूक गई जबकि एम्पोली के एक खिलाड़ी को अंतिम लम्हों में लाल कार्ड दिखाकर मैच से बाहर कर दिया गया। इस जीत से रोमा की टीम अंक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गई है। टीम तीसरे स्थान पर मौजूद एसी मिलान से सिर्फ एक अंक पीछे है। नेपोली और अटलांटा शीर्ष दो स्थान पर हैं। जोस मोरिन्हो की रोमा टीम को अपने पिछले दो मैच में उडिनेस के खिलाफ 0-4 और लुडोगोरेट्स के खिलाफ 1-2 से शिकस्त झेलनी पड़ी थी।

## सुब्रतो कप फाइनल में मणिपुर, झारखंड आसने-सामने

नयी दिल्ली, 13 सितंबर। हेरोक हायर सेकेंडरी स्कूल (मणिपुर) और बेरवा हाई स्कूल (झारखंड) 61वें सुब्रतो कप के अंडर-14 फाइनल में खिताब के लिए भिड़ेंगे। फाइनल मुकाबला गुरुवार, 15 सितंबर को बीआर अंबेडकर स्टेडियम में शाम चार बजे से खेला जाएगा। हीरोक हायर सेकेंडरी स्कूल ने मंगलवार को पहले सेमीफाइनल में ग्रीनवुड स्कूल (नागालैंड) को 2-0 से हराया। ए. देवो (24वां मिनट) और टी. लिक्सन (48वां मिनट) ने विजेता टीम के लिये गोल किये। दूसरे सेमीफाइनल में बेरवा हाई स्कूल ने गवर्नमेंट मॉडल हाई स्कूल (चंडीगढ़) को 3-1 से हराकर फाइनल में जगह बनायी। बेरवा एचएस के लिए आकाश मंडी (11वें मिनट), मोहित मुर्मू (25वें मिनट) और समीर सोरेन (37वें मिनट) ने गोल किये जबकि चंडीगढ़ का एकलौता गोल हिपज्योति मोरन ने 26वें मिनट में गोल जमाया।

## लालीगा प्रसारण में पहली बार होगी हिन्दी कमेंट्री

नयी दिल्ली, 13 सितंबर। स्पेन की प्रमुख फुटबॉल लीग लालिगा के 2022-23 सीज़न में रियल माड्रिड और एफसी बारसिलोना के बीच खेला जाने वाले पहला एल क्लासिको मैच पहली बार हिंदी कमेंट्री के साथ प्रसारित किया जाएगा। लालीगा भारत के प्रबंध निदेशक होज़े एंटोनियो चाकाजा ने बताया कि दुनिया के दो सबसे बड़े फुटबॉल क्लबों के बीच 16 अक्टूबर 2022 को होने वाला यह मुकाबला स्पोर्ट्स18, एमटीवी, वूट सेलेक्ट और जियोटीवी पर हिन्दी कमेंट्री के साथ प्रसारित होगा। होज़े ने कहा, ''भारतीय प्रंशसको ने वर्षों से एल क्लासिको को अपार प्रेम दिखाया है और हम इसे ब्लॉकबस्टर प्रतियोगिता को और आगे बढ़ाने के लिए वायकॉम18 के साथ काम करने के लिए बेहद उत्सुक हैं। एल क्लासिको एक फुटबॉल मैच से भी बढ़कर है। यह एक मज़बूत कड़ी है जो दुनिया भर के फुटबॉल के प्रंशसको को एक साथ जोड़ती है।'' रियल मैड्रिड वर्तमान में लालिगा में 76 जीत के साथ शीर्ष पर है, जबकि बारसिलोना अपने खाते में 73 जीत के साथ मैड्रिड के निकट मौजूद है। भारत में लालीगा की प्रतिनिधि आकृति वोहरा ने बताया कि इस साल की प्रतियोगिता में दो नयी टीमें होंगी जो लीग के रोमांच में इजाफा करेंगी। उन्होंने कहा, ''प्रशंसक विशेष रूप से लेवांडोव्स्की-बेंजेमा मुकाबले की प्रतीक्षा कर रहे हैं। यह मैच एशिया-केंद्रित समय पर शुरू होगा। यह एक ऐसा मुकाबला है जिसका भारतीय प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## इंडिया लीजेंड्स के सामने विंडीज की चुनौती

कानपुर, 13 सितंबर। उत्तर प्रदेश के कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में बुधवार को रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज 2022 में इंडिया लीजेंड्स का सामना वेस्टइंडीज लीजेंड्स से होगा। दोनों टीमें इससे पहले अपना एक-एक मुकाबला जीत चुकी हैं। वेस्टइंडीज लीजेंड्स ने लीग के दूसरे सीजन के पहले मैच में बंगलादेश पर नौ विकेट की बड़ी जीत दर्ज की थी। अब यह टीम अपने कप्तान ब्रायन लारा के आने से और मजबूत हो जाएगी। व्यक्तिगत कारणों से लारा शुरुआती मैच में नहीं खेल सके थे।

सचिन तेंदुलकर की अगुवाई वाली इंडिया लीजेंड्स टीम ने शनिवार को दक्षिण अफ्रीका लीजेंड्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए खचाखच भरे स्टेडियम में जुनूनी दर्शकों के सामने 61 रन की बड़ी जीत हासिल की थी। गत चैंपियन ने पिछले मैच के दौरान अपने सभी विभागों को अच्छी तरह परखा। खिताब बचाने उतरी भारतीय टीम की बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण बेहतर दिखी।

तेंदुलकर और नमन ओझा की सलामी जोड़ी हालांकि इंडिया लीजेंड्स को पावरप्ले में शानदार शुरुआत देने में नाकाम रही और दक्षिण अफ्रीका लीजेंड्स के खिलाफ जल्दी आउट हो गई लेकिन अब दूसरे मुकाबले में कानपुर और देश भर के प्रशंसक मास्टर ब्लास्टर और स्थानीय हीरो सुरेश रैना से अच्छी पारी की उम्मीद कर रहे होंगे, जिन्होंने 10 सितम्बर को लीग में डेब्यू करते हुए उपयोगी पारी खेली थी। स्टुअर्ट बिन्नी और यूसुफ पठान ने दक्षिण अफ्रीका लीजेंड्स के खिलाफ बेहतरीन बल्लेबाजी की और अब ये दोनों एक बार फिर डेथ ओवरों में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से वेस्टइंडीज के गेंदबाजों को परेशान करने का प्रयास करेंगे।

इरफान पठान, मनप्रीत गोनी और मुनाफ पटेल के साथ भारत का गेंदबाजी विभाग संतुलित दिख रहा है।

बंगलादेश पर बड़ी जीत के साथ इस मुकाबले में आ रही वेस्टइंडीज लीजेंड्स को भी शुरुआती मैच के अपने प्रदर्शन को दोहराना होगा। पिछले मैच में बेहतरीन अद्धर्शतक लगाने वाले कार्यवाहक कप्तान ड्वेन स्मिथ के साथ-साथ तेज गेंदबाज क्रिसमार सैंटोकी और डैरेन पॉवेल मेजबान टीम के खिलाफ मजबूत प्रदर्शन का लक्ष्य रखेंगे। उनके स्पिनर डेव मोहम्मद, देवेंद्र बिशू और सुलेमान बेन इस प्रारूप में समान रूप से खतरनाक हैं और भारतीयों के लिए उनके खिलाफ रन बनाना आसान नहीं होगा। लीग के पहले संस्करण में इंडिया लीजेंड्स ने वेस्टइंडीज लीजेंड्स को 12 रन से हराया था। इन दोनों टीमों के बीच हुए अब तक हुए 25 टी20 मैचों में से भारत ने 17 में जीत हासिल की है जबकि वेस्टइंडीज ने सात मौकों पर जीत का परचम लहराया है। एक मैच बिना नतीजे के खत्म हुआ है।

### सिराज ने काउंटी पदार्पण पर लिये पांच विकेट

बर्मिंघम, 13 सितंबर। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने मंगलवार को अपने काउंटी चैंपियनशिप पदार्पण पर शानदार प्रदर्शन करते हुए 82 रन के बदले पांच विकेट झटके। सिराज ने सोमरसेट के खिलाफ मैच में वारविकशायर की ओर से इमाम-उल-हक, जॉर्ज बार्टलेट, जेम्स रियु, लेवाइस ग्रेगोरी और जॉश डेवी को आउट किया। उनकी घातक गेंदबाजी की बदौलत सोमरसेट 65.4 ओवर में 219 रन पर सिमट गयी। सिराज के हमवतन जयंत यादव ने 42 रन देकर एक विकेट लिया।

## तरनदीप और रोहित रहे गढ़वाल के हीरो

नयी दिल्ली, 13 सितंबर। गढ़वाल एफसी ने को रोहित गोसाईं के शानदार गोल और गोली तरणजीत के जानदार बचाव से दिल्ली प्रीमियर लीग के एक महत्वपूर्ण मैच में सुदेवा दिल्ली एफसी को हराकर न सिर्फ पूरे अंक पाये बल्कि पराजित टीम की खिताबी उम्मीदों को भी आहत किया। आज यहां नेहरू स्टेडियम पर खेले गए रोमांचक मुकाबले में दो पेनल्टी गंवाने वाली सुदेवा अपनी हार के लिए खुद जिम्मेदार रही। गढ़वाल की जीत के हीरो गोलकीपर तरणजीत रहे, जिसने दो स्पॉट किक बचा कर वाहवाही लूटी। गढ़वाल ने भी मौके गंवाए लेकिन अंतिम मिनटों में रोहित गोसाईं ने दर्शनीय हेडर से विजयी गोल जमाया। आज के नतीजे से सुदेवा 16 मैचों में 28 और गढ़वाल 29 आकों पर है, जबकि दिल्ली एफसी 33 अंक लेकर शीर्ष पर चल रही है। खेलों इंडिया महिला प्रीमियर लीग में सिग्नेचर और हंस क्लब ने ग्रोइंग और रॉयल रेंजर्स को क्रमशः दो-दो गोलों से हराकर पूरे अंक अर्जित किये। सिग्नेचर के लिए प्लेयर ऑफ़ द मैच आशा और अनुष्का शमूएल ने गोल किए। हंस क्लब के दोनों गोल अनीता ने जमाये। प्रेरणा को श्रेष्ठ खिलाड़ी आंका गया।

## कोचिंग स्टाफ, खिलाड़ियों ने हमेशा समर्थन किया : सविता

बेंगलुरू, 13 सितंबर। भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान और गोलकीपर सविता पूनिया ने एफआईएच हॉकी स्टार्स अवॉर्ड्स 2021-22 में साल की सर्वश्रेष्ठ महिला गोलकीपर के लिये नामांकित होने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके साथियों और कोचिंग स्टाफ का समर्थन मददगार साबित हुआ है।

पिछले संस्करण में इसी श्रेणी में पुरस्कार जीतने वाली सविता को लगता है कि वह सही दिशा में आगे बढ़ रही हैं। सविता ने कहा, ''मुझे लगातार दो साल नामांकित होकर काफी अच्छा महसूस हो रहा है। दोबारा नामांकित होने से मुझे लगता है कि मैं ट्रेनिंग में सही दिशा में आगे बढ़ रही हूं। कोचिंग स्टाफ और खिलाड़ियों ने काफी समर्थन किया है। हमने हमेशा हर प्रतियोगिता में साथ काम किया है। हम में से किसी के लिए कोई उपलब्धि व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि टीम के प्रयासों का परिणाम है।''

उन्होंने कहा, ''एक गोलकीपर के रूप में, मेरा काम यह सुनिश्चित करना है कि टीम मेरे प्रदर्शन से खुश महसूस करे और हम सभी परिणाम प्राप्त करने में एक-दूसरे की मदद करने का प्रयास करते हैं। यदि हम में से एक को नामांकित किया जाता है, तो टीम के प्रत्येक सदस्य को प्रशंसा मिलती है और मुझे इसी बात से खुशी मिलती है।'' सविता ने एफआईएच महिला प्रो लीग 2021/22 के डेब्यू सीज़न में भारतीय टीम का नेतृत्व किया जहां टीम तीसरे स्थान पर रही। उन्होंने बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में भी टीम की कप्तानी की, जहां भारत ने न्यूजीलैंड को 1-1 (2-1 शूटआउट) से हराकर प्रतिष्ठित कांस्य पदक जीता।

सविता ने गोलकीपर और कप्तान की दोहरी जिम्मेदारियों पर कहा, ''गोलकीपर की स्थिति एक अलग जिम्मेदारी है। एक अनुभवी गोलकीपर के रूप में, मैं हमेशा इस मानसिकता के साथ प्रशिक्षण लेती हूं कि मुझे टीम की मदद करनी है। एक कप्तान के रूप में, आपकी जिम्मेदारी बढ़ जाती है क्योंकि आपको अपने खेल का ध्यान रखने के साथ-साथ अपनी टीम के प्रदर्शन को भी संभालना होता है।'' उन्होंने कहा, ''यह संभव है कि किसी दिन आपकी टीम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही हो, इसलिए आपको उन्हें कप्तान के रूप में प्रेरित करना होगा। लेकिन मुख्य कोच जेनेके शोपमैन के साथ काम करते हुए हम जिम्मेदारियों को आपस में बांटने में सक्षम हैं। मुझे लगता है कि इससे मुझे दबाव महसूस किए बिना, स्वतंत्र रूप से खेलने में मदद मिली है।''

भारतीय महिलायें दिसंबर में खेले जाने वाले एफआईएच हॉकी महिला नेशन्स कप की तैयारी के लिये 29 अगस्त को प्रशिक्षण शिविर में लौटीं। टीम अगले साल होने वाले आगामी एशियाई खेलों के लिए भी उत्सुक हैं।

सविता ने कहा, ''अगले साल हमारे लिये सबसे महत्वपूर्ण आयोजन एशियाई खेल हैं। हम दिसंबर में होने वाले एफआईएच नेशन्स कप में भी हिस्सा लेंगे लेकिन हमारा ध्यान एशियाई खेलों पर ही केंद्रित है।''

सविता के अलावा भारतीय पुरुष टीम के स्टार ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह (साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी), पीआर श्रीजेश (साल से सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर), संजय (साल का उभरता हुआ सितारा, पुरुष), मुमताज़ ख़ान (साल का उभरता हुआ सितारा, महिला), ग्राहम रीड (साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष टीम कोच, पुरुष) और जैनेक शॉपमैन (साल की सर्वश्रेष्ठ महिला टीम कोच, महिला) को भी एफआईएच हॉकी स्टार्स अवॉर्ड्स 2021-22 के लिये नामांकित किया गया है।

## बांग्लादेश ने भारत को 3-0 से हराया

काठमांडू, 13 सितंबर। बंगलादेश ने जहान शोपना के दो गोलों की बदौलत मंगलवार को सैफ महिला फुटबॉल चैंपियनशिप 2022 में भारत को 3-0 से मात दी। शोपना (12वां मिनट और 53वां मिनट) ने विजयी टीम के लिये दो गोल जमाये, जबकि श्रीमोती सरकार (22वां मिनट) ने एक गोल किया। भारतीय महिलाएं इस विस्मरणीय दिन पर एक भी गोल नहीं कर सकीं। भारत ने अपने पहले दो मैचों में पाकिस्तान (3-0) और मालदीव (9-0) को हराया था जिसके दम पर वह पहले ही दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (सैफ) महिला चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच चुकी है।

## ब्रिटेन की परिस्थितियों की कम जानकारी हार का कारण : एल्गर

लंदन, 13 सितंबर। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान डीन एल्गर और निवर्तमान मुख्य कोच मार्क बाउचर दोनों ने स्वीकार किया कि अनुभव की कमी के कारण उनकी टीम को इंग्लैंड से तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला 1-2 से गंवानी पड़ी।

इंग्लैंड ने तीसरे और अंतिम मैच में नौ विकेट से जीत दर्ज करके श्रृंखला अपने नाम की। दक्षिण अफ्रीका ने पहला टेस्ट पारी और 12 रन से जीता था लेकिन इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट में पारी और 85 रन से जीत दर्ज करके शानदार वापसी की थी। तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच में दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज नहीं चल पाए और उसकी टीम 118 और 169 रन ही बना पाई। एल्गर ने कहा,'' मुझे लगता है अनुभव की कमी और दुनिया के इस क्षेत्र में कम टेस्ट मैच खेलने के कारण हमें हार मिली।''

उन्होंने कहा,'' ब्रिटेन की परिस्थितियों में खेलने की कम जानकारी हार का कारण बनी, जहां गेंद स्विंग करती है। मैं जिन परिस्थितियों में खेला हूं उनमें यह सबसे मुश्किल थी जबकि मेरे पास काफी अनुभव है। ऐसे में एक या दो टेस्ट मैच खेलने वाले खिलाड़ी की स्थिति का पता लगाया जा सकता है। परिस्थितियां बेहद कड़ी थी।'' कोच बाउचर ने स्वीकार किया किया श्रृंखला बल्लेबाजों के लिए अच्छी नहीं रही। उन्होंने कहा,'' हमें पता था कि यदि परिस्थितियां अनुकूल नहीं रही तो हम दबाव में आ जाएंगे। मुझे लगता है कि दक्षिण अफ्रीका में इस तरह की परिस्थितियां नहीं होती है। वहां गेंद इतनी अधिक स्विंग नहीं करती।''

### जयपुर ओपन गोल्फ टूर्नामेंट 14 से

जयपुर, 13 सितंबर। प्रमुख पेशेवर युवराज सिंह संधू और पूर्व चैंपियन शमीम खान समेत कुल 126 खिलाड़ी 14 सितंबर से यहां शुरू होने वाले जयपुर ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में भाग लेंगे। भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर का यह टूर्नामेंट रामबाग गोल्फ क्लब में खेला जाएगा। इसकी इनामी राशि 40 लाख रुपए है और इसमें 123 पेशेवर और तीन एमेच्योर खिलाड़ी भाग लेंगे। इसमें प्रो एम प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी जो 18 सितंबर को होगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले भारत के प्रमुख खिलाड़ियों में अभिजीत सिंह चड्ढा, ओम प्रकाश चौहान, अक्षय शर्मा, अभिनव लोहान, अर्जुन भाटी और वरुण पारिख शामिल हैं। टूर्नामेंट में जो प्रमुख विदेशी खिलाड़ी भाग लेंगे उनमें श्रीलंका के मिथुन परेरा और एन थंगराजा और बांग्लादेश के जमाल हुसैन और बादल हुसैन शामिल हैं।

## राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों के लिए वजीफा स्कीम शुरू

चंडीगढ़, 13 सितम्बर। पंजाब सरकार ने प्रदेश को खेलों में देश का अग्रणी राज्य बनाने के इरादे से राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों के लिये 'ओलम्पियन बलबीर सिंह सीनियर वज़ीफ़ा स्कीम' की शुरुआत करने का फ़ैसला किया गया है।

पंजाब के खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने मंगलवार को यहां पत्रकारों से कहा कि भारतीय हॉकी के महान खिलाड़ी बलबीर सिंह सीनियर के नाम पर प्रसिद्ध खिलाड़ियों के लिए स्कीम शुरू करने वाला पंजाब देश का पहला राज्य है।

उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत हर साल राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले राज्य के सीनियर खिलाड़ियों को एक साल के लिए 8000 रुपए प्रति माह वज़ीफ़ा, और जूनियर खिलाड़ियों को एक साल के लिए 6000 रुपए प्रति माह वज़ीफ़ा दिया जाएगा। हेयर ने कहा कि खिलाड़ी को यह राशि एक साल के लिए प्रति माह मिलेगी और इस योजना के लिए खेल विभाग द्वारा सालाना 12.50 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है।

हेयर ने बताया कि खिलाड़ियों के लिए स्वास्थ्य बीमा भी शुरू किया जा रहा है। खिलाड़ियों को खेल सामान मुहैया करवाने के अलावा नये प्रशिक्षकों की भर्ती भी की जा रही है। डे स्कॉलर खिलाड़ियों की खुराक का बजट 100 रुपये से बढ़ाकर 125 रुपये और होस्टल वाले खिलाड़ियों की खुराक का बजट 200 से बढ़ाकर 225 रुपये कर दिया गया है। खेल माहिरों की राय के साथ नयी खेल नीति लाई जा रही है, जिसका मनोरथ खिलाड़ियों की प्रतिभा पहचान कर उनको मुकाबलों के लिए तैयार करना है।

खिलाड़ियों के लिए डाइट, कोचिंग, खेल सामान, नौकरियां और नकद पुरस्कार से सम्मानित करना नीति का अहम अंग होगा। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि 2024 में पैरिस ओलंपिक खेल और 2028 में लॉस एंजिलस ओलंपिक खेल के लिये पंजाब के खिलाड़ी अधिक से अधिक हिस्सा लेकर उपलब्धियां हासिल करें।

### बीच के ओवरों में धीमी बल्लेबाजी चिंता का विषय

नयी दिल्ली, 13 सितंबर। अगले महीने 16 अक्टूबर से शुरू होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप से पूर्व भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की एशिया कप को लेकर हुई समीक्षा बैठक में सात से लेकर 15 ओवर के बीच भारतीय बल्लेबाजों के प्रदर्शन पर चिंता जताई गई। भारत विश्व कप में अपना पहला मैच 23 अक्टूबर को अपने चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ मेलबर्न में खेलेगा। बीसीसीआई ने सोमवार को विश्व कप तथा 20 सितंबर से ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले छह टी20 मैचों के लिए टीम घोषित की।

टीम चयन के अलावा हालांकि बैठक में बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह तथा राष्ट्रीय चयन समिति ने एशिया कप के दौरान राष्ट्रीय टीम के खराब प्रदर्शन पर भी चर्चा की। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा,'' हां, एशिया कप के प्रदर्शन पर चर्चा की गई। निश्चित तौर पर समस्याओं की बजाए समाधान पर ध्यान दिया गया तथा इस पर चर्चा हुई कि टी20 विश्व कप के दौरान किन क्षेत्रों में सुधार की जरूरत है।''

### जोशुआ ने हैवीवेट मुकाबले के लिए फ्यूरी की शर्तें स्वीकार की

लंदन, 13 सितंबर। ब्रिटेन के मुक्केबाजों टायसन फ्यूरी और एंथनी जोशुआ के बीच इस साल के आखिर में हैवीवेट मुकाबला होने की संभावना बन गई है। जोशुआ की प्रबंधन टीम ने मंगलवार को ट्विटर पर बताया इस मुक्केबाज ने फ्यूरी की शर्तों को स्वीकार कर लिया है जो उन्होंने तीन दिसंबर को होने वाले इस मुकाबले के लिए रखी थी।

जोशुआ की प्रबंधन टीम ने कहा,'' हमें अब फ्यूरी की टीम से जवाब का इंतजार है।'' डब्ल्यूबीसी चैंपियन फ्यूरी ने पिछले सप्ताह सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा कि वह जोशुआ को मुकाबले से प्राप्त होने वाली धनराशि का 40 प्रतिशत देने के लिए तैयार हैं।

फ्यूरी ने कहा था,'' अब उसके पास मुकाबले से हटने का कोई बहाना नहीं है। अब वह यह नहीं कह सकता है कि मैंने उसे कम करके आंका और केवल 20 से 30 प्रतिशत की ही पेशकश की।

## स्वियातेक ने यूएस ओपन जीत के बाद रैंकिंग के अंतर में इजाफा किया

फ्लोरिडा, 13 सितंबर। वर्तमान विश्व नंबर एक एवं 2022 यूएस ओपन चैंपियन पोलैंड की इगा स्वियातेक ने सीजन के अपने सातवें एकल खिताब पर कब्जा करने के बाद डब्ल्यूटीए रैंकिंग में अपनी बढ़त के अंतर में इजाफा किया है।

स्वियातेक ने लगातार 24वें सप्ताह नंबर एक रैंकिंग बरकरार रखी है। यूएस ओपन 2022 के फाइनल में स्वियातेक से हारने वाली ट्यूनीशिया की ऑन्स जबूर इस सप्ताह की रैंकिंग में छलांग लगाकर नंबर दो आ गयी हैं, जबकि टूर्नामेंट शुरू होने से पहले वह पांचवें स्थान पर थीं।

स्वियातेक 10,365 अंक के साथ महिला एकल रैंकिंग के शीर्ष पर बरकरार हैं और वह जबूर से 5,275 अंकों की बढ़त बनाए हुए हैं, जो पिछले सात वर्षों में नंबर एक और दो के बीच सबसे बड़े अंकों का अंतर है। इससे पहले सेरेना विलियम्स ने 31 अगस्त, 2015 के सप्ताह में 6,591 अंकों की बढ़त हासिल की थी।

अमेरिका की युवा सनसनी कोको गफ यूएस ओपन में क्वार्टरफाइनल तक पहुंचने के बाद इस सप्ताह पहली बार शीर्ष 10 में पहुंचीं। वह टूर्नामेंट से पहले विश्व रैंकिंग में 12वें स्थान पर थीं जबकि अब वह आठवें स्थान पर हैं।

पिछले साल की यूएस ओपन चैंपियन ब्रिटेन की एमा रादुकानू 11वें नंबर से गिरकर 83वें नंबर पर आ गई हैं, जबकि 2021 यूएस ओपन की फाइनलिस्ट कनाडा की लेयला फर्नांडीज रैंकिंग में 26वें स्थान से गिरकर 40वें स्थान पर आ गई हैं।

चेक गणराज्य की कैटरीना सिनियाकोवा इस सप्ताह की महिला युगल रैंकिंग में अपनी साथी बारबरा क्रेजसिकोवा के साथ यूएस ओपन खिताब जीतने के बाद नंबर एक पर लौट आईं, जबकि क्रेजसिकोवा अब नंबर दो पर हैं। यह महिला युगल की शीर्ष रैंकिंग पर सिनियाकोवा का 63वां हफ्ता है।

## मार्क बाउचर ने द. अफ्रीकी कोच पद से इस्तीफा दिया

जोहान्सबर्ग, 13 सितम्बर। नई दिल्ली अगले महीने से ऑस्ट्रेलिया में टी 20 वर्ल्ड कप का आगाज होने वाला है, लेकिन इससे पहले साउथ आफ्रीका की टीम को तगड़ा झटका लगा है। दरअसल टीम के कोच मार्क बाउचर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।बाउचर के इस्तीफे की जानकारी देते हुए साउथ अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि प्रोटियाज (साउथ अफ्रीका टीम) हेड कोच मार्क बाउचर ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के बाद हेड कोच का पद छोड़ देंगे। बता दें कि यह खबर ग्रैक उस वक्त आई है, जब साउथ अफ्रीका ने इंग्लैंड दौरे पर तीन टेस्ट मैचों की सीरीज को 2-1 से गंवा दिया है। अब अफ्रीका टीम को वर्ल्ड कप की तैयारी में जुटना है। अफ्रीका ने अब तक एक भी वर्ल्ड कप खिताब नहीं जीता है।ज्ञात हो कि मार्क बाउचर ने दिसंबर 2019 में साउथ अफ्रीका क्रिकेट टीम के हेड कोच का पद संभाला था। उनकी कोचिंग में टीम ने अब तक 10 टेस्ट मैचों में जीत दर्ज की है। वहीं, सीमित ओवर्स फॉर्मेट में भी टीम ने 23 टी20 और 12 वनडे मैच जीते हैं।



*हाल ही में ब्रिटिश सरकार ने देश के पश्चिमी भाग में बगीचों में पाइप से सिंचाई करने पर पाबंदी लगाई है, लेकिन पीटर हार्डन बिना किसी चिंता के पाइप से सिंचाई कर रहे हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि उनके पास ढेर सारा पानी जमा है। वर्ष 1976 में पड़े अकाल के बाद से पीटर अपने घर में बारिश का पानी इकट्ठा कर रहे हैं। उन्होंने अपने घर में बड़े-बड़े टैंक बनवाए जिनमें बारिश का पानी एकत्रित होता है। इस समय उनके पास 6000 लीटर पानी जमा है। इसलिए आस-पास की तुलना में उनका आहाता सबसे ज्यादा हरा-भरा है। बयासी वर्ष के रिटायर्ड टीचर, पीटर को बागबानी का बहुत शौक है। यह देखते हुए कि यू.के. में सूखे की समस्या बढ़ती जा रही है, पीटर बहुत चिंतित थे। एक बार जब पीटर अपनी पत्नी के साथ यूरोप घूमने गए तो वहां उन्हें रेनवॉटर हार्वेस्टिंग की प्रेरणा मिली। पीटर कहते हैं कि ''प्राचीन यूनान व रोमन शहरों में हमने भूमिगत सिस्टर्न्स (कुण्ड) देखे, जिनसे हमें काफी प्रेरणा मिली। रोमन लोग सिस्टर्न्स में बारिश का पानी एकत्रित करते थे, जो कि घोर गर्मी के दिनों में काम आता था। इससे प्रेरणा लेकर मैंने रेनवॉटर एकत्रित करने के लिए बड़ा-बड़ी टंकियाँ लगानी शुरु कर दीं।'' पन्द्रह साल पहले तक उनके पास 375 लीटर क्षमता की नौ टंकियां थीं, जिनमें उनके बंगले के पाइपों से सीधे पानी एकत्रित होता था। पीटर असल में यू.के. के सबसे शुष्क क्षेत्र में रहते हैं, यहां जमीन में चूना -पत्थर है जो पानी सोखता तो है पर जब सूखा पड़ता है तो जमीन में दरारें पड़ जाती हैं। इस बार भी यह क्षेत्र भयंकर सूखे का सामना कर रहा है इसलिए यहां सिंचाई के लिए पाइप का इस्तेमाल प्रतिबंधित है।*

# 'दो ही नारे लगेंगे, अगर इनके अलावा कोई नारा लगा तो पुलिस उठाकर ले जायेगी'

## मु.मंत्री के सलाहकार नागर के क्षेत्र में पायलट समर्थकों की भरमार, इसी डर से मंच से धमकाया क्षेत्र के लोगों को

- **दो नारे जो नागर लगवाना चाहते थे, वो हैं, राजीव गांधी अमर रहें तथा अशोक गहलोत जिंदाबाद।**

जयपुर, 13 सितम्बर (का.प्र.)। राजस्थान में मंत्री और विधायकों के प्रति आम जनता में भारी विरोध नजर आने लगा है। इस विरोध के चलते मंत्री-विधायकों का डर भी दिखने लगा है। इस डर का नजारा तब दिखा जब मुख्यमंत्री के मंच से मुख्यमंत्री के सलाहकार ने आम जनता को नारे लगाने के नाम पर डराया और कहा कि यदि उनके कहे अनुसार नारेबाजी नहीं हुई तो पुलिस उठा ले जाएगी और सरकारी मुकदमे कर दिए जाएंगे।

दरअसल यह वाकया है दूदू विधानसभा क्षेत्र का, जहां मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का कार्यक्रम था। मुख्यमंत्री जिस मंच से भाषण देने वाले थे, उसी मंच से स्थानीय निर्दलीय विधायक और मुख्यमंत्री के सलाहकार बाबूलाल नागर ने लोगों को धमकाते हुए कहा कि सिर्फ दो ही नारे लगाए जाएं और उसके अलावा कोई और नारा लगाया गया तो पुलिस उठा ले जाएगी। मुकदमे लग जाएंगे।

दरअसल बाबूलाल नागर का डर था कि जिस तरह से सिकराय में ममता भूपेश और जोगिंदर अवाना का विरोध हुआ और पुष्कर में मंत्री शकुंतला रावत और अशोक चांदना का विरोध हुआ, वैसा ही विरोध प्रदर्शन कहीं मुख्यमंत्री की सभा में भी ना हो जाए। इसलिए बाबूलाल नागर ने अपने ही क्षेत्र की जनता को धमकी भरी भाषा में समझाने का प्रयास किया।

बाबूलाल नागर ने सभा में लोगों को साफ कहा कि सभा में राजीव गांधी अमर रहें और अशोक गहलोत जिंदाबाद के ही नारे लगाने हैं।

नागर ने धमकाते हुए कहा कि अगर किसी ने तीसरा नारा लगा दिया तो पुलिस वाले उठा ले जाएंगे, बंद कर देंगे और सरकारी केस बन जाएगा। विधायक नागर के मन का डर उनकी धमकी में साफ नजर आ रहा है। उन्होंने लोगों से कहा कि आपको केवल ताली बजानी है। नारे केवल दो ही लगेंगे। नागर ने कहा कि हर कोई इस बात का ध्यान रखे कि आपके पड़ोस में बैठा कोई भी व्यक्ति किसी और के नारे नहीं लगाए। अगर ऐसा हो तो बता दें, नहीं तो पड़ोसी न्यूसेंस करता है और दूसरा आदमी उसकी लपेटे में आ जाता है। नागर ने कहा कि 24 साल से मेरे किसी कार्यक्रम में कभी अनुशासनहीनता नहीं हुई, ना ही मैं बर्दाश्त करता हूं।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के आज राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक कार्यक्रम में आने से पहले नागर इस बात की तैयारी करते दिखाई दिए कि किसी तरीके की नारेबाजी ना हो।

नागर का डर इसलिए भी है, क्योंकि दूदू विधानसभा में सचिन पायलट के समर्थक बड़ी तादाद में हैं। खुद बाबूलाल नागर भी हर कार्यक्रम में सचिन पायलट की तस्वीर लगाते हैं। शायद इसीलिए बाबूलाल नागर को डर था कि कहीं आज मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सामने नारेबाजी की कोई घटना ना हो जाए।

## गहलोत ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

इसके साथ ही, ए.आई.सी.सी. में एक नई अफवाह और पैदा हो गई है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटियाँ शीघ्र ही यह प्रस्ताव पारित करेंगी कि सोनिया गांधी को कांग्रेस अध्यक्ष बना रहना चाहिए।

# चांदना ने दोहराया, सचिन पायलट के इशारे पर हुआ पुष्कर जूता काण्ड

## चांदना ने कहा, यह पूर्व नियोजित नहीं होता, तो ऐसे मंच पर किसी की हिम्मत नहीं, कि कोई आम आदमी जूता फेंक दे

- **मंत्री सुखराम बिश्नोई बोले, भाजपा वाले जहां भी जाते हैं अशांति फैलाते हैं।**
- **अस्पतालों के रवैए के विरोध में धरने पर बैठी कांग्रेस विधायक दिव्या मदेरणा के धरने का मंत्री सुखराम बिश्नोई ने समर्थन किया।**

जयपुर, 13 सितम्बर (का.प्र.)। पुष्कर में दिवंगत कर्नल बैंसला के अस्थि विसर्जन कार्यक्रम में मंत्री अशोक चांदना और शकुंतला रावत पर जूते-चप्पल फेंके जाने की घटना को मंत्री सुखराम बिश्नोई ने भाजपा की साजिश करार दिया है। मंत्री सुखराम बिश्नोई ने कहा कि, इस घटना में बीजेपी के लोगों का हाथ है, बीजेपी के लोग जहां भी जाते हैं, वहां पर अशांति फैलाते हैं। दूसरी ओर बूंदी पहुंचे अशोक चांदना ने एक बार फिर दोहराया है कि जो लोग सचिन पायलट के नारे लगा रहे थे उन्हीं लोगों ने जूते फेंकने की घटना को अंजाम दिया है, यानी कि यह सब कुछ पहले से पूर्व नियोजित था।

मंत्री सुखराम बिश्नोई ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि, कांग्रेस में कोई गुटबाजी या खेमेबाजी नहीं है। कल जो पुष्कर में दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई है उसमें बीजेपी के नेता शामिल हैं। सुखराम बिश्नोई ने कहा कि, जोधपुर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम में भी सतीश पूनिया के साथ कई नेता थे, लेकिन बाद में उनको अकेले ही पद यात्रा निकालनी पड़ी यह बीजेपी में अन्तर कलह का ही परिणाम है।

उधर पुष्कर की घटना को लेकर मंत्री अशोक चांदना ने एक बार फिर कहा कि, हम सरकार में हैं और कई जगह ऐसे विरोध का सामना करना पड़ता है, लेकिन जिस तरह से पूर्व नियोजित तरीके से जूते फेंकने की घटना को अंजाम दिया गया वह दुर्भाग्यपूर्ण है। चांदना द्वारा सचिन पायलट का नाम लिए जाने को लेकर पूछे गए सवाल पर चांदना ने कहा कि मैं फिर कह रहा हूं कि जो लोग सचिन पायलट के नारे लगा रहे थे, उन्हीं लोगों की ओर से इस तरह की घटना को अंजाम दिया गया है। जब मंच पर समाज के वरिष्ठ लोग बैठे हैं, सरकार के मंत्री विधायक बैठे हैं, तब इस तरह की घटना होना दर्शाता है कि, यह सब कुछ पूर्व नियोजित था। उन्होंने कहा कि, अगर यह पूर्व नियोजित नहीं होता, तो ऐसे मंच पर किसी की हिम्मत नहीं कि कोई आम आदमी जूता फेंक दे। जिन्होंने यह किया या करवाया है उन लोगों से पूछा जाना चाहिए

दूसरी तरफ जोधपुर में चिरंजीवी योजना को लेकर निजी अस्पतालों के रवैए के विरोध में धरने पर बैठी कांग्रेस विधायक दिव्या मदेरणा के धरने का मंत्री सुखराम बिश्नोई ने समर्थन किया है। सुखराम बिश्नोई ने कहा कि, दिव्या मदेरणा की मांगें वाजिब हैं। बिश्नोई ने कहा कि, निजी अस्पतालों को सरकार ने चिरंजीवी योजना से जोड़ा है और इलाज के पैसे भी सरकार दे रही है तो लोगों को सुविधा देने से निजी अस्पतालों को इंकार नहीं करना चाहिए।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के सवाल को लेकर मंत्री सुखराम विश्नोई ने कहा कि, राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन बनेगा इसका फैसला पार्टी आलाकमान करेंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी हाल ही में कह चुके हैं कि, जो आलाकमान का फैसला होगा मंजूर होगा, इसलिए इसका फैसला जल्द हो जाएगा। दूसरी ओर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की टी शर्ट को लेकर बीजेपी की ओर से सवाल खड़े करने पर उन्होंने कहा कि, बीजेपी के लोग बात का बतंगड़ बनाते हैं। राहुल गांधी की टी-शर्ट 40 हज़ार की नहीं बल्कि 5000 की है। मुख्यमंत्री ने सही कहा है कि, अमित शाह 80000 का मफलर पहनते हैं।

इससे पहले मंत्री सुखराम बिश्नोई ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में जनसुनवाई की और लोगों की समस्याओं का निस्तारण किया।

# कोर्ट में मां-बाप पलटे, डीएनए रिपोर्ट से मिली सजा

## भिवाड़ी में नाबालिग से रेप के आरोपी को अदालत ने 20 साल की सजा व दस हजार रू. के जुर्माने की सजा सुनाई

- **हालांकि हैरानी का बात यह रही कि, पीड़िता व माता-पिता रेप होने की बात से अदालत में मुकर गए थे।**
- **लेकिन कोर्ट ने इसके बावजूद भी मैडिकल व डीएनए रिपोर्ट के आधार पर आरोपी को सजा सुनाई।**

अलवर, (निसं)। अलवर के भिवाड़ी क्षेत्र में नाबालिग से रेप के मामले में कोर्ट ने आरोपी को 20 साल की सजा व 10 हजार रुपए का आर्थिक दंड दिया है। चौंकाने वाली बात यह रही कि, पीड़िता व उसके माता-पिता ट्रायल के दौरान खुद के बयानों से ही पलट गए। लेकिन कोर्ट ने मेडिकल रिपोर्ट व डीएनए के सबूतों के आधार पर आरोपी को 20 साल की सजा सुनाई है। विशिष्ट लोक अभियोजक ने मां-बाप व नाबालिग के बयान बदलने को बड़ा विचित्र माना।

अलवर पॉक्सो अदालत नंबर 3 ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में किराएदार को मंगलवार को 20 साल की कठोर कारावास और दस हजार के जुर्माना से दंडित किया। पॉक्सो अदालत नंबर तीन के विशिष्ट लोक अभियोजक राजकुमार गंगावत ने बताया कि, 20 जून 2019 को भिवाड़ी थाने में परिवादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि, उसकी बहन रात 1:30 बजे बाथरुम के लिए बाहर गई थी। लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटी। इसके बाद बाहर आकर देखा तो किरायदार श्याम पुत्र रामनाथ कुम्हार, निवासी उत्तर प्रदेश, रेप करते हुए पाया गया। परिवार के लोगों को पता चलते ही आरोपी मौके से फरार हो गया। इसके बाद नाबालिग के मां-पिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। विशिष्ट न्यायाधीश सोहन लाल शर्मा ने इस मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपी श्याम को 20 साल की कठोर कारावास व दस हजार के अर्थदंड से दंडित किया है।

## जमानत मिली, ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

कप्पन अक्टूबर, 2020 में गिरफ्तार किये जाने के बाद, जेल में डाल दिये गये थे। गिरफ्तार किये जाते समय, वे उत्तर प्रदेश के हाथरस जा रहे थे, जहाँ एक दलित महिला की गैंग-रेप की वजह से मृत्यु हो गई थी।

डी.जी. जेल पी.आर.ओ. सन्तोष वर्मा ने लखनऊ में एक समाचार एजेंसी को बताया, ''कप्पन जेल में ही बने रहेंगे, क्योंकि एक केस, जिसकी जाँच प्रवर्तन निदेशालय कर रहा है, अभी विचाराधीन है।'' कप्पन की रिहाई के आदेश देते हुये, ऐडिशनल सैशन जज (ए.एस.जे.) अनुरोध मिश्रा ने कप्पन को निर्देश दिये थे कि वे एक-एक लाख रू. की जमानत वाले दो स्थानीय जमानतदारों, तथा इतनी ही राशि के पर्सनल बॉन्ड की व्यवस्था करें।

कप्पन लखनऊ के रहने वाले नहीं हैं, और न वे इस केस में जमानत के लिये स्थानीय जमानतदारों की व्यवस्था ही कर पा रहे हैं, जिसके लिये लखनऊ के जज ने उन्हें उस केस में आदेश दिये थे, जो केस नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एन.आई.ए.) ने उनके खिलाफ दर्ज कराया था। उनके लखनऊ के वकील ने कहा कि ई.डी. केस से निबटने से पहले, वे इस केस में जमानतदारों की व्यवस्था करने के लिये हाथ-पैर मार रहे हैं।

जज ने पत्रकार कप्पन से ऐसा लिखित आश्वासन भी चाहा है कि वे सर्वोच्च न्यायालय द्वारा उन पर लगाई शर्तों का उल्लंघन नहीं करेंगे। कप्पन, तीन अन्य लोगों- अतीकुर रहमान, आलम तथा मसूद के साथ मथुरा में गिरफ्तार किये गये थे।

उन पर आरोप लगाया था कि पॉपुलर फ्रन्ट ऑफ इंडिया के साथ कथित तौर पर उनके सम्बन्ध हैं तथा वे हिंसा भड़काने की साजिश का हिस्सा हैं। वे इन्डियन पेनल कोड (आई.पी.सी.) अनलॉफुल ऐक्टिविटीज (प्रीवेंशन) एक्ट तथा इन्फॉर्मेशन टेक्नॉलॉजी (आई.टी.) एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार किये गये थे।

## 'जनता के पैसे से एक...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

इस मुद्दे पर भाजपा को निशाना बना रहे हैं।

किन्तु यह बात अभी भविष्य के गर्भ में है कि एक चुनावी मुद्दे के रूप में कर्नाटक में इसका क्या असर होता है लेकिन यह मुद्दा राजनैतिक लाभ का कारण तो बन ही सकता है।

कुमारास्वामी ने किसी राजनैतिक दल का उल्लेख स्पष्ट रूप से नहीं किया है लेकिन यह साफ है कि इस सब का लक्ष्य कौन है।

और कुमारास्वामी के पत्र का इच्छित असर हो गया है। पत्र के चन्द मिनट बाद ही, कर्नाटक के शिक्षामंत्री बी.सी.नागेश ने कहा, ''दुर्भाग्य की बात है कि एक ऐसा व्यक्ति, जो स्वयं मुख्यमंत्री, तथा जिसके पिता प्रधानमंत्री रह चुके हैं, इस तरह की बात कह रहा है। हिन्दी दिवस 1949 से ही मनता चला आ रहा है और अगर अब, इतने लम्बे समय बाद, इसका विरोध कर रहे हैं तो इसका विशुद्ध उद्देश्य राजनैतिक लाभ लेना है। अगर वे सैद्धान्तिक रूप से हिन्दी दिवस के आयोजन के खिलाफ हैं, तो उन्हें इसे उसी समय रोक देना चाहिये था, जब देवगोड़ा प्रधानमंत्री थे।''

कर्नाटक के मन्त्री ने इस तथ्य को भी दोहराया कि हिन्दी दिवस आयोजन की शुरूआत प्रधानमंत्री मोदी ने नहीं की। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में, हिन्दी किसी पर भी नहीं थोपी जानी चाहिये। लेकिन उन्होंने यह बात कहा कि हिन्दी दिवस को राजनैतिक मुद्दा नहीं बनाया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि हिन्दी दिवस हमेशा की तरह ही मनाया जायेगा।

लेकिन रोचक बात यह है कि कुमारास्वामी के रूख का कांग्रेस ने अप्रत्यक्ष समर्थन किया, जो कि एक राष्ट्रीय दल होने के नाते, भाषाई मुद्दो पर बहुत सावधानी पूर्वक अपना रूख व्यक्त करती है। कांग्रेस नेता प्रियांक खर्गे ने कहा कि एक भाषा के रूप में, हिन्दी के खिलाफ कोई भी नहीं है,

लेकिन उस समय लोगों की भावनाएं उग्र हो जाती हैं, जब उन्हें किसी भाषा के उपयोग के लिये बाध्य किया जाता है तथा वे इसकी जरूरत महसूस नहीं करते। यह तय है कि जनता दल (एस) इस मुद्दे को बार-बार, तथा खासतौर से, जल्दी ही शुरू होने वाले विधानसभा के मानसून सत्र में उठायेगा।

ऐसा प्रतीत होता है कि दक्षिण के क्षेत्रीय दलों ने भाषा के मुद्दे को एक ऐसे मुद्दे के रूप में चिन्हित कर लिया है, जो साफतौर से भाजपा से जुड़ा हुआ है। ये दल चुनाव से पहले जब-तब इसका उपयोग करते रहना चाहेंगे ताकि इस विषय पर लोगों की भावनाएं उभारी जा सकें।

जनता दल के प्रवक्ता तनवीर अहमद ने कहा कि कुमारास्वामी 6.4 करोड़ कर्नाटकवासियों की भावनाओं को प्रदर्शित कर रहे थे, जिन्हें अपनी भाषा एवं संस्कृति पर गर्व हैं। केन्द्र सरकार द्वारा हम पर हिन्दी को थोपा जाना पूरी तरह अनावश्यक है। उन्होंने कहा, ''हम हर भाषा का सम्मान करते हैं लेकिन किसी भाषा को थोपे जाना का हमारी संघीय व्यवस्था पर बना विनाशकारी प्रभाव होगा।

## 'नारे से...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

किसी ने इन दो के अलावा तीसरा नारा लगाया तो पुलिस उठा ले जाएगी। बंद कर देगी और केस लग जाएगा। बाद में मुझे मत कहना।'' इस पर शेखावत ने कहा कि ''ये कौन सा कानून है, जिसमें राजीव गांधी और अशोक गहलोत के अलावा किसी और के नाम के नारे लगाने पर पुलिस पकड़कर केस बना देगी?'' केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि अपने ही कार्यकर्ताओं को पुलिस का डर दिखा कर क्या हासिल हो जाएगा? यहां नहीं तो कहीं और नारे लगेंगे। खेल मंत्री अशोक चांदना के जूता फिंकवाने वाले ट्वीट पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ''मैंने तो पहले ही कहा था कि राजस्थान कांग्रेस में सब कुछ ठीक नहीं है। आज जूते चले हैं, कल कपड़े फटेंगे।''

## चुनाव लड़ना ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

भी लगा दिया।

जब सिंह को, बिना किसी प्रस्ताव के, राज्यसभा के लिये पर्चा नहीं भरने दिया था, तो वे पहले तो दिल्ली उच्च न्यायालय गये थे तथा उन्होंने राज्य सभा चुनावा के लिये चुनाव आयोग की अधिसूचना को चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय ने उन की इस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें कहा गया था कि भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता के उनके मौलिक अधिकार तथा निजी स्वतन्त्रता के उनके अधिकार का अतिक्रमण हुआ हैं।

## केजरीवाल...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

खाना खाया था। वर्ष 2016 में उन्हें कतर की राजधानी दोहा में एक मैडिकल कैम्प में भारतीय कामगारों के साथ खाना खाया।

उसी वर्ष मोदी रियाद में काम कर रहे एल.टी. कर्मचारियों के आवासीय कॉम्पलैक्स में गए और उनके साथ चाय पी। यू.पी. के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी अमरोहा के मेहंदीपुर गांव दलितों के साथ खाना खाया था। ऐसे प्रकरणों की लिस्ट बहुत लम्बी है।

# बंगाल में भाजपा और तृणमूल के बीच हिंसक टकराव, कई भाजपाई गिरफ्तार

- **शुभेन्दु अधिकारी के नेतृत्व में भाजपा के मार्च के दौरान तृणमूल और भाजपा के कार्यकर्ता व नेताओं की बीच कई जगह झड़पें हुईं।**

कोलकता, 13 सितम्बर। पश्चिम बंगाल में ममता सरकार के खिलाफ बीजेपी के मार्च के दौरान जमकर हंगामा मचा हुआ है। कई जगह पुलिस और बीजेपी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई। पुलिस ने मार्च निकाल रहे नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी, सांसद लोकेट चटर्जी और पार्टी नेता राहुल सिन्हा को हिरासत में लिया है। इसके अलावा कई बीजेपी कार्यकर्ताओं को भी हिरासत में लिया गया है। सांतरागाछी के बाद हावड़ा में भी पुलिस और बीजेपी समर्थकों के बीच झड़प हुई। हावड़ा में बीजेपी समर्थकों ने पुलिस बैरिकेड्स तोड़ने की कोशिश की। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर पानी से बौछार कर उन्हें तितर-बितर किया। प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले भी दागे गए। नबन्ना चलो अभियान के तहत बंगाल में जगह-जगह प्रदर्शन हो रहा है।

बीजेपी का नबन्ना चलो अभियान (सचिवालय तक मार्च) धीरे-धीरे हिंसक रूप लेते जा रहा है। कोलकाता में बीजेपी समर्थकों ने पुलिस की गाड़ी में आग लगा दी। आरोप है कि बीजेपी समर्थकों ने पहले पुलिस की गाड़ी में तोड़फोड़ की और उसके बाद उसमें आग लगा दी। हालांकि, बाद में दमकल की मदद से आग बुझाई गई। इस बीच, पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच झड़प में कई लोग घायल हो गए हैं। मार्च के दौरान बीजेपी समर्थकों ने पुलिस पर ईंट और पत्थरबाजी भी की। वहीं, पुलिस की ओर से लाठीचार्ज भी किया गया है। हावड़ा में कई जगहों पर बमबारी की घटना सामने आ रही है। संतरागाछी में तनाव का माहौल बना हुआ है।

इससे पहले पुलिस ने बीजेपी के चार कार्यकर्ताओं को पश्चिम बर्दवान जिले के पानागढ़ रेलवे स्टेशन से उस वक्त गिरफ्तार कर लिया, जब वे बंगाल बीजेपी के नबन्ना सचिवालय तक मार्च की ओर जा रहे थे। रानीगंज रेलवे स्टेशन के बाहर भी बीजेपी कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प होने की खबर है। पुलिस ने बीजेपी के कई नेताओं के साथ पार्टी के कई कार्यकर्ताओं को भी हिरासत में ले लिया है।

# श्रीलंका को आँख दिखाई भारत ने

नई दिल्ली, 13 सितम्बर। कर्ज में गले तक डूबे श्रीलंका के बुरे वक्त में भारत ने पड़ोसी देश का फर्ज निभा रहा है लेकिन, तमिल भाषायी लोगों के प्रति श्रीलंकाई सरकार के रुख पर अब भारत ने सख्ती दिखाई है। संयुक्त राष्ट मानवाधिकार के सत्र में भारत ने तमिल अल्पसंख्यकों के मानवाधिकारों के मुद्दे पर श्रीलंका को खरी-खरी सुना डाली। यहां यह जानना जरूरी है कि वैश्विक मंच पर भारत ने इस मुद्दे पर श्रीलंका के प्रति पहली बार ऐसा रुख अपनाया है। भारत सरकार की यह प्रतिक्रिया इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि हाल ही में आपत्ति जताने के बावजूद श्रीलंका की धरती में चीन का खुफिया जहाज हम्बनटोटा बंदरगाह में उतरा था। यह ऐसे वक्त में हुआ है जब गृहयुद्ध की चपेट में श्रीलंका के खाने के लाले पड़े।

# मुकुल रोहतगी दूसरी बार ऐडवोकेट जनरल...

- **उनके प्रमुख प्राइवेट क्लाइन्ट्स में अनिल अम्बानी, जयललिता, रॉबर्ट वाड्रा व शाहरुख खान के पुत्र आर्यन खान, मुम्बई पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह शामिल हैं।**

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

2017 को ए.जी. बने। सुप्रीम कोर्ट द्वारा वर्ष 2015 में नैशनल जूडिशियल अपॉइन्टमैन्ट्स कमीशन (एन.जे.ए.सी.) का खारिज होना रोहतगी के लिए एक ऐसा दण्ड बन गया जिसकी सजा भुगतना जरूरी था। बताया जाता है कि तब उन्हें अटॉर्नी जनरल का पद छोड़ने के लिए कह दिया गया था क्योंकि मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद यह एक ऐसा पहला प्रमुख केस था जिसे एन.डी.ए. सरकार हारी थीं।

संवैधानिक विधि के विशेषज्ञ वेणुगोपाल को उनके तीन वर्ष कार्यकाल के अलावा एक-एक वर्ष का दो बार एक्सटैंशन दिया गया। इस वर्ष के जून माह में उनके कार्यकाल को तीन महीनों के लिए और बढ़ाया गया ताकि सरकार इस पद के लिए कोई नया चेहरा ढूंढ सके। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ को गत सप्ताह बताया था कि उनका कार्यकाल 30 सितम्बर को समाप्त हो रहा है।

विधिक हलकों में अटकलें थीं कि अटॉर्नी जनरल का पद सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को मिल सकता है क्योंकि वह गुजरात के निवासी हैं और प्रधानंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह दोनों के साथ उनके समीकरण अच्छे हैं। इसके अलावा अधिकांश केसों में, चाहे वे सुप्रीम कोर्ट के हों या हाई कोर्ट के, मेहता ने निरपवाद रूप से केन्द्र सरकार का प्रतिनिधित्व किया। अतः सभी का मानना था कि उनकी पदोन्नति तय है।

मुम्बई से एल.एल.बी. रोहतगी ने मुम्बई के गवर्नमैंट लॉ कॉलेज से एल.एल.बी. की, फिर वे दिल्ली आ गए यहां वे योगेश कुमार सबरवाल के चैम्बर्स में पेशेवर वकील बने। सबरवाल फिर आगे जाकर भारत के 36वें चीफ जस्टिस बने थे।

रोहतगी को राजनीतिक, संवैधानिक और कॉरपोरेट अभियोजन को लेकर विधिक बिरादरी में सम्मान आदर प्राप्त है।

वर्ष 1999 में वाजपेयी सरकार के दौरान उन्हें पांच वर्ष के लिए देश का एडीशनल सॉलिसिटर जनरल नियुक्त किया गया था। इस नियुक्ति की वजह से वे मुम्बई से शिफ्ट होकर सुप्रीम कोर्ट आए। उन्हें दिल्ली हाई कोर्ट में वर्ष 1993 में वरिष्ठ अधिवक्ता नामित किया गया था।

रोहतगी वकीलों व कानून विदों के परिवार से आते हैं। उनके स्वर्गीय पिता जस्टिस अवध बिहारी रोहतगी सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट एवं दिल्ली हाई कोर्ट के पूर्व जज थे। उनकी पत्नी वसुधा रोहतगी भी एक दक्ष वकील हैं, लेकिन घर की देखभाल के कारण उन्होंने यह पेशा छोड़ दिया है। वह सीनियर एडवोकेट स्व. जी. एल. सांघी की पुत्री हैं। रोहतगी के दो पुत्र हैं- निखिल और समीर, जो दोनों ही वकील हैं और विवाहित हैं।

प्रमुख केसः रोहतगी ने वर्ष 2002 के गुजरात दंगों और फर्जी मुठभेड़ केसों में सुप्रीम कोर्ट में सरकार का प्रतिनिधित्व किया था। भारत 14वें अटॉर्नी जनरल के अपने तीन वर्ष के कार्यकाल में उन्होंने तीन तलाक, आधार को चुनौती और आपराधिक अवमानना जैसे महत्वपूर्ण केसों में केन्द्र सरकार को सफलतापूर्वक बचाया था। उन्होंने नोटबंदी नीति में भी सरकार का बचाव किया था। उनके हाई प्रोफाइल क्लाइन्ट्स में अनिल अंबानी, जिसमें अंबानी भाईयों के बीच गैस विवाद था, तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता, जिनके विरूद्ध भ्रष्टाचार का केस था और अडानी और रॉबर्ट वाड्रा जैसे बड़े कारपोरेट्स हैं। 2जी घोटाले में वे वाड्रा के वकील थे।

वर्ष 2018 में महाराष्ट्र सरकार ने जज बी.एच. लोया की मौत के केस में रोहतगी को विशेष अभियोजक नियुक्त किया था और उन्हें भारी-भरकम 1.20 करोड़ की फीस दी थी। बताया जाता है कि सुप्रीम कोर्ट की प्रति सुनवाई की वे 20 से 35 लाख रूपए फीस लेते हैं। उनका एक अन्य हाई प्रोफाइल केस बॉलीवुड सुपर स्टार शाहरुख खान के पुत्र आर्यन को ड्रग्स केस में जमानत दिलवाना है। रोहतगी ने यह केस 28 अक्टूबर 2021 को जीता था। वे खान की लीगल टीम का हिस्सा थे। इस टीम के अन्य सीनियर एडवोकेट्स में सतीश मानशिंदे भी शामिल थे।

उन्होंने मुम्बई के पूर्व पुलिस कमिश्नर परम बीर सिंह का केस भी लड़ा था। सिंह ने स्वयं की छवि धूमिल करने के मामले में महाराष्ट्र के तत्कालीन गृह मंत्री अनिल देशमुख के खिलाफ याचिका दायर की थी। उन्होंने कथित जालसाजी के एक केस में कर्नाटक के पूर्व राज्यपाल बी.एस. येदियुरप्पा की भी वकालत की थी।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908